राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 358
लखनऊ, शुक्रवार 22 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पर्यटन की ग्रोथ के लिए सुरक्षा व बेहतर कनेक्टिविटी जरूरी : जयवीर 03

सपा व महिला सभा ने मतदाता सूची से नाम काटे जाने का किया विरोध 12

-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 98,330/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 90,150/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 73760/10 ग्राम |
| चांदी | | = 1,10,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी कॉल सेंटर के 26 सदस्य गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी पुलिस ने सिगरा चौराहे के पास एक इमारत में संचालित फर्जी कॉल सेंटर को सील करते हुए निवेश और शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 26 सदस्यों को गिरफ्तार कर गुरुवार को खुलासा किया। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी. ने बताया कि साइबर सेल, लक्सा थाना और सिगरा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है। इस दौरान नौ लैपटॉप, 54 मोबाइल फोन और अन्य सामग्री भी बरामद की गई हैं। इन अपराधियों द्वारा लोगों को फोन कॉल के जरिए निवेश और शेयर बाजार में ट्रेडिंग का लालच दिया जाता था। निवेश कराने के बाद शेयर बाजार में नुकसान दिखाकर लोगों के पैसे ठग लिए जाते थे।

### सतीश होंगे दिल्ली के नए पुलिस आयुक्त



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जेल महानिदेशक सतीश गोलचा को दिल्ली का अगला पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय से जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में डीजी (जेल) के रुप में कार्यरत 1992 बैच के अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिज़ोरम और केंद्र शासित प्रदेश कैडर के अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली पुलिस का आयुक्त नियुक्त किया जाता है। उनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से आरंभ होगा। वे वर्तमान में अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे एसबीके सिंह का स्थान लेंगे।

### धर्म परिवर्तन के आरोप में इमाम गिरफ्तार

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद पुलिस ने गुरूवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जीनत मस्जिद के इमाम को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार इमाम की सोशल मीडिया पर आई एक पोस्ट ने उसके धर्म परिवर्तन कराने, अश्लीलता फैलाने, इस्लामिक पुस्तकें और तमंचे आदि का खुलासा किया था। वायरल वीडियो का एसपी रामपुर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों को इमाम की गिरफ्तारी में लगाया था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते हुए कई अवैध असलहों के साथ अश्लील वस्तुएं बरामद की हैं।

### श्रद्धालुओं को दर्शन को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, 40 घायल

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस गुरुवार सुबह सांबा जिले के जटवाल इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश से कटरा जा रही बस में दुर्घटना के समय लगभग 70 लोग सवार थे। यह दुर्घटना सांबा जिले के जटवाल गाँव में हुई।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल संसद से पास

▸ ऑनलाइन गेमिंग के कारण कई परिवार बर्बाद हुए : वैष्णव

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राज्यसभा ने शुक्रवार को बिना चर्चा के ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 को लोकसभा ने गुरुवार को ही पारित कर दिया था। इसके साथ ही अब इसे संसद की मंजूरी मिल गई। विधेयक जहां एक तरफ ई-स्पोर्ट्स, सोशल गेम्स को बढ़ावा देता है वहीं सट्टेबाजी और जुए जैसे 'मनी गेम' को प्रतिबंधित करता है।

राज्यसभा में विधेयक के बारे में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि समय-समय पर समाज में कुरीतियां आती हैं और इससे छुटकारा दिलाने के लिए सरकार और संसद को अपनी भूमिका निभानी होती है।

मनी गेम ड्रग्स की तरह एक गंभीर समस्या बन चुकी है और सरकार कानून के माध्यम से इसपर प्रतिबंध लगा रही है। वे समाज, मीडिया और विपक्ष से आह्वान करते हैं युवाओं को इस लत से छुड़ाने में मदद करें। वैष्णव ने सदन में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े नकारात्मक पक्ष पर चिंता जताई और कहा कि मोदी सरकार राजस्व से ज्यादा समाज कल्याण को महत्व देती है।

इस कारण से विधेयक में 'मनी गेम' को प्रतिबंधित किया गया है। एक अनुमान के अनुसार 45 करोड़ लोगों ने देश में अपने 20 हजार करोड़ रुपये गंवाये हैं।

डब्ल्यूएचओ ने भी इसे एक विकार माना है। केन्द्रीय मंत्री ने कई मीडिया रिपोर्टों का भी हवाला दिया और कहा कि ऑनलाइन मनी गेम्स के पीछे ताकतवर लोग हैं। कोर्ट में भी चैलेंज करेंगे। मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से कैंपेन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग और नौजवानों के हित की जब भी बात होती है, मोदीजी ने राजस्व और अर्थव्यवस्था को एक तरफ रखकर मध्यम वर्ग और युवा की बात को सुना है।



### कारावास व जुर्माने का प्रावधान

विधेयक में ऑनलाइन 'मनी गेमिंग' या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान हैं और यह इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान करता है। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। इनमें पोकर, रमी जैसे गेम शामिल हैं।

### कानून तोड़ने पर होगी तीन साल तक की सजा

विधेयक में ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। मनी गेम का विज्ञापन करने पर दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। मनी गेम से संबंधित वित्तीय लेनदेन को बढ़ावा देने पर तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बार-बार अपराध करने पर तीन से पांच साल तक की कैद और दो करोड़ रुपये तक के जुर्माने सहित बढ़ी हुई सज़ा दी जा सकती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि विधेयक में प्रमुख धाराओं के तहत अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाने की मांग की गई है। हंगामे के कारण संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने प्रस्ताव किया कि इस विधेयक को बिना चर्चा के पारित कराया जाये जिसे उप सभापति हरिवंश ने मान लिया। इससे पहले वैष्णव ने कहा कि यह लगभग स्थापित हो गया है कि ऑनलाइन गेमिंग, मनी गेमिंग के कारण परिवारों पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि ऑनलाइन गेमिंग से धन शोधन और आतंकवाद का वित्तपोषण भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार 'ई-स्पोर्ट्स' और 'ऑनलाइन सोशल गेमिंग' को बढ़ावा देना चाहती है तथा इनके लिए प्राधिकरण बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गेम निर्माताओं को सहायता दी जाएगी।

# जीएसटी की 12 प्रतिशत व 28 प्रतिशत टैक्स स्लैब होगी खत्म

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

जीएसटी दरों में बड़ा बदलाव किया गया है। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बनी जीएसटी दरों पर मंत्री समूह (GoM) ने केंद्र के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव के तहत मौजूदा चार स्लैब (5%, 12%, 18% और 28%) खत्म करके इसे सिर्फ दो स्लैब 5% और 18% में बदलने पर मुहर लग गई है।

गुरुवार को गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) रेट रेशनलाइजेशन पर बनी मंत्रियों के समूह (GoM) की अहम बैठक में बड़ा फैसला हुआ। इसमें राज्यों ने केंद्र के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत जीएसटी स्लैब की संख्या घटाकर सिर्फ 2 कर दी जाएगी। सरकार का मानना है कि इससे टैक्स सिस्टम और आसान होगा, टैक्स चोरी घटेगी और कॉम्प्लायंस बेहतर होगा। इस बदलाव के बाद ज्यादातर सामान सस्ते हो सकते हैं। अभी जो सामान 12% जीएसटी में आते हैं, उनमें से करीब 99% को 5% जीएसटी स्लैब में ले जाया जाएगा। वहीं, 28% जीएसटी वाले 90% सामानों को घटाकर 18% स्लैब में शिफ्ट किया जाएगा।




### कौन-कौन से होंगे बदलाव?

अभी तक जीएसटी की 4 दरें हैं : 5%, 12%, 18% और 28%। नई व्यवस्था में सिर्फ दो स्लैब होंगे। जिसमें 5% टैक्स जरूरी सामान और सेवाओं पर लगेगा। 18% टैक्स आम कैटेगरी के सामान और सर्विसेज पर लगेगा। इसके अलावा, सिन गुड्स यानी शराब, तंबाकू, ड्रग्स, जुआ, सॉफ्ट ड्रिंक, फास्ट फूड, कॉफी, शुगर और पोर्नोग्राफी जैसी चीजों पर 40% टैक्स जारी रहेगा। इस टैक्स का मकसद इन चीजों की खपत कम करना और लोगों को इससे होने वाले नुकसान से बचाना है।

# माफिया का गढ़ अब बना निवेश का केंद्र : योगी

**एटा, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर करारा वार करते हुए कहा कि पहले भारत को मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ बचा रह गया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने तबाही का नया मंजर पैदा कर देश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया।

आज डबल इंजन सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की वजह से उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी ने यह बातें जनपद एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित श्री सीमेंट प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, इनकी नीयत कभी सबके विकास की नहीं रही। इन्होंने साथ तो सबका लिया लेकिन विकास सिर्फ अपने परिवार का किया। इनके समय में न व्यापारी सुरक्षित था, न बेटी सुरक्षित थी। यही वजह रही कि देश और प्रदेश पिछड़ते चले गए। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार और डबल इंजन की यूपी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से देश और प्रदेश को नई पहचान दी है। योगी ने कहा कि 8-9 साल पहले एटा की पहचान अपराध और माफिया के गढ़ के रूप में थी।

गरीबों की जमीन पर कब्जा होता था, उनकी सुनवाई नहीं होती थी। जब नागरिक की संपत्ति ही सुरक्षित न हो, तब सरकार उसके कल्याण के लिए क्या करेगी ? यही स्थिति तब थी। आज एटा बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है और उसके बगल में श्री सीमेंट परिवार ने 750 करोड़ रुपये का नया प्लांट लगाया है। इससे 500 लोगों को प्रत्यक्ष और 3000 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है।



▸ सीएम ने एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित श्री सीमेंट प्लांट का किया उद्घाटन

### रोजगार व व्यापार के नए अवसर

सीएम ने कहा कि इस निवेश से सिर्फ सीधे रोजगार ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, व्यापार और डिस्ट्रीब्यूशन चैनल से जुड़े हजारों लोगों को भी काम का अवसर मिला है। यही है आत्मनिर्भर भारत की नींव, यही है विकसित भारत की आधार शिला। योगी ने कांग्रेस काल को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब सीमेंट कंट्रोल से मिलता था। अगर पहुंच है तो एक बोरा मिल जाएगा, वरना चोरी-छिपे खरीदना पड़ता था। घर बनाना मुश्किल था। यही कांग्रेस की नीयत और नीति थी। विकास कैसे होता? सीएम ने कहा कि आज एटा की पहचान न सिर्फ सीमेंट और पावर प्लांट से है, बल्कि अपने परंपरागत उद्यम जलेसर के घंटा और घुंघरू से भी है। देवस्थान की पूजा और संगीत की महफिल, दोनों जलेसर के बिना अधूरी है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में यूपी को भी विकसित करना होगा। विधानसभा और विधान परिषद में 24 घंटे लगातार बहस हुई, सेक्टर और थीम तय किए गए। अब विशेषज्ञ हर जिले में जाकर युवाओं को तैयार करेंगे और जनता के सुझावों से रोडमैप बनेगा।

# राजनाथ सिंह से मिले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से गुरुवार को मुलाकात की और इसे भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक उपलब्धि भारत के युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रेरित करेगी, क्योंकि राष्ट्र गगनयान और अपने स्वयं के अंतरिक्ष स्टेशन की ओर अग्रसर है।

राजनाथ सिंह ने मुलाक़ात के बाद कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने उनकी प्रेरणादायक अंतरिक्ष यात्रा, कक्षा में उनके किए गए महत्वपूर्ण प्रयोगों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति और भारत के अग्रणी गगनयान मिशन के भविष्य पर चर्चा की। उनकी यात्रा भारत के युवा मन को प्रेरित करेगी। राष्ट्र को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण और मिशन सहायता में भारतीय वायु सेना और इसरो के तालमेल की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक उपलब्धि भारत के युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रेरित करेगी, क्योंकि राष्ट्र गगनयान और अपने स्वयं के अंतरिक्ष स्टेशन की ओर अग्रसर है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीन दिन पहले लोकसभा में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आचरण की आलोचना करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक बताया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष जैसे विषयों को दलीय राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए और विपक्ष इस चर्चा में भाग लेकर भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए रचनात्मक सुझाव दे सकता था। उन्होंने कहा कि यह चर्चा भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम और विकसित भारत 2047 में इसकी भूमिका पर थी, जो राष्ट्रीय उपलब्धि, देश के गौरव, स्वाभिमान और भविष्य में वैज्ञानिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की संभावनाओं से जुड़ी है।



▸ गगनयान मिशन पर हुई चर्चा

▸ ग्रुप कैप्टन की प्रेरणादायक उपलब्धि भारत के युवाओं को अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए प्रेरित करेगी

# भारत-रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने शुक्रवार को मास्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बैठक की। इसमें दोनों देशों ने संतुलित और टिकाऊ तरीके से द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार करने की अपनी साझा महत्वाकांक्षा की पुष्टि की।

भारत की ओर से दवा, कृषि और वस्त्र क्षेत्र में निर्यात बढ़ाने को लेकर आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि व्यापार असंतुलन सुधारा जा सके। दीर्घकालिक उर्वरक आपूर्ति, ऊर्जा सहयोग और भारतीय कुशल श्रमिकों को रूस में अवसर उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा रूसी सेना में भारतीयों से जुड़े मुद्दे को भी जयशंकर ने अपने समकक्ष के साथ उठाया। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने साझा पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इसमें विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस और भारत के विशेष रिश्तों को दुनिया के सबसे स्थिर प्रमुख संबंधों में से एक बताया। जयशंकर ने कहा कि भू-राजनीतिक सामंजस्य, नेतृत्व का विश्वास और जनता का आपसी लगाव इन संबंधों का प्रमुख आधार है। विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।



### रेखा गुप्ता के लिए होगी जेड श्रेणी की सुरक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर की गयी समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया। प्रोटोकॉल के तहत दो महिला निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) हर समय मुख्यमंत्री के साथ रहेंगी, जिनके साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान तैनात रहेंगे। श्रीमती गुप्ता पर बुधवार को जन सुनवाई के दौरान हमला करने वाले आरोपी खिमजीभाई को कल रात राजधानी की स्थानीय तीस हज़ारी अदालत ने पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया।



# फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को किया फोन, यूक्रेन-गाजा संघर्षों पर की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फ़ोन किया और उनके साथ यूक्रेन और पश्चिम एशिया क्षेत्र में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चल रहे प्रयासों पर विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों ने श्री मोदी के साथ वाशिंगटन में यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हाल ही में हुई बैठकों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने गाजा की स्थिति पर भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानमंत्री मोदी ने इन संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार नेताओं ने व्यापार, रक्षा, असैन्य परमाणु सहयोग, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने और 2026 को नवान्वेषण वर्ष के रूप में मनाने की संयुक्त प्रतिबद्धता दोहराई।

राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र संपन्न करने के लिए भी समर्थन व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने सभी द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।

माना जाता है कि श्री मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूक्रेन रूस संघर्ष रुकवाने के लिए किये जा रहे प्रयासों को लेकर एक रुख तय करने के क्रम में ये प्रधानमंत्री मोदी ने बात की है।



### लखनऊ में 26 से 28 अगस्त तक लगेगा रोजगार महाकुंभ

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आगामी 26 से 28 अगस्त के बीच वृहद रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस महाकुंभ में प्रदेश सरकार लगभग 50 हजार युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप नौकरी उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। जिला रोजगार सहायता अधिकारी नीलेश कुमार स्वर्णकार ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन में सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से प्रतिभागियों का पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर संबंधित कंपनियों में साक्षात्कार के लिए अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों और बायोडाटा के साथ भाग ले सकते हैं।

# राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मिलेगा 210 घंटे का कौशल प्रशिक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनकी नियमित शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा।

मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत वर्चुअल बैठक में गुरुवार को सेक्टर स्किल कार्उसिल के सीईओ एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनकी नियमित शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना था। यह प्रशिक्षण छात्रों की रुचि एवं जिलाधिकारी द्वारा सुझाए गए सेक्टर और कोर्स के अनुरूप होगा।



बैठक में मिशन निदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्रों को 210 घंटे के कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 150 घंटे कोर स्किल, 30 घंटे सॉफ्ट स्किल और 30 घंटे इंडस्ट्रियल विजिट शामिल होंगे। सॉफ्ट स्किल और इंडस्ट्रियल विजिट कराया जाना अनिवार्य है। उन्होंने सेक्टर स्किल काउंसिल से अपेक्षा की कि वे इन कोर्सों को शीघ्र डिजाइन कर एनसीवीईटी से अनुमोदन उपरांत उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन को उपलब्ध कराएं। वर्चुअल बैठक में उपस्थित सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ एवं प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि निर्धारित समयसीमा में 210 घंटे की अवधि वाले कोर्स तैयार कर विभाग को उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

मिशन निदेशक पुलकित खरे की इस पहल से पहली बार प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ इंडस्ट्रियल विजिट का अवसर मिलेगा। इससे छात्र-छात्राओं में रोजगारोन्मुखी शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव का विकास होगा।

# सुदर्शन रेड्डी ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र किया दाखिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उप राष्ट्रपति चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को यहां गठबंधन के बड़े नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

श्री रेड्डी सुबह संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पी सी मोदी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे। श्री मोदी इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। श्री रेड्डी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दायर किया। प्रत्येक सेट पर उनके समर्थन में 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों ने हस्ताक्षर किये हैं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, गठबंधन के वरिष्ठ नेता शरद पवार, रामगोपाल यादव और कई अनेक नेता भी मौजूद थे। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। चुनाव में श्री रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन से है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान 09 सितम्बर को होगा और मतों की उसी दिन शाम को करायी जायेगी।



# दिसंबर में होगा गगनयान का पहला परीक्षण

**एजेसी, नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि गगनयान का पहला परीक्षण इसी साल दिसंबर में किया जाएगा। यह परीक्षण गगनयान 2027 का हिस्सा है, जिसमें एक रोबोट को अतंरिक्ष में भेजा जाएगा। गुरुवार को मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में वी. नारायणन ने बताया कि भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन श्रृंखला की तैयारी के लिए लगभग 80 प्रतिशत तकनीकी परीक्षण पूरे हो चुके हैं। चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक शेष 20 प्रतिशत परीक्षण भी पूरा करने का लक्ष्य है। गगनयान का पहला मानवरहित परीक्षण, जिसमें सेंसर से लैस एक मानवरूपी रोबोट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस प्रेसवार्ता में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बी. नायर भी मौजूद रहे। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने अंतरिक्ष एजेंसी की चल रही और आगामी परियोजनाओं की जानकारी साझा की।




उन्होंने बताया कि जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट ने 30 जुलाई को प्रतिष्ठित नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को सफलतापूर्वक स्थापित किया। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) और इसरो के इस संयुक्त उपग्रह का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है। अगले दो से तीन महीनों में इसरो अमेरिका के लिए अपने एक प्रक्षेपण यान से 6500 किलोग्राम का संचार उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को नई गति मिली है। नारायणन ने कहा कि 10 साल पहले देश में सिर्फ एक स्पेस स्टार्टअप था, लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी कार्यकाल में 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं। निजी कंपनियों ने अब तक दो सब-ऑर्बिटल मिशन पूरे किए हैं। यह दिखाता है कि भारत की स्पेस इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में इसका और विस्तार होगा।

### इसरो के वैज्ञानिकों ने बचायी थी एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों की जान

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने इस मौके पर खुलासा किया कि एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग से पहले ऐन वक्त पर यदि इसरो के वैज्ञानिकों ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो यह विनाशकारी हो सकता था और मिशन में शामिल सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों की जान जा सकती थी। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले रॉकेट की मुख्य फीड लाइन में एक दरार पाई गई थी, जिसे इसरो के वैज्ञानिक ने ठीक किया।

## खबरें एक नजर में

### मैगलगंज थाना क्षेत्र में रेल हादसा, अज्ञात व्यक्ति की मौत

**मैगलगंज, खीरी।** थाना क्षेत्र के चपरतला गांव में बुधवार रात्रि में एक अज्ञात व्यक्ति की रेलगाड़ी से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मैगलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की। मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### रेल नहीं तो वोट नहीं, पलिया की जनता में उबाल

**पलिया कलां (खीरी)।** पलिया में बड़ी रेल लाइन न होने की समस्या अब सियासी मुद्दा बनती जा रही है। शहरवासियों ने साफ ऐलान कर दिया है कि जब तक पलिया को बड़ी रेल लाइन की सौगात नहीं मिलेगी, तब तक वे मतदान का बहिष्कार करेंगे। शहर की गलियों से लेकर सोशल मीडिया तक रेल नहीं तो वोट नहीं का नारा गूंज रहा है। जगह–जगह बैनर–पोस्टर लगाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि बिना रेल लाइन पलिया का विकास अधर में अटका रहेगा। व्यापारी वर्ग को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। हर साल शारदा नदी की बाढ़ से पलिया–भीरा के बीच की रेल लाइन कट जाती है, जिससे ट्रेनों का संचालन ठप हो जाता है। अब बड़ी रेल लाइन न मिलने की खबर से जनता का धैर्य जवाब दे रहा है। तो वहीं आक्रोशित क्षेत्र वासियों का आरोप है कि उनकी इस गंभीर समस्या पर न तो जनप्रतिनिधि कोई ठोस कदम उठा रहे हैं और न ही अधिकारी,सबके सब मौन धारण किए हैं,नतीजा यह है कि विकास का पहिया थम गया है और पलिया बाकी सभी जनपदों से पिछड़ता जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले चुनाव में पलिया की जनता वोट का पूर्ण बहिष्कार करेगी।

### चरागाह भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों में रोष

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम पंचायत लंदनपुर ग्रंट में चरागाह भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दबंगों ने चरागाह पर कब्जा कर गन्ने की खेती कर रखी है, जिससे पशुओं के लिए चारे की भारी समस्या खड़ी हो गई है राजेश गौतम समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि गोवंश आश्रय स्थल में चारा बाहर से मंगवाना पड़ रहा है, जिससे सरकार का लाखों रुपये खर्च हो रहा है। ग्रामीणों ने पहले भी कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन शुरू करेंगे। ज्ञापन की प्रति जिलाधिकारी को भी भेजी गई है।

### लखीमपुर के कृष्णजी मिश्रा को भारत सरकार की जूनियर रिसर्च फेलोशिप



**लखीमपुर खीरी।** मोती नगर कॉलोनी निवासी कृष्ण जी मिश्रा को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) की जूनियर रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। इस फेलोशिप की सूचना उन्हें ई–मेल के माध्यम से प्राप्त हुई। अब उन्हें दिल्ली में आयोजित होने वाले शोधार्थी सम्मान समारोह में संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रत्यक्ष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कृष्ण जी मिश्रा को यह फेलोशिप थारू जनजाति पर किए गए वृहद शोधकार्य के लिए प्रदान की गई है। उन्होंने अपने शोध में थारू जनजाति की कला, संस्कृति और जीवनशैली का गहन अध्ययन किया है। इस उपलब्धि से लखीमपुर जनपद का गौरव बढ़ा है। इस खबर से जिले के शिक्षाविदों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। डीएस इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने भी अपने पूर्व छात्र की सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### अधीनपुर में जीरो पॉवर्टी अभियानः चयनित गरीब परिवारों को मिली योजनाओं का लाभ

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** गरीबी उन्मूलन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा अधीनपुर में गुरुवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गरीब परिवारों को पेंशन से लेकर रोजगार तक की सुविधाओं से जोड़ने की कार्यवाही की गई। कैंप में 2 लोगों का फैमिली आईडी बनाया गया, 2 लोगों को वृद्धा पेंशन हेतु चयनित किया गया। इसके साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ा गया तथा 1 लाभार्थी का चयन पीएम सूर्य घर योजना के लिए किया गया। शिविर में आए लाभार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाले इन लाभों से गरीब परिवारों को सीधा फायदा होगा। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में और भी गरीब परिवारों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। अभियान के दौरान ग्राम प्रधान निर्मला सिंह, ग्राम सचिव मोहम्मद असदुल्ला, पंचायत सहायक, प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश सिंह और समीर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### फोन पर मदद मांगने के बाद युवक लापता, तलाश में जुटी पुलिस



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला के एक युवक की रहस्यमय परिस्थितियों में गुमशुदगी का मामला सामने आया है। विकास पांडेय नाम का युवक बलरामपुर से गौरा चौराहा होते हुए अपने गांव पिपरा एकडंगा जा रहा था। गुमशुदा विकास पांडेय के भाई विनीत पाण्डे ने बताया कि उतरौला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरा एकडंगा निवासी विकास पांडेय पुत्र वासुदेव पांडे बुधवार को देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। वह बलरामपुर से गौरा चौराहा मार्ग होते हुए अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान राप्ती नदी स्थित पिपरा घाट पुल पर रुक कर विकास ने कटरा निवासी अपने दोस्त ज्ञानचंद को फोन कर जानकारी दी कि कुछ लोग उन्हें रोककर धमका रहे हैं। और कह रहे हैं कि पैसा दो वरना नदी में फेंक देंगे। विकास ने फोन पर अपने मित्र से जल्दी आने की गुहार भी लगाई। दोस्त ने तत्काल यह सूचना उनके परिजनों को दी और ज्ञानचंद विकास परिवारजन व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। तब तक विकास पांडेय वहां से गायब थे। पुल पर उनकी बाइक खड़ी मिली। सूचना मिलते ही गौरा चौराहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही कोतवाली उतरौला के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। सीओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि विकास की तलाश में पीएसी का बाढ़ आपदा राहत दल व स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया है। घटना का क्षेत्र थाना गौरा चौराहा के अंतर्गत आता है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और विकास पांडे की तलाश जारी है। गुरुवार शाम तक विकास पांडेय का कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने विकास पांडे की तलाश के लिए वृहद पैमाने पर एनडीआरएफ की टीम लगाए जाने की मांग प्रशासन से की है।

# चलती चक्की फटने से दो की मौत, एक गंभीर घायल

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम मटिहया में गुरुवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। गांव में आटा पीसने वाली चलती चक्की अचानक जोरदार धमाके के साथ फट गई। हादसे में हरिपाल (40 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चक्की मालिक उपदेश यादव (45) और मुदित (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल उपदेश यादव ने भी दम तोड़ दिया। अब तक इस हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मुदित की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चक्की तेज़ रफ्तार से चल रही थी तभी अचानक मशीन में जोरदार विस्फोट हुआ। आसपास मौजूद लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे, लेकिन तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। धमाके से पूरा गांव दहशत में आ गया और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बताया कि उपदेश यादव के दोनों हाथ कट जाने से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिसके चलते उनकी जान नहीं बच सकी। वहीं, मुदित को सिर और शरीर पर गहरी चोटें आई हैं और उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव का माहौल गमगीन हो गया है।

## अस्थाई गौ-आश्रय स्थल मुंशीगढ़ में गौशाला की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**निघासन खीरी।** भगवान श्रीकृष्ण की छठी के अवसर पर ग्राम पंचायत चखरा के अस्थाई गौ-आश्रय स्थल मुंशीगढ़ में गुरुवार को विशेष आयोजन हुआ। भारतीय किसान संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह चीमा के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष धनीराम मौर्य, जिला सहमंत्री अविनाश दीक्षित व खण्ड मंत्री रामकुमार गुप्ता अचानक गौशाला पहुंचे। मौके पर उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और ग्राम प्रधान गजराज, ग्राम विकास अधिकारी यशपाल कुमार एवं गौसेवकों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने गायों को चारा, दरिया व दाना खिलाकर सेवा का संदेश भी दिया। अमरजीत सिंह चीमा ने कहा कि ग्राम स्तर पर गौ-सेवा व आश्रय स्थलों की बेहतर व्यवस्था समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने आश्रय स्थल की देखरेख करने वाले गौसेवकों का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल वर्मा एडवोकेट, प्रधान गजराज, रामू विश्वकर्मा, आशीष वर्मा, गोले राज, अवधेश लोधी सहित बड़ी संख्या में गौसेवक मौजूद रहे।

## आसमान में उड़ते ड्रोन से दहशत, गांवों में चर्चाओं का बाजार गर्म



**बिजुआ खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भानपुर व अन्य क्षेत्रों में देर रात अचानक आसमान में उड़ते ड्रोन देखे जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के मुताबिक, एक नहीं बल्कि अलग अलग जगहों पर कई ड्रोन एक साथ दिखाई दिए, जो कुछ देर तक गांव के ऊपर मंडराते रहे। अचानक हुए इस घटनाक्रम ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया और लोग घरों से निकल कर रोड पर इकट्ठा हो गए।

कस्बेवासियों ने ड्रोन की गतिविधियों को अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। कोई इसे जासूसी गतिविधियों से जोड़ रहा है तो कोई किसी बड़ी वारदात की आशंका जता रहा है। वहीं भीरा पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव-गांव चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देकर सतर्क रहना चाहिए और अपने अपने घरों में रहें। फिलहाल ड्रोन उड़ाने वालों का कोई सुराग नहीं मिल सका है और जांच जारी है। जनता का सवाल है रात के सन्नाटे में आसमान में मंडराते इन ड्रोन का राज क्या है? जिससे सभी क्षेत्रवासी परेशान है।

## दिल्ली के सीएम पर हमले की बाथम समाज ने की निंदा

▶ एसडीएम को गृहमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हाल ही में हुए हमले को लेकर बाथम वैश्य समाज और वैश्य समाज के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को बड़ी संख्या में समाज के लोग तहसील मुख्यालय पहुँचे और एसडीएम को गृहमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग की। ज्ञापन सौंपने वालों का कहना था कि मुख्यमंत्री बीते पांच महीनों से जनहित और लोकहित में सराहनीय निर्णय ले रही हैं। जनता से संवाद और जनसुनवाई के दौरान उन पर हमला होना यह संकेत देता है कि इसके पीछे गहरी राजनीतिक साजिश है। समाज के लोगों ने इसे लोकतंत्र पर सीधा प्रहार बताते हुए अपराधियों को बख्शे न जाने की मांग की।

वैश्य समाज के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में पहुँचे मिथिलेश कुमार गुप्ता, छोटू, आदित्य गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, रामकृष्ण गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग इस दौरान मौजूद रहे। मौके पर मौजूद समाज के लोगों ने एकमत होकर कहा कि मुख्यमंत्री पर हमला केवल एक व्यक्ति विशेष पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनभावनाओं पर हमला है। ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि यदि जल्द ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो समाज व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## गोला पुलिस पर झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने स्थानीय पुलिस पर झूठी शिकायत के आधार पर जबरन फंसाने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रकरण में पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच और न्याय की मांग की है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कोरैया निवासी सोनू कुमार ने आरोप लगाया कि 19 अगस्त को शाहजहाँपुर निवासी उसकी ससुराल पक्ष की एक महिला रोशनी, जो शादीशुदा है और एक बच्ची की मां है, अपने प्रेमी अरविंद कुमार के साथ फरार हो गई। सोनू का कहना है कि घटना के दिन वह घर से बाहर मजदूरी की तलाश में था और उसका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। सोनू ने बताया कि घटना के अगले दिन लड़की के परिजन उसके घर पहुंचे और दबाव बनाते हुए कहा कि यदि फरार जोड़े को वापस नहीं लाओगे, तो तुम्हारे खिलाफ थाने में शिकायत करेंगे। इसके बाद गोला कोतवाली में उसके खिलाफ एनसीआर दर्ज करा दी गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा दबाव बनाने के लिए उसे फोन कर थाने बुलाया गया और धमकी दी गई कि लड़की को लाओ वरना कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित का कहना है कि वह पहले से ही दिल का मरीज है और पुलिस के डर से मानसिक रूप से टूट चुका है। सोनू ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और उसे झूठे मुकदमे से राहत दिलाई जाए। उसने यह भी कहा कि संबंधित युवक और युवती बालिग हैं और अपनी मर्जी से साथ गए हैं, इसमें उसका कोई हस्तक्षेप नहीं है।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित, 51 मरीजों की मोतियाबिंद सर्जरी

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



जनसेवा के संकल्प को साकार करते हुए श्री राम रतन शास्त्री सेवा संस्थान के तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 151 रोगियों की जाँच की गई, जिनमें से 51 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें निशुल्क ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों की अनुभवी टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई। जांच के दौरान मरीजों को आवश्यक परामर्श, दवाइयां तथा चश्मे भी वितरित किए गए। मोतियाबिंद से ग्रस्त 51 मरीजों को आगे की प्रक्रिया के लिए सूचीबद्ध कर लिया गया है, जिनकी सर्जरी सेवा संस्थान द्वारा पूर्णतः निःशुल्क करवाई जाएगी। यहाँ डॉक्टर अभिषेक सागर, अशोक सक्सेना, समीर अली, अमित राठौर, भावना द्विवेदी, श्वेता, नेमा, स्नेहा सिंह, रतन यादव, गुंजन, राधा, शोभा वर्मा, आयुषी वर्मा प्रबंधक गौरव शर्मा, निशांत शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा मौजूद रहे। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि यह शिविर ग्रामीण व वंचित तबकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया गया था। कॉलेज प्रबंधन श्री गौरव शर्मा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाना और नेत्रहीनता जैसी समस्याओं से मुक्ति दिलाना है।

## श्री गणेश उत्सव 27 अगस्त से होगा शुभारंभ

**6 सितंबर तक धार्मिक कार्यक्रमों की धूम, गोला में मनाया जाएगा 17वां गणेश उत्सव समारोह, कलाकारों की झांकियां रहेंगी मुख्य आकर्षण**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नगर में इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ श्री गणेश उत्सव मनाया जाएगा। 17वां गणेश महोत्सव समारोह 27 अगस्त से आरंभ होकर 6 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ–साथ मनोहारी झांकियां भी लोगों को आकर्षित करेंगी। गणेश महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्सव की शुरुआत 27 अगस्त को शाम 4 बजे खुटार रोड पर श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना के साथ होगी। इसके उपरांत 28 अगस्त को भगवान गणेश की भव्य झांकी निकाली जाएगी। 29 अगस्त को नगरवासियों को गोकर्णनाथ की भव्य झांकी के दर्शन होंगे। 30 अगस्त को दोपहर 3 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, तत्पश्चात राम दरबार, बाहुबली हनुमान, नरसिंह अवतार एवं भगत प्रह्लाद की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। 31 अगस्त को अघोरी साधु, ध्यानु भगत और मां शेरावाली की झांकियां दिखाई जाएंगी, जो दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देंगी। 1 सितंबर को राधा–कृष्ण महारास और कृष्ण–सुदामा मिलन की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। आरती प्रतिदिन प्रातः 9 बजे तथा सायं 8 बजे संपन्न होगी। 2 सितंबर को सती दहन तथा भगवान शिव–पार्वती की झांकी दिखाई जाएगी। 3 सितंबर को मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं 4 सितंबर को महाकाली नृत्य और महिषासुर वध का मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। 5 सितंबर को हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, महोत्सव का समापन 6 सितंबर को भव्य शोभायात्रा और गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ किया जाएगा।

## एक ही रात चार स्थानों पर चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**बीपी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**



उतरौला (बलरामपुर)। थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में एक ही रात में हुई चार चोरियों का पुलिस ने सफल अनावरण कर लिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए दो ठेले, एक बाल्टी, एक लोटा और पीली धातु का बर्तन बरामद किया है। मामला 5 अगस्त 2025 की रात का है, जब थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाएं हुईं। वादी शिवशंकर उर्फ बड़कन, मुकेश चौहान, इदरीश और राजेंद्र कुमार गुप्ता ने कोतवाली में तहरीर दी थी। इन घटनाओं में शनिदेव मंदिर से कलश, घंटा, आरती थाल, दीपक, दो ठेले तथा दानपेटी से करीब आठ हजार रुपये चोरी कर लिए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा पंजीकृत कर उपनिरीक्षक अनिल यादव को विवेचना सौंपी गई। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार ने घटना के शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए थे। उनके आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गुरुवार 20 अगस्त 2025 को गठित टीम ने बलरामपुर रोड बाईपास से तीन अभियुक्तों–अलीम पुत्र कलीम निवासी बहराइच, सिकंदर पुत्र मोहम्मद अयूब निवासी गदरांवा बलरामपुर, और ओमकिशोर पुत्र धनीराम निवासी कंचनपुर गोण्डा–को गिरफ्तार किया। कब्जे से चोरी गया सामान बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विश्वास व्यक्त किया है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**बलरामपुर।** जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुश्रवण समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बलरामपुर में सम्पन्न हुई। जनपद में छात्रवृत्ति सुचारू रूप से संचालित करने हेतु डीएम ने सभी शिक्षण संस्थाओं को प्रत्येक दशा में अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं के आवेदन पूर्ण कराते हुये निर्धारित समयावधि के भीतर सत्यापित एवं अग्रसारित किए जाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने बताया कि अधिकांश शिक्षण संस्थाओं द्वारा किसी भी वर्ग के मास्टर डाटा में अपनी प्रोफाइल लाक नहीं की गई है, जिसके कारण छात्र/छात्राओं को आनलाईन आवेदन करने एवं संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्रों को सत्यापित एवं अग्रसारित करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। सभी संस्थायें प्रत्येक दशा में 2 से 3 कार्यदिवसों में इसे अपडेट करना सुनिश्चित करें। सभी संस्थायें यह सुनिश्चित कर लें कि यदि उनकी संस्था में काई नया पाठयक्रम/सीटों की संख्या जुड़ी है तो मास्टर डाटा में तत्काल ही अपडेट कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जनपद में संचालित समस्त सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य/छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## शेरपुर से देवकली को जोड़ने वाली सड़क बदहाल

▶ गन्ना किसानों की बढ़ी परेशानी, चीनी मिल चालू होने से पहले सड़क निर्माण की मांग तेज, किसान संगठन ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम शेरपुर से कोरिया सेमरई, कंधरापुर होते हुए देवकली कोटवारा रोड तक जाने वाला पक्का संपर्क मार्ग पूरी तरह से जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। लगभग 3.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग से क्षेत्र के अनेक गांवों के किसान गन्ना ट्राली व ट्रैक्टर से बजाज चीनी मिल, गोला गोकर्णनाथ तक आवागमन करते हैं, लेकिन खराब सड़क ने इन किसानों की राह मुश्किल कर दी है। गांव वालों का कहना है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और टूटे हुए हिस्से ट्रैक्टर व ट्रालियों के लिए खतरे का कारण बन चुके हैं। कई बार ट्रैक्टर पलटने जैसी घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिससे जनहानि की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित ने मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि गांव के किसान इस रास्ते से प्रतिदिन अपने गन्ने को चीनी मिल तक पहुंचाते हैं। चीनी मिल का सत्र शुरू होने वाला है और यदि समय रहते सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं कराया गया, तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। दीक्षित ने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्राथमिकता के आधार पर इस संपर्क मार्ग की मरम्मत कराई जाए, जिससे किसान अपने गन्ने को सुरक्षित और समय पर मिल तक पहुंचा सकें।

### श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सम्मान समारोह

**बिजुआ खीरी।** लखीमपुर खीरी के कस्बा औरंगाबाद स्थित श्री मक्खन शाह ठाकुर द्वारा मंदिर पर नौ दिनों से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमे वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास परम पूज्य संत शिरोमणि राधिका शरण राधे राधे महाराज व राधा किशोरी, श्यामा किशोरी के द्वारा कृष्ण लीला का प्रसंग किया गया व साथ मे सुंदर भजनों से श्रोताओं के मन मोह लिया। कथा के अंतिम दिन मंदिर के संयोजक राकेश गुप्ता द्वारा मंदिर निर्माण में अपनी भूमि मंदिर के नाम दान करने वाली उर्मिला गुप्ता पत्नी विनोद गुप्ता कोटेदार को मंदिर का प्रतीक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गोला के नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू शुक्ला आमोद गुप्ता, विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, मोहित गुप्ता, विशाल गुप्ता सहित दिनेश गुप्ता, अमरीश गुप्ता अंबुज, अवनीश, राहुल, मुदित आदि भक्त मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बैठक संपन्न

▶ डीएम ने प्राथमिक, द्वितीयक एवं सेवा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाए जाने का दिया निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए कृषि, उद्योग, निवेश संवर्धन, बुनियादी ढांचा विकास, पर्यटन, सेवा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं एवं परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि जनपद की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में स्थानीय उत्पादों (ODOP), स्टार्टअप्स और एमएसएमई इकाइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एमएसएमई के तहत उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक उद्यम स्थापित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि जो कि प्राथमिक क्षेत्र है , बेहतर सीड एवं तकनीकी के माध्यम से फसल उत्पादकता बढ़ाए जाने, परती भूमि को कृषि योग्य बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीएफओ, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, सीएमओ, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### डीएम की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति एवं मिशन वात्सल्य की समीक्षा बैठक संपन्न

**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं मिशन वात्सल्य की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, एएचटीयू, चाइल्ड हेल्प लाइन के कार्यों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन आदि की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के तहत विशेष अभियान चलाया लाभार्थियों को संख्या बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पर्यटन की ग्रोथ के लिए सुरक्षा व बेहतर कनेक्टिविटी जरूरी : जयवीर

- विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में ग्रामीण पर्यटन की अहम भूमिका
- भारत के गांव भी बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश तथा आत्मनिर्भर भारत का आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के संकल्प को पूरा करने में पर्यटन सेक्टर का अहम योगदान होगा। पर्यटन एक उभरता हुआ सेक्टर है, जिसमें मनोरंजन के साथ रोजगार एवं अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की अपार संभावनाएं है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्रामीण पर्यटन कॉन्क्लेव-2025 के शुभारम्भ के अवसर पर उन्होंने कहा कि बदलते भारत में पर्यटन अब कुछ स्थलों तक सीमित न रहकर गांव की ओर बढ़ रहा है। यह देश एवं उत्तर प्रदेश के लिए प्रसन्नता का विषय है। भारत के गांव भी बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पारम्परिक सोच के अलावा ईको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म तथा होम स्टे एवं फॉर्म स्टे पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन पहले कुछ खास वर्गों तक सीमित था। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होने से आम आदमी की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे हर व्यक्ति पर्यटन में रूचि ले रहा है। कोरोना कालखंड के बाद लोगों की जीवनशैली बदली है। भौतिक जीवन से ऊबे हुए लोग अब प्रकृति के सानिध्य में रहना चाहते हैं। उनके लिए, ईको टूरिज्म एवं रूरल टूरिज्म बहुत पसंद आ रहा है। यूपी सरकार इसको बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर सुविधाएं सृजित कर रही है।

जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन की ग्रोथ के लिए सुरक्षा एवं बेहतर कनेक्टिविटी जरूरी है। पर्यटक कम समय में अधिक से अधिक स्थलों तक पहुंचना चाहता है। गांव में होमस्टे, फॉर्म स्टे, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, यही कारण है कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में पहले स्थान पर और विदेशी पर्यटन में अग्रणी स्थान प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है। इससे ग्रामीण होमस्टे संचालकों आदि को व्यवसाय मिलेगा तथा अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि हमारे गांव केवल कृषि परम्पराओं के केन्द्र नहीं है बल्कि समृद्ध संस्कृति, लोककला, हस्तशिल्प और खुशहाल जीवनशैली के भी जीवंत उदाहरण है। ग्रामीण पर्यटन हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने और युवाओं के लिए रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं लेकर चल रहे हैं। यह कॉन्क्लेव ग्रामीण पर्यटन से जुड़े विविध पहलुओं को प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन को शहरों एवं ऐतिहासिक स्थलों तक सीमित न रखकर गांवों के अंतिम सिरे तक पहुंचाना है। ऐसे ही प्रयास आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को पूर्ण करेंगे। मुझे विश्वास है कि इस कॉन्क्लेव में विविध क्षेत्रों के लोग मिलकर ग्रामीण पर्यटन की सम्भावनाओं और चुनौतियों पर गम्भीर विचार-मंथन करेंगे। ताकि प्रदेश घरेलू पर्यटकों के लिए नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर सकेगा।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने 40 फॉर्म स्टे संचालकों और उनसे जुड़े लोगों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। कॉन्क्लेव को विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, पद्मश्री रामशरण वर्मा, आयुक्त निबंधक एवं सहकारिता योगेश कुमार, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के प्रमुख सचिव बी.एल. मीणा आदि ने सम्बोधित किया एवं सुझाव दिये।

### हमारे गांव ही देश की आत्मा : मुकेश मेश्राम

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे गांव ही देश की आत्मा हैं। गांव में गंवई संस्कृति की झलक मिलती है जो मनुष्य को मनुष्यता की ओर ले जाती है। रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के 234 गांवों का चयन किया गया है। पर्यटन से जुड़ी इकाइयों को सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# कल्याण सिंह की पुण्यतिथि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी श्रद्धांजलि

- असाधारण व्यक्तित्व के साथ अपने मूल्यों, आदर्शों पर सदैव अडिग रहे `बाबू जी' : योगी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल, पद्म विभूषण से सम्मानित कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्स पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री योगी ने लिखा, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, परम रामभक्त, पद्म विभूषण, श्रद्धेय कल्याण सिंह बाबूजी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! श्रद्धेय बाबूजी असाधारण व्यक्तित्व के साथ अपने मूल्यों, आदर्शों पर सदैव अडिग रहे। अपनी प्रशासनिक दक्षता से उन्होंने देश और प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी। उनकी पावन स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन!

**राम मंदिर आंदोलन के महानायकों में से एक थे कल्याण सिंह :-** कल्याण सिंह, जिन्हें प्यार से बाबूजी कहा जाता था, न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि राम मंदिर आंदोलन के महानायकों में से एक थे। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अलीगढ़ के मढ़ौली गांव में 5 जनवरी 1932 को जन्मे कल्याण सिंह ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत 1967 में अतरौली से विधायक बनकर की। वे दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और बाद में राजस्थान के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। भारतीय राजनीति में उनके योगदान और मुख्यमंत्री के तौर पर उत्तर प्रदेश में किए गए सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों को लेकर हमेशा याद किया जाएगा। सीएम योगी के अलावा देश व प्रदेश के सभी वरिष्ठ भाजपा नेता सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री को यादकर उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

### श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के महानायक थे कल्याण सिंह : केशव प्रसाद मौर्य



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन के महानायक थे। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन के महानायकों में अग्रणी, पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की स्मृति तब स्वाभाविक रूप से मन में जाग्रत हो उठती है जब उस दौर का गूंजता हुआ नारा 'कल्याण सिंह कल्याण करो, मंदिर का निर्माण करो!' मुझ जैसे असंख्य रामभक्तों के हृदय में आस्था और उत्साह की ध्वनि बनकर अनुगूंजित होता है। सदियों के अनवरत संघर्ष, अनेकानेक रामभक्तों के अथक तप, त्याग और बलिदान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अडिग आस्था और अटल संकल्प से ही प्रभु श्रीराम जी के भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण का स्वप्न साकार हुआ है। हम सब मिलकर श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के इस अमर महानायक को भावपूर्ण नमन करें।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ में आभूषण प्रतिष्ठान में चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के चौक थानांतर्गत एक ज्वेलर्स के यहां तैनात कारीगर द्वारा सहयोगियों संग आभूषण चोरी किये जाने की घटना का खुलासा गुरुवार को पुलिस ने किया है। पुलिस ने प्रकरण में चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 50 लाख रुपए के अर्धनिर्मित आभूषण भी बरामद किया है। एडीसीपी ने गुरुवार को बताया कि चौक में धर्मेन्द्र की ज्वेलर्स की दुकान है। जहां पर जेवर जुडाई वा बनवाई का कार्य होता है। दुकान पर काम करने वाले वजीरगंज निवासी कारीगर अनिल चौधरी 3-4 वर्षों से कार्य कर रहा था। बीते चार अगस्त को करीब 2 बजे वह दुकान से करीब 700 ग्राम सोने के जेवर जो अभी आधे तैयार थे, को लेकर चला गया । घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू की। इस दौरान सीसीटीवी कैमरा भी खंगाला गया। कैमरे में संदिग्ध गतिविधियों के दिखने पर प्रभारी निरीक्षक चौक द्वारा घटना के अनावरण के लिये पुलिस टीम गठित की गयी। इस क्रम में थाना स्थानीय की पुलिस टीम ने बीती रात हुसैनाबाद इंटर कॉलेज के पास से अनिल, यासिर हुसैन, मो मजहर और उमेश कन्नौजिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 50 लाख रुपये का अर्ध-निर्मित के आभूषण (पीली धातु) 563.18 ग्राम बरामद किया है।

### रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी पहले स्थान पर, रजिस्ट्रेशन में भी आगे

**लखनऊ।** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब देश में अग्रणी राज्य बन गया है। प्रदेश ने रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन में भी आगे है। अक्षय ऊर्जा दिवस पर सोलर ऊर्जा को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तर प्रदेश ने जुलाई 2025 माह में 27,771 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं प्रति दिन इंस्टॉलेशन में भी हम अब पहले नंबर पर हैं। ऊर्जा मंत्री ने आगे लिखा कि अब तक के कुल 196,327 इंस्टॉलेशन के साथ, यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। जल्द ही शीर्ष राज्य बनने की ओर हम अग्रसर है। एके शर्मा ने कहा है कि पंजीकरण में भी हम पहले से ही प्रथम स्थान पर थे। उन्होंने 2017 से 2025 तक के आंकड़ों को शेयर करते हुए लिखा है कि यूपी में कुल सौर ऊर्जा क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।2017 में जहां ऊर्जा क्षमता 389 मेगावाट थी। वहीं 2022 में 2,244 मेगावाट और 2025 में 5,157 मेगावाट हो गई है। शर्मा ने कहा कि बायो ऊर्जा परियोजनाओं में भी हम अग्रणी राज्य बन रहे हैं। 230 टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता के साथ हम कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन में देश में नंबर एक पर हैं।

### एसजीपीजीआई में होगा सोसायटी फॉर इमरजेंसी रेडियोलॉजी का सम्मेलन



**लखनऊ।** संजय गांधी स्नाकोत्तर आर्युविज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में रेडियोडायग्नोसिस विभाग द्वारा सोसायटी फॉर इमरजेंसी रेडियोलॉजी के 12वां वार्षिक सम्मेलन 22 से 24 अगस्त तक आयोजित होगा। सम्मेलन में भारत और विदेश से लगभग 500 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। सेरकॉन 2025 आपातकालीन रेडियोलॉजी की विभिन्न उप-विशेषताओं जैसे जीआई (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल) और एमएसके (मस्क्युलोस्केलेटल) इमेजिंग से लेकर हृदयवाहिनी, फेफड़े, न्यूरो और शिशु आपात स्थितियों को कवर करेगा। इस वर्ष की थीम ' फ्राम टियर्स टू ट्विस्ट-मास्टरिंग जीआई एंढ एमएसके इमरजेंसी' पर आधारित होगी। सम्मेलन सामान्य से लेकर दुर्लभ और अक्सर कठिनता से पहचाने जाने वाले निदान संबंधी चुनौतियों पर गहन चर्चा करेगा। 22 अगस्त को आयोजित होने प्री-कॉन्फ्रेंस कौशल संवर्द्धन वर्कशॉप मुख्य आकर्षण होंगे। विश्व-प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. शिवानंद गमनगट्टी और डॉ. अतिन कुमार (एम्स, दिल्ली) ट्रॉमा इमेजिंग और रिपोर्टिंग मानकों के बारीक पहलुओं को स्पष्ट करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में वैज्ञानिक सत्र, इंटरैक्टिव केस डिस्कशन, मुख्य व्याख्यान और विशेषज्ञों द्वारा फिल्म-रीडिंग पैनल आयोजित होंगे। पद्मश्री डॉ. राधा कृष्ण धीमन (निदेशक, एसजीपीजीआई) के नेतृत्व में व डा. अर्चना गुप्ता (आयोजन अध्यक्ष) और डॉ. अनुराधा सिंह (आयोजन सचिव) के कुशल प्रयास से सेरकॉन 2025 केवल यह केवल एक सम्मेलन नहीं, बेहतर रोगी सेवा के लिए कौशल और विज्ञान का एक उत्सव साबित होगा।

# पूर्व सांसद समेत तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए पूर्व सांसद अनिल शुक्ल व कानपुर देहात के दो पूर्व जिलाध्यक्षों मनोज शुक्ल व राजेश तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूर्व सांसद अनिल शुक्ल प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति हैं।

अभी हाल ही में अनिल शुक्ल का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जिसमें वह उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से ब्राह्मणों की रक्षा करने की बात कर रहे थे। बदलापुर में सड़क निर्माण के विवाद में भाजपा कार्यकर्ता पर मुकदमा दर्ज होने से नाराज महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला अकबरपुर कोतवाली पहुंची थीं और धरने पर बैठ गईं थीं। धरने के दौरान पूर्व सांसद अनिल शुक्ल का फोन पर ब्रजेश पाठक से बात करते हुए वीडियो वायरल हुआ था।

उन्होंने शिकायती लहजे में कहा था कि हम राजनीति छोड़ दें या फांसी पर लटक जायें। आप को डिप्टी सीएम इसलिए बनाया गया है कि आप ब्राह्मणों की रक्षा करें। इस वीडियो के बाद भाजपा सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। इसको पार्टी ने गंभीरता से लेते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ल ने पूर्व सांसद अनिल शुक्ल, कानपुर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ल और राजेश तिवारी को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। जारी नोटिस में उन्होंने कहा कि आप का वक्तव्य पार्टी के विचारों के प्रतिकूल है।

आप का किया गया कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ल की ओर से इन तीनों नेताओं को जारी पत्र में लिखा है कि अपना स्पष्टीकरण 07 दिन के अन्दर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उपलब्ध करायें। समय से स्पष्टीकरण एवं संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### श्रमिकों के अनाथ बच्चों के लिए पहली बार मॉक टेस्ट करायेगा श्रम विभाग

**लखनऊ।** श्रम विभाग की तरफ से प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। इन विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चे व कोविड के दौरान अपने माँ बाप को खो चुके बच्चे पढ़ते हैं। इस वर्ष इन विद्यालयों के छात्र पहली बार 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। जिसे देखते हुए मॉक टेस्ट पर जोर दिया जा रहा है। इस बावत प्रमुख सचिव श्रम व नियोजन डॉ. एमकेएस सुंदरम ने गाइडलाइन जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक के रूप में बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। माह में दो बार वस्तुनिष्ठ प्रश्न पर आधारित टेस्ट कराए जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय से 4-5 छात्रों को टॉपर सूची में लाने का लक्ष्य है। जबकि कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

# 130वें संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किनारा कर लिया है। उन्होंने बिल को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताते हुए कहा है कि इसका दुरुपयोग सत्ताधारी पार्टियां अपने लाभ, स्वार्थ व देश के लिए करेंगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर बसपा अध्यक्ष मायावती ने लिखा कि केन्द्र सरकार द्वारा कल संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनैतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। इसका सत्ताधारी पार्टियाँ अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है।

उन्होने कहा कि इस बिल से हमारी पार्टी कतई भी सहमत नहीं है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में ज़रूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।

# अखिलेश यादव के दावों की जांच करने में जुटा चुनाव आयोग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और चुनाव आयोग के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कुछ दिन पहले ही हलफमानों को लेकर अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाया था। अब आयोग ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

अखिलेश के शपथ पत्रों के दावे को नकारते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि आयोग को उत्तर प्रदेश या यादव से कोई हलफनामा नहीं मिला है। इस बीच अब आयोग ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची में अनियमितताओं के बारे में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव की शिकायत की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के बाद, निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को मतदाता सूचियों की जांच करने का निर्देश दिया ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कथित तौर पर गलत तरीके से नाम हटाए गए हैं। कासगंज, जौनपुर, बाराबंकी और लखनऊ के जिलाधिकारियों ने अपनी जांच पूरी कर ली है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में यादव के दावों को निराधार और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि रविवार (17 अगस्त) को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि आयोग को उत्तर प्रदेश या यादव की तरफ से कोई हलफनामा नहीं मिला है। सीईसी के बयान का जवाब देते हुए, सपा प्रमुख ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों को हलफनामे की प्रतियां वितरित कीं थी। यादव ने कहा कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) में हलफनामे दायर किए गए हैं, जिनमें 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने और अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। यादव ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग से नोटिस मिलने के बाद उन्हें दी गई समय सीमा के भीतर लगभग 18 हजार हलफनामे तैयार करके जमा कर दिए गए थे। यादव के अनुसार, ये हलफनामे अमापुर, बख्शी का तालाब, जौनपुर सदर और कुर्सी जैसे निर्वाचन क्षेत्रों में विसंगतियों से संबंधित थे। उन्होंने कहा कि इनमें मतदाताओं के नाम हटाने के मामले दर्ज हैं, जो, उनके अनुसार, कुछ समुदायों के खिलाफ लक्षित तरीके से किए गए थे।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाला गिरफ्तार

- 2022 से फरार चल रहे वांछित को प्रभारी निरीक्षक थाना हुसैनगंज शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में किया गया अरेस्ट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ की हुसैनगंज पुलिस टीम ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसकी पहचान हसीन कुरैशी उर्फ़ समीर के रूप में हुई।

इस मामले में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोप में अभियुक्त हसीन उर्फ़ समीर के विरुद्ध स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था जिसके बाद से अभियुक्त पुलिस की नज़रों से बचकर काफ़ी लम्बे समय से लगातार फरार चल रहा था जिसे हुसैनगंज पुलिस टीम ने उसके निवास स्थान जनपद शामली से गिरफ़्तार कर लिया।

गिरफ्तारी बाद थाना हाजा पर लाकर हुसैनगंज पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय रवाना कर दिया। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक गौरव पाण्डेय कांस्टेबल मोहित कुमार की अहम भूमिका रही।

### प्रदेशभर में न्याय योद्धा तैयार करेगी कांग्रेस

**लखनऊ।** सरकारी तानाशाही के शिकार लोगों को कानूनी रूप से न्याय दिलाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को और धार देने के लिए कांग्रेस पार्टी प्रदेशभर में न्याय योद्धा तैयार करेगी। इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने विधि विभाग का नए सिरे से पुनर्गठन का काम शुरू कर दिया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को दी। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि योगी सरकार में जिस तरह सच बोलने पर तथा सरकार की कुनीतियों का विरोध करने पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे हैं। उसमें न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता बल्कि पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता भी पिस रहे हैं। कांग्रेस के न्याय योद्धा सरकारी तानाशाही के शिकार लोगों को कानूनी रूप से न्याय दिलाएंगे और सच और इंसाफ की लौ जलाए रखेंगे।

# रिटायर्ड फौजी ने सीएम आवास के बाहर खाया जहर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ में गुरुवार को सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास के बाहर जनता दरबार में गाजियाबाद के लोनी से आए रिटायर्ड सैन्य कर्मी सतबीर सिंह (60) ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पूर्व सैनिक ने खुद पर जान का खतरा बताते हुए लोनी विधायक का नाम लेते हुए वसूली और धमकी देने का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि आज सुबह रिटायर्ड आर्मी का जवान सतबीर सिंह सीएम आवास पहुंचा और वहां मुस्तैद सुरक्षा कर्मियों को खुद जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी दी। तत्काल सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें संभाला और सतबीर को हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले में थाना पुलिस जांच करते हुए कार्रवाई कर रही है। इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और खुफिया एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और पीड़ित फौजी को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। कड़ी सुरक्षा और सतर्कता के बावजूद सीएम आवास किसी का जहरीला पदार्थ साथ लेकर पहुंचने को सुरक्षा में बड़ी चूक माना जा रहा है।

**तैयारी** | **व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा के जरिये लंबित चालानों का नोटिस भेजेगा परिवहन विभाग**

# लंबित चालानों का भुगतान करने के लिए व्यापक अभियान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग अब वाहन कर्मियों को चालान नोटिस भेजने के लिए व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा (8005441222) का सहारा लेगा। इसके ज़रिये से प्राप्त किसी भी ई-चालान नोटिस की जांच कर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

अधिकारियों की मानें तो फिलहाल परिवहन विभाग ने 2024-25 के लिए लंबित चालानों का भुगतान करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। चूँकि कुल लंबित चालानों में से एक-तिहाई से ज़्यादा ऐसे हैं जिनमें वाहनों के पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर या तो गलत हैं या गायब हैं।

इसलिए विभाग ने मालिकों को सलाह दी है कि वे परिवहन.जीओवी.इन पोर्टल पर अपने वाहनों के चालान की स्थिति स्वयं देखें और कड़ी सज़ा से बचने के लिए समय पर अपना भुगतान करें।

विभाग अपनी व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा के माध्यम से वाहन मालिकों के मोबाइल नंबरों पर अधिकतम 36 लाख ई-चालान नोटिस भेज सकता है। यह सेवा ब्लू टिक सत्यापित है और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित है। यह सेवा 2022-23 से शुरू होने वाले तीन वित्तीय वर्षों के लिए है।

केवल 2024-25 के लिए ही 14 लाख से ज़्यादा नोटिस भेजे जायेंगे। सबसे बड़ी संख्या उनकी है जिन्होंने वाहन पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर नहीं दिए हैं या गलत नंबर दिए हैं।

हालांकि अभी उन्हें नोटिस नहीं भेजे जा सकते हैं, लेकिन उन्हें कानूनी कार्रवाई के अलावा मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है।

परिवहन विभाग के अनुसार, 2024-25 के दौरान, राज्य में कुल 2,701,786 ई-चालान जारी किए गए, जिनकी राशि 1,411.2 करोड़ रुपये थी।

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा, ÷फिलहाल हम 2024-25 के लंबित चालानों के लिए नोटिस भेज रहे हैं। बाद में, हम 2022 और 2023 के लिए भी इसी तरह की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

### लिटिल दानिश का लखनऊ में भव्य स्वागत, टीले वाली मस्जिद में अदा की नमाज



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर लिटिल दानिश (Danish Khatri) का शहर-ए-नवाब लखनऊ में जोरदार इस्तकबाल किया गया। उन्होंने टीले वाली मस्जिद में नमाज़ अदा करने के बाद अपने प्रशंसकों से मुलाकात की और इमाम साहब से मुलाक़ात की। इस मौके पर मस्जिद परिसर और आसपास का इलाका लोगों की भीड़ से खचाखच भर गया। हज़ारों की तादाद में मौजूद प्रशंसकों ने लिटिल दानिश को देखने और उनसे मिलने के लिए घंटों इंतज़ार किया। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। लिटिल दानिश ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि आप लोगों का प्यार ही मेरी असली ताक़त है। लखनऊ की महफ़ूज़ और मोहब्बत भरी सरज़मीं से मिलकर दिल खुश हो गया। उनके इस मीट-अप में हर उम्र के प्रशंसकों की मौजूदगी देखने लायक थी। बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग—सभी ने अपने चहेते स्टार से मिलने की ख्वाहिश पूरी की। लिटिल दानिश का यह दौरा एक बार फिर साबित करता है कि सोशल मीडिया ने नई पीढ़ी को एक ऐसा मंच दिया है, जहाँ से प्यार, मोहब्बत और भाईचारे का पैग़ाम आम लोगों तक पहुँचाया जा सकता है।

# टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय में नेशनल सेमिनार आयोजित

- साइबर सुरक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय ने 'एम्पावरिंग द नेक्स्ट जनरेशन इन साइबर सिक्योरिटी' पर एक नेशनल सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने छात्रों को विकसित होने वाले साइबर ख़तरों से निपटने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया और कौशल से समृद्ध करने के लिए क़ानूनी और आईटी दिग्गजों का समूह एक साथ लाया।

संगोष्ठी के उद्घाटन के बाद यू. के. के प्रतिष्ठित सॉलिसिटर एडवोकेट हरजोत सिंह, टी. एन. गोस्वामी (अकादमिक प्रमुख, आईटी प्रबंधक, एपटेक) का स्वागत गेस्ट ऑफ़ ऑनर और मुख्य वक्ता के रूप में किया गया। डॉ. एस पी राय (डीएसडब्लू), प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह, डीन टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल और डॉ. हेमेंद्र शर्मा, रजिस्ट्रार/डीन, स्कूल ऑफ़ बिज़नेस एंड मैनेजमेंट एवं विश्वविद्यालय के सभी डीन और संकाय सदस्यों ने इस कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई। श्री हरजोत ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय क़ानूनी परिप्रेक्ष्य प्रदान किया, उन्होंने डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा क़ानूनों के भविष्य को आकार देने में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) की अपार क्षमता पर प्रकाश डाला, क़ानून और प्रौद्योगिकी से जुड़े करियर के अवसरों पर प्रकाश डाला। श्री गोस्वामी ने अपनी व्यापक आईटी विशेषज्ञता पर भाषण दिया, उन्होंने बच्चों को मौलिक और उन्नत साइबर सुरक्षा अवधारणाओं से परिचित कराया। उन्होंने छात्रों को टेक्निकल सेशन में शामिल किया, जो डिजिटल परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यावहारिक जागरूकता और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है। प्रो. (डॉ.) सिंह ने अपने स्वागत भाषण में सभी विषयों में विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में साइबर सुरक्षा को व्यवस्थित रूप से शामिल करने पर जोड़ दिया, उन्होंने इसे अनिवार्य विषय बनाने के लिए दृढ़ता से तर्क दिया, यह कहते हुए कि यह अब एक कौशल नहीं है बल्कि 21 वीं शताब्दी के लिए एक मौलिक साक्षरता है। डॉ. एस.पी. राय ने मेहमानों और प्रतिभागियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, डॉ. हेमेंद्र शर्मा ने संगोष्ठी की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें सभी संकायों से अधिकतम भागीदारी का आग्रह किया गया।

# डीएम-एसपी ने दिए सख्त निर्देश दोषियों को दिलायें सजा

- प्रत्येक मामलों में समय से साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत करने के दिये निर्देश
- अभियोजन कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों की स्थिति की ली जानकारी



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन सभागार गोण्डा में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियोजन से जुड़े अधिकारियों एवं न्यायालय में कार्यरत सहायक अभियोजन अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने अभियोजन कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों की स्थिति, गवाहों की उपलब्धता, अभियुक्तों की उपस्थिति तथा न्यायालयों में की जा रही पैरवी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और समाज में अपराध के प्रति डर बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि दोषियों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से सजा दिलाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी सहायक अभियोजन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मामले में समय से साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत हों और गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि अभियोजन की सफलता दर में वृद्धि हो। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उन मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा जिनमें गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं और जिनका समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के प्रयास किए जाएं ताकि समाज में कानून का भय बना रहे। उन्होंने अधिवक्ताओं से भी अपील की कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ मामलों की पैरवी करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाकर उन्हें सजा दिलाई जाए, ताकि आमजन का न्याय प्रणाली पर विश्वास मजबूत हो। जिलाधिकारी ने सभी को यह भी निर्देशित किया कि अगले माह की समीक्षा बैठक में ठोस प्रगति के साथ उपस्थित हों। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, उपजिलाधिकारी गोण्डा सदर, करनैलगंज, मनकापुर तथा तरबगंज, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारीगण, अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर में तैयारियों को परखा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में आगामी कजरीतीज पर्व के अवसर पर बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर, खरगूपुर में आयोजित होने वाले जलाभिषेक कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज स्थल का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर प्रांगण एवं उसके आसपास की सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, ट्रैफिक एवं पार्किंग की स्थिति, बैरिकेडिंग तथा रूट डायवर्जन आदि की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहनी चाहिए। पुलिस विभाग को भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत विभाग को मंदिर परिसर एवं रास्तों में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि श्रद्धालुओं को रात्रि में आवागमन में कोई कठिनाई न हो। स्वास्थ्य विभाग को मौके पर प्राथमिक चिकित्सा एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सूचना पट्ट, सहायता केंद्र तथा पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी गोण्डा सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस सदर, एक्सईएएन विद्युत, एक्सईएएन प्रान्तीय खण्ड, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपईडीह, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भादी मावस उत्सव आज, पहले दिन रचाई गई मेहंदी...



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

भादी मावस उत्सव को लेकर दो-दिवसीय कार्यक्रम में गुरुवार को ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर गोंडा के प्रांगण में मेहंदी उत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ। पहले दिन समाज की महिलाओं ने दादी के नाम की मेहंदी हाथों में लगाई।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री श्याम मंदिर महिला मंडल के सदस्यों ने सर्वप्रथम झुंझुनू वाली सती दादी जी के हाथों और पैरों में मेहंदी रचाई।फिर उसके बाद सभी महिलाओं ने अपने-अपने हाथों में मेहंदी लगवाई।और दादी जी भजनों का गुणगान में हुआ। और आज शुक्रवार को दादी जी के उत्सव में मंगल पाठ का आयोजन भी होगा। मंगल पाठ वाचक रजत शर्मा कोलकाता आनंद नगर से नृत्य नाटिका टीम के साथ मौजूद रहेंगे। इसमें दादी जी के जन्म से लेकर सती तक नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। मंगल पाठ में मुख्य यजमान संगीता अग्रवाल एवं श्रवण अग्रवाल होंगे। और उनके साथ यह तेरह विशिष्ट महिलाएं पीले रंग की साड़ी पहनकर और चुनरी ओढ़ कर मंगल पाठ में शामिल होंगी और शनिवार को प्रातः मंदिर में श्री राणी सती दादी जी समझ जात- जड़ूला और धोक पूजा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, मंत्री संतोष अग्रवाल कोषाध्यक्ष बेनू अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, पूनम मित्तल,वर्षा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सरोज गर्ग, नीतू गर्ग, ज्योति तुलस्यान, प्रीति तुलस्यान, रेनू मंगल, सुधा टेकडीवाल, मंजू अग्रवाल, उमा ताजपुरिया ,पुष्पा सोमानी, शारदा गर्ग, सरिता सिंघल के अलावा श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, गोविंद जालूका और सुशील पचेरिया सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# प्रभु झूलेलाल महोत्सवः एक शाम जतिन उदासी के नाम

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**





गोंडा में चल रहे श्री झुलेलाल महोत्सव में रॉयल मैरिज हॉल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले प्रभु झुलेलाल की आरती की गई। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इसके पश्चात उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार (अखिल) को सिंधी समाज के मुखिया जयरामदास लधवानी एवं मथुरादास लधानी ने शाल पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद सिंधी समाज के मुखिया राजकुमार ठक्कूर एवं कैलाश रायतानी ने निदेशक अभिषेक कुमार (अखिल )को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।अकादमी के रवि यादव को सिन्धी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश ठक्कूर ने मोमेंटो भेंट किया। सिख समाज के प्रधान सरदार हरजीत सिंह छाबड़ा और सरदार अजीत सिंह सलूजा को यूथ ग्रुप के मयूर रायतानी , पंकज लधवानी ने पाखड़ पहन कर सम्मानित किया। इसी क्रम बलरामपुर से आए हुए श्रवण वाधवानी, निखिल तोलानी शैलेश वाधवानी, राधा किशन,अमृत वाधवानी, रितेश तोलानी अनिल खान चंदानी, बहराइच के भीमसेन , सीतापुर के विनीत धनवानी, आदि जनपदों से आए हुए अतिथियों का झूलेलाल धमार्थ समिति के अध्यक्ष अनिल कालानी, जय माता दी के निखिल वाधवानी हरीश राहूजा ,मनीष आडवानी , अंकुर रायतानी, सनी लालवानी ने पाखड पहना कर स्वागत किया। इसके पश्चात कार्यक्रम में आए हुए सम्मानित पत्रकारों बंधुओं का सिंधी समाज के प्रवक्ता किशन राजपाल एवं मनोहर बलेचा ने अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पधारे पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल का जगदीश रायतानी एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष मुकेश धनकानी ने मोमेंटो देकर स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने गोंडा के उभरते क्रिकेट खिलाड़ी व उत्तराखंड में अंडर 16 विजय ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नामित होने वाले हर्ष रायचंदानी को मोमेंटो देकर उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पंजाब एंड सिन्ध बैंक के ब्रांच मैनेजर अंकित त्रिवेदी ने आर ओ वाटर कूलर पूज्य झूलेलाल सिंधी धर्मशाला को भेंट करने की घोषणा की। तत्पश्चा कार्यक्रम की शुरुआत मुंबई के कलाकार जतीन उदासी ने धूम मचा दी। सभी युवा, पुरुष एवं महिलाएं अपनी अपनी कुर्सिया छोड़कर उत्साहित होकर आयो लाल झूलेलाल के नारे के साथ मंच के पास आकर नृत्य करने लगे उत्साहित युवक और युवतियों को कमेटी के सदस्यों द्वारा बार-बार मना करने के बाद भी जतिन उदासी के साथ नृत्य करने का प्रयास करते रहे। आरती कमेटी के ओमी ठकुर, पूरन खत्री उमेश चंगुलानी ने आए हुए कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया । कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। कार्यक्रम के अंत में मेला कमेटी के अध्यक्ष मुकेश धनकानी ने आए हुए समस्त अतिथियों का आदर व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी,उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के निदेशक अखिल कुमार और रवि यादव का संपूर्ण सिंधी समाज की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# खबरें एक नजर में

## महिला ने चुराया मोबाइल, सीसीटीवी कैमरा में हुई कैद

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मनका पुर कोतवाली क्षेत्र के बेनी पुर बग़मरवा निवासी अंजनी चौहान के पुत्र की तबियत खराब थी। नगर कोतवाली क्षेत्र के आईटीआई चौराह स्थित एक नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया था। वहीं नर्सिंग होम में अंजनी ने अपने मोबाइल को चार्जिंग के लिए लगा दिया था। थोड़ी देर बाद मोबाइल गायब हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी मोबाइल नहीं मिली। सीसीटीवी कैमरा देखा तो उस में मोबाइल चोरी की घटना कैद हो गई। एक महिला चुपके से पहुंचती है। चारों तरफ देखने के बाद मोबाइल उठाकर चल देती है।घटना की तहरीर पुलिस अधीक्षक को दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी पुरवा गांव के निवासी 24 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र अंकित कुमार ने बुधवार की देर शाम को घर पर ही कमरा बंद कर के फांसी लगा लिए था। थोड़ी देर बाद उस को घर वालो ने फांसी से उतार के जिल अस्पताल ले गए। जहा चिकित्सक ने देखने के बाद उस को मृत्यु घोषित कर दिया। घटना कारण घर का आपसी कलह बताया गया है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

## सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले के करनैलगंज क्षेत्र में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब वह सब्जी खरीदने के लिए घर से बाजार जा रहे थे। मृतक की पहचान सकरौरा पूर्वी निवासी रहमत अली (55) पुत्र ईदू के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## अध्यक्ष पद पर जवाहर लाल वर्मा हुए विजयी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मिहीपुरवा तहसील में बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद का चुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया है। अध्यक्ष पद पर जवाहर लाल वर्मा विजयी हुए। जिले के तहसील मिहीपुरवा में बुधवार को मिहीपुरवा तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की। इसमें गणेश सिंह व जवाहर लाल वर्मा ने अपना दाव आजमाया। चुनावी प्रक्रिया सुबह से शुरू हुई। चुनावी प्रक्रिया में सबसे पहले तहसील के सभी अधिवक्ताओं ने अपने समझ से मतदान किया। कुल मिलाकर 57 मतों का मत पेटिका में पड़ा। शाम को मतों की गणना शुरू की गई। जिसमें 47 मत जवाहर लाल वर्मा को मिले वही गणेश सिंह को मात्र 9 मत ही मिल सके। इसके बाद जवाहर लाल वर्मा मिहीपुरवा तहसील के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए। वही नियुक्ति पत्र मिलते ही उनके समर्थकों में काफी खुशी दिखी।

# आयुक्त ने ली खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



देवीपाटन मण्डल के आयुक्त ने गुरूवार को बालपुर स्थित ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड सालपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को किये जा रहे खाद वितरण की व्यवस्था पर विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने लाइन में लगे कई किसानों से बातचीत कर खाद वितरण की जानकारी ली। आयुक्त ने मौके पर मौजूद सचिव एवं एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि सभी किसानों का पूरा ब्यौरा दर्ज किया जाए तथा खाद का वितरण क्रमवार और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी किसान को असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी को समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए। इसके उपरांत आयुक्त ने सुभागपुर रेलवे के माल गोदाम का भी निरीक्षण किया, जहां पीसीएफ के माध्यम से खाद की खेप उतारी जा रही थी।

उन्होंने पीसीएफ के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि गोदाम से समितियों तक खाद की आपूर्ति समयबद्ध तरीके से की जाए ताकि किसानों को विलम्ब का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि कहीं भी किसानों के साथ लापरवाही या मनमानी पाई गई तो जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की सुविधा और हितों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इस दौरान उप जिलाधिकारी गोंडा मौजूद रहे।

## आबादी के पास पेड़ पर चढ़ा दिखा तेंदुआ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रामपुर धोबिया हार गांव के पास आबादी वाले स्थान पर सेमल के पेड़ पर ग्रामीणों को तेंदुवा दिखा है। सूचना वन विभाग को दिया गया।जिले के नानपारा रेंज के ग्राम सभा रामपुर धोबिया हार आबादी वाले क्षेत्रों में बीते कई दिनों से ग्रामीणों को तेंदुआ दिख रहा है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। अभी तक वन ने पिंजड़ा नहीं लगाया है। वही गुरुवार को गांव के पास हरीश वर्मा के गन्ने के खेत में लगे सेमल के पेड़ पर तेंदुवा गांव निवासी मोनू पुत्र रामलाल को दिखा तो उसने अपने मोबाइल में फोटो खींच लिया वही तेंदुआ दिखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। सूचना के बाद मौके पर वन विभाग की टीम पहुंच कर गोला पटाखा दगा कर भागने में जुटी हुई है।



## भाषा व गणित के बुनियादी दक्षताओं पर जोर दें शिक्षक : राकेश कुमार

**फखरपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र गजाधरपुर पर चल रही बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान (एफएलएन) प्रशिक्षण के दूसरे दिन बीईओ राकेश कुमार ने कहा कि बच्चों में भाषा और गणित के बुनियादी दक्षताओं के लिए सभी शिक्षक पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण को लेते रहें। सीखें हुए बारीकियों को विद्यालय स्तर पर उपयोग करते हुए विद्यालय को निपुण बनाएं। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाता अरविंद कुमार, संजीव त्रिपाठी, प्रदीप तिवारी, अनमोल श्रीवास्तव व राजेश पांडेय ने पिछले प्रशिक्षण की पुनरावृत्ति पर चर्चा करते हुए बच्चों का आकलन, भाषा की समझ, निपुण लक्ष्य से अवगत कराएं। संजीव त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षण कार्य के दौरान गतिविधियों का प्रयोग जरूर किया जाए। बीईओ राकेश कुमार ने प्रशिक्षण हाल में मौजूद सभी प्रधानाध्यापकों से कहा कि यू डाइस के ड्रॉप बॉक्स को तत्काल खाली करें। इस दौरान बालकृष्ण, मिश्र रवींद्र कुमार मिश्र, मनोज गुप्ता, आदित्य चतुर्वेदी, विनय पांडेय, राजकुमार सहित सभी शिक्षक मौजूद रहें।

# खैरीघाट थाना क्षेत्र में शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र बना चोरों का हब

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में चोर परिषदीय विद्यालय को लगातार निशाना बना रहे हैं।बुधवार गुरुवार की रात्रि प्राथमिक विद्यालय खैरी में अज्ञात चोरों ने खिड़की का सरिया तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया। लेकिन चोरी करने में असफल रहे। प्रधानाध्यापक अंकित पाण्डेय ने बताया कि गुरुवार सुबह विद्यालय पहुंचा तो खिड़की की सरिया टूटी हुई थी। वहां के दृश्य से लगता है कि चोर ने अंदर घुसने का भर्षक प्रयास किया है। लेकिन चोरी करने में असफल रहा। जिससे खिसियाकर कार्यालय के सामने लैट्रिन करके चला गया। पीआरवी डायल 112 की पुलिस सहित खंड शिक्षा अधिकारी राम तिलक वर्मा को दी है। शिक्षा के मंदिर में ऐसी घिनौनी करतूत शिक्षा और अज्ञानता के बीच की लड़ाई मानी जा रही है। ज्ञात हो कि इसी सप्ताह 14 और 18 अगस्त की रात ब्लॉक क्षेत्र के बसंतापुर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों का सामान चुरा ले गए हैं। कोतवाल नानपारा के सीयूजी नंबर पर फोन कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया। किसी अन्य पुलिस कर्मी ने फोन उठा कहा कि साहब ऑफिस में है। किसी का बयान करवा रहे हैं।



## ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाइक में टक्कर, दो घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गायघाट के पास ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक में टक्कर हो गई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के दाखिननपुरवा गायघाट के पास बुधवार की शाम ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक सवार में टक्कर हो गई, टक्कर होने से बाइक पर बैठे मुकेश पुत्र नवल निषाद व दुईजी पुत्र मालती निवासी बढ़ैया कला थाना कोतवाली नानपारा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों लोगों को इलाज के लिए सीएचसी मिहीपुरवा भेजवाया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद कुमार चौरसिया ने बताया कि दोनों घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है मौके पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चालू है।



# खुशहाल परिवार दिवस पर दिया परिवार नियोजन का संदेश

### मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिकाः डॉ धीरेन्द्र तिवारी

**पयागपुर बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



खुशहाल परिवार दिवस पर परिवार नियोजन का संदेश जन-जन तक पहुंचाए जाने के उद्देश्य से गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर अंतर्गत समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मनाया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस माह की 21 तारीख को मनाया जाता है। जिसमें आए हुए लाभार्थियों को परिवार नियोजन के विभिन्न सेवा मुहैया किया गया मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीपीएम पयागपुर सीएचसी अनुपम शुक्ल ने बताया खुशहाल परिवार दिवस पर परिवार नियोजन सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता है। इस दौरान लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन निश्शुल्क उपलब्ध तो कराए ही जाते हैं। साथ में इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन साधनों के बारे में परामर्श भी दिया जाता है। खुशहाल परिवार दिवस में नवविवाहितों को उपलब्धता के आधार पर शगुन किट दिया गया साथ ही परिवार नियोजन साधनों के बारे में विस्तार से बताते हुए विवाह पंजीकरण के बारे में भी अवगत कराया जाएगा। इसमें आशा कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। खुशहाल परिवार दिवस पर लक्षित समूह की चिन्हित महिलाओं को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं, ताकि उनको विस्तार से परिवार नियोजन साधनों के बारे में जानकारी मुहैया कराई जा सके।

# गौशाला निरीक्षण में मिली खामियां, एसडीएम ने लगाई फटकार

- कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी

**पयागपुर बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील पयागपुर के एसडीएम अश्वनी पांडेय ने सोहरियावा स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खुद गौवंशों को दाना खिलाया और वहाँ की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। निरीक्षण में मिली खामियों को देखकर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।गौशाला में केवल 40 प्रतिशत जानवरों की ही जियो टैगिंग पाई गई, जिस पर एसडीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। मौके पर स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध न होने पर एसडीएम ने इसे गंभीर लापरवाही माना। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को संबंधित कर्मचारी का वेतन अगले आदेश तक रोकने के लिए पत्र लिखने का निर्देश दिया। एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल को गौशाला की भूमि की पैमाइश कराने का आदेश दिया। गौवंशों को धूप से बचाने के लिए छायादार पेड़ लगाने का भी निर्देश दिया गया। एसडीएम अश्वनी पांडेय ने चेतावनी दी कि गौशालाओं के प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यूरिया खाद की कालाबाजारी को लेकर कलेक्ट्रेट मे सपा का प्रदर्शन

- खाद की बोरी पहनकर यूरिया चोरों गद्दी छोड़ो के लगाए नारे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में यूरिया खाद के भीषण संकट, बाढ़ व कटान से विस्थापित किसानों की समस्या तथा चीनी मिल चिलवरिया पर किसानो के गन्ना मूल्य का करोड़ों रूपये के बकाया भुगतान कराये जाने आदि विभिन्न मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव की अगुवाई में सपाइयों ने किसान विरोधी सरकार, यूरिया चोर भाजपा गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए तथा यूरिया खाद की बोरिया पहन कर धरना प्रदर्शन व विरोध दर्ज किया। तथा जिलाधिकारी के कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव करते हुए अपनी 3 सूत्रीय प्रमुख मांगो को जल्द पूर्ण करने का ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा और कहा कि अन्यथा कि दशा में समाजवादी पार्टी बड़े जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश सहित बहराइच में यूरिया खाद की बहुत ही ज्यादा किल्लत है, खाद विक्रय केंद्रो पर जिले का किसान सारा-सारा दिन यूरिया खाद के इंतजार में खड़े रहते है लेकिन उन्हे खाद नही मिलती है और मारा मारा फिरता है। अगर बमुश्किल यूरिया मिल भी रही है तो जो खाद 270 रूपए बोरी मिलती है उसे ओवर रेटिंग पर 800 से लेकर 1000 रूपए तक बेच रहे है, भाजपा के बड़े नेता और अधिकारी बहराइच के किसानो के हिस्से की सारी खाद नेपाल में बेच दिये है, ये भाजपा सरकार खुद किसानो का हिमायती बताती है और इन्ही के सरकार में खाद के लिए किसान सड़को पर लाठिया खा रहा है। विगत दिनों कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण किया लेकिन उनके द्वारा भी पीड़ितों को कोई मदद नही की गई सिर्फ कागजो पर ही खाना पूर्ति चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिले के गन्ना किसानो का करोड़ों रुपया चिलवारिया चीनी मिल डकार कर बैठी है। और किसान रोज उनकी चौखट पर भटक रहा है लेकिन चीनी मिल भुगतान करने का नाम न ले रही है।इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा कैसरगंज पंडित भगतराम मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा बहराइच/पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा, एड उत्तम सिंह, अनिल यादव, रामजी यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता तारिक खा, सपा नेता अवधेश वर्मा, सुन्दर लाल बाजपेयी, अनवर खा वारसी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रदीप यादव, महेन्द्र स्वरूप, महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी, सुमन शर्मा, एड मंजू चौधरी, फ्रंटल जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव सहित सभी सपाजन भारी संख्या में मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### जहरीले जंतु के काटने से 5 वर्षीय बच्चे की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** जहरीले जंतु के काटने से एक बालक की मौत हो गई बारिश का मौसम चल रहा है और इस समय लोग जहरीले जंतु के काटने से काल के गाल मे समा रहे हैं रचित पुत्र जयप्रकाद निवासी बावन बुजुर्ग बल्ला को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया परिजन जब तक उसे अस्पताल लेकर पहुंचते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार बालक को कुछ काट लिया है और उसे अस्पताल मृत लाया गया था।

### बाबा धाम के लिए दानेश्वर धाम से कांवड़ियों के जत्थे को प्रभात साहू ने रवाना किया



**महराजगंज, रायबरेली।** दानेश्वर धाम से बाबा धाम के लिए कांवड़ियों के जत्थे को बाबा धाम के लिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने रवाना किया। सभासद विनीत वैश्य की अगुवाई में ये जत्था बाबा धाम तक जायेगा जिसमें 110 किलोमीटर की यात्रा पैदल तय जाएगी तथा अन्य यात्रा साधनों से तय की जाएगी प्रभास साहू ने शिव भक्तों को प्रसाद वितरण किया और उनकी यात्रा की मंगलमय कामना की तो वहीं इस मौके पर नीरज सहित अन्य शिव भक्त मौजूद रहे।

### दिव्यांगजनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**सीतापुर।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जमैयतपुर सीतापुर में दिव्यांग जनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या तथा इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख आर.पी. दुबे के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी तथा इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को स्वावलंबी बनने हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत ऋण वितरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आप लोग कभी अपने आप को कमजोर न समझें, कभी भी यह सोचकर दुखी न हों कि हम कुछ कर नहीं सकते है। आपने जो संस्थान में सीखा है उस काम को श्रद्धापूर्वक करिये और हमेशा अपने आप पर भरोसा रखिये। अपनें सीखे हुये कौशल का अभ्यास करते हुए स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है। इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख ने दिव्यॉगजनों को सम्बोधित करते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठानें हेतु प्रेरित किया और कहा कि आत्मविश्वास एवं परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इंडियन बैंक, शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु हमेशा आपकी सहायता के लिये तत्पर है। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये और कहा कि मोदी जी का सपना है कि आत्मनिर्भर भारत तभी बन सकता है जब आप आत्मनिर्भर बनेंगे। इस अवसर पर 'एक पेड़ मॉ के नाम' अभियान के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी तथा अंचल प्रमुख के साथ प्रशिक्षुओं द्वारा संस्थान परिसर में 50 पौधे रोपित किये गये। संस्थान के निदेशक अंकुश वर्मा द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों को नव जीवन की शुरूआत हेतु बधाई दी।

### अचानक दबिश में 56ली अवैध कच्ची शराब बरामद



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बुधवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम, शंकरगंज, शेखान गांव, त्रिलोकपुर, अलीनगर, खन्ना का ताल में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र- तिलोई में थाना-मोहनगंज के अंतर्गत ग्राम-शंकरगंज, शेखान गांव से कुल 56ली अवैध कच्ची शराब बरामद हुई व 250कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया, साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई एवं आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ मनोज कुमार, सुबोध कुमार, कौशल सिंह, राजेश सिंह, मनोज कुमार आदि आबकारी सिपाही दबिश में सम्मलित रहे।

### जख्मी छुट्टा मवेशी का हुआ इलाज



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र शाहगढ़ के बीरराम पुर के पास रस्सी से जख्मी एक छुट्टा मवेशी तड़प रहा था, जिसकी पीड़ा को देख ग्रामीण राजकुमार यादव ने इसकी सूचना आरएसएस की शाखा गोरक्षा जिला प्रमुख मनीष तिवारी को दी, सूचना मिलने पर गोरक्षा प्रमुख सहयोगियों के साथ मौकास्थल पर पहुंचे, मवेशी की रस्सी काटकर उसका इलाज किया। गौरक्षा प्रमुख ने लोगों से अपील की है कि जानवर को छोड़ने और जख्मी होने की सूचना दे, और जख्मी जानवर का टीम के साथ पहुंच नि:शुल्क इलाज करेंगे। स्थानीय ग्रामीण अनिल यादव, मुन्ना मिश्र, संतराम, राजू शुक्ला ने टीम का सहयोग किया।

### वन्यजीव हमले को लेकर एसडीएम ने ग्रामीणों से की अपील

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र मुसाफिरखाना के नारा अड़नपुर गांव में जंगली जानवर के हमले से दो लोग गयाराम पुत्र सोमई तथा साधुराम पुत्र शिवशंकर घायल हो गए। जंगली जानवर के आतंक से परेशान ग्रामीणों को वन्यजीव हमले से बचाव के लिए सावधानियाँ बरतने की अपील की गई है। उपजिलाधिकारी मुसाफ़िर खाना अभिनव कन्नौजिया ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल में अकेले या रात में न जाएं। जंगल के पास रहने वाले लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग विशेष सावधानी बरतें। किसी भी प्रकार का हिंसक वन्यजीव दिखने पर तुरंत वन विभाग या पुलिस को सूचित करें। इसके अलावा अपने मवेशियों, पालतू जानवरों ,घरों और खेतों की सुरक्षा के लिए उचित उपाय अपनाएं। उपजिलाधिकारी ने कहा है कि आपकी सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता है।

### बकरा-बकरी चोरी करने वाले अन्तर्जनदीय तीन शातिर चोर गिरफ्तार




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को देर शाम प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज राकेश सिंह वांछित अभियुक्तों की तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान थानाक्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थानाक्षेत्र मोहनगंज व जगदीशपुर में बकरा बकरी चोरी करने वाले कुछ लोग औरा गाड़ी सं UP72BV1036 में चोरी की बकरियां लाद कर कहीं बेचने जाने की फिराक में मोहनगंज-जायस बॉर्डर पर खड़े हैं। उक्त सूचना पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा गाड़ी को घेर कर उसमें बैठे 3 लोगों को पकड़ लिया गया तथा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से भाग गया। नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम प्रियम मौर्या उर्फ प्रेम मौर्या पुत्र धर्मेन्द्र कुमार मौर्या निवासी सकरदहा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ बताया, दूसरे ने अपना नाम मो अहमद पुत्र मो अहमद अली निवासी गढ़ी बाजार थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी बताया जिसकी तलाशी से एक तमंचा व एक कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम अखिलेश कोरी पुत्र रंजीत कुमार निवासी पूरे अधार तिवारी मजरे उत्तरगांव थाना जगदीशपुर जनपद बताया । कार की तलाशी से 5 बकरी व 1 बकरा बरामद हुआ तथा कार के डेस्क बोर्ड से बकरी चोरी में प्रयुक्त 2 चाकू, 1 रस्सी व 1 टॉर्च बरामद हुई । भागने वाले व्यक्ति का नाम पता पूछने पर प्रियम मौर्या ने बताया कि उसका नाम नूर है जो जगदीशपुर के आसपास का रहने वाला है।

### रोजगार महाकुंभ में 50 हजार युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में 26, 27 एवं 28 अगस्त को रोजगार महाकुंभ, केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार महाकुंभ में 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें देश-विदेश की कंपनियां प्रतिभागी अभ्यार्थियों को चयनित करने हेतु आएंगी। इन विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक बीटेक, पैरामेडिकल कोर्सेस आदि में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा व साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। साथ ही इसमें श्रमिक वर्ग, कुशल कामगार, अकुशल कामगार भी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# युवक ने फांसी लगा कर जान दी

**डलमऊ रायबरेली , समृद्धि न्यूज़।**



संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने आम के बाग में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के राधा बालमपुर गांव निवासी उमाशंकर पांडे पुत्र काशी प्रसाद पांडे उम्र लगभग 40 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने ही आम के बाग में साड़ी के सहारे फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह शौच के लिए ग्रामीण बाग की तरफ गए तो देखा एक युवक आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटक रहा है ग्रामीणों ने इसकी सूचना डलमऊ पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ग्रामीणों की माने तो मृतक युवक की पत्नी का गांव के ही किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था कुछ माह पूर्व अवैध संबंधों को लेकर पत्नी के प्रेमी से मृतक का विवाद हुआ था जिसको लेकर मृतक एवं उसकी पत्नी का आए दिन घरेलू कलह एवं लड़ाई झगड़ा होता रहता था एक दिन पूर्व ही पति-पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ उसके बाद पति अपनी पत्नी को लेकर उसके मायके कुरौली दमा छोड़ आया और वापस आकर गांव के बाहर स्थित आम के बाग में साड़ी के सहारे फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली मृतक अपने पीछे पत्नी रितिका एवं दो पुत्र आदित्य 14 वर्ष अर्पित 12 को छोड़ गया है घटना के बाद पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है उसने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बेस्ट टीचर ऑफ़ द ईयर अवार्ड्स से नवाजे गये मो.जावेद सर



**रायबरेली।** हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ एम.जे.एस. कंप्यूटर इंस्टिट्यूट सरेनी, यह केवल सरेनी क्षेत्र के लिए ही नही बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड ने जयपुर में भव्य रूप से स्कूल एवं टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2025 का आयोजन किया ह्व यह राष्ट्रीय स्तर समारोह में भारत भर से आए हुए सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों, विद्यालयों और शिक्षा के क्षेत्र की प्रतिभाओं के सम्मान को समर्पित रहा। जावेद सर ने कहा यह अवार्ड्स व सम्मान सिर्फ मेरा नहीं बल्कि सभी छात्रों, मेरे माता- पिता, सभी गुरुजानों व सभी सहयोगियों का है जो सदैव अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करते है। मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि और मुख्य मिशन शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाना है, जिससे यह सभी के लिए सुलभ और किफायती हो, खासकर कंप्यूटर प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्रों में। हमारा संस्थान कंप्यूटर शिक्षण, ग्राफिक डिज़ाइन, वेब विकास, प्रोग्रामिंग, हार्डवेयर, और नेटवर्किंग जैसे क्षेत्रों में उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है, जिससे छात्रों को सफल करियर बनाने में सशक्त बनाया जा सके। हम मानते हैं कि शिक्षा एक क्रांति है। शिक्षण केवल एक पेशा नहीं है, यह एक कला है जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।

## रोजगार महाकुंभ का आयोजन 26 से 28 अगस्त तक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया कि शासन ने बेरोजगारों के लिए रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया हैं। सेवायोजन विभाग 26 से 28 अगस्त तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रोजगार महाकुंभ के आयोजन करने जा रहा है। रोजगार महाकुंभ के माध्यम से सरकार 50 हजार युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरुप नौकरी उपलब्ध कराएगी। सेवायोजन विभाग द्वारा https://roj-gaarsangam.up.gov.in पोर्टल विकसित किया गया है। जिसमें नियोजको एवं नौकरी हेतु प्रयसरत युवाओ के लिए पंजीकरण सुविधा उपलब्ध है। सेवायोजन विभाग द्वारा जापान, जर्मनी एवं इजराइल जैसे देशो में हेल्थ होम-केयरगिवर के प्लेसमेंट की रिक्तियां दी जा रही है। दो दिन के रोजगार महाकुंभ में विनिर्माण आईटी-सेवा क्षेत्र उभरते उद्योगों को प्रशिक्षित युवा उपलब्ध होगें। रोजगार महाकुंभ में एआई प्रशिक्षण मंडल विशेष आकर्षण होगा। इसमें उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों के सहयोग से डिजिटल कौशल और एआई-संचालित नौकरी की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। प्रदर्शनी में सरकारी पहलुओं और भविष्य के कौशल रुझानों को प्रदर्शित किया जायेगा। रोजगार महाकुंभ में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

### मोबाइल स्वामी को पुलिस ने सौंपा खोया हुआ मोबाइल



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपदीय पुलिस को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग करने एवम् खोये हुए/लावारिस वस्तुओं को उनके स्वामियों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्दगी हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में निरीक्षक कोतवाली देहात अमर सिंह केनेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा खोए/गुमशुदा संबंधित मोबाइल फोन CEIR पोर्टल पर ट्रैक कर बरामद मोबाइल फोन को उसके धारक श्याम के खुर्द किया गया। मोबाइल स्वामी द्वारा पुलिस के इस काम की भूरी भूरि प्रशंसा की गई।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट फुरसतगंज अमेठी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से आए 12 कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का आयोजन फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट और रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, मुंबई से पधारे, रामजी लाल वर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन कविराज डॉक्टर शिव कुमार सिंह शिव द्वारा किया गया।

अपनी प्रस्तुति में उन्होंने कहा-

ऐसा हो जाये यदि पत्थर भी तरल हो जाये।

धातुएं तैरें पानी में अमृत भी गरल हो जाये।।

ज़िन्दगी ये ख़त्म हो जाये वक्त के थपेड़ो से।

मगर मुश्किल है कि आदमी सरल हो जाये।

कार्यक्रम में आसपास के संस्थानों के, प्रधानाचार्य, अध्यापक, गणमान्य व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राजीव गांधी विमानन विश्वविद्यालय के छात्र भी मौजूद रहे। कवि संदीप कुमार शरारती ने हास्य व्यंग्य से खूब तालियां बटोरी।

अन्य कवियों में इंद्रजीत सिंह अर्चक सुल्तानपुर, वेद प्रकाश सिंह प्रकाश बाराबंकी, रमजान अली सफीर अमेठी, सौरभ शर्मा स्माइल पटना, दयाराम दर्द फिरोजाबाद, रामदेव शर्मा राही मथुरा, राकेश ऋषभ गौरीगंज अमेठी और सुआभा गुप्ता इंदौर ने अपनी रचनाओं से दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान एफडीडीआई के दो विद्यार्थियों सानिया सुहेल, फैशन विभाग और ऋषभ सागर, फुटवियर विभाग ने भी कविता पाठ किया। दोनों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनों से तालियां बजाने को बाध्य कर दिया। संस्थान के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार द्विवेदी ने कहा कि साहित्य समाज का आईना है छात्रों को साहित्य और संस्कृति से परिचित करना इस कार्यक्रम का निमित है। कार्यक्रम के दौरान, रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच द्वारा संस्थान के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार द्विवेदी को साहित्य ज्ञान भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

# रायबरेली का लाल शारजाह में करेगा धमाल

**रायबरेली , समृद्धि न्यूज़।**




रायबरेली का लाल शारजाह में फिर करेगा धमाल जनपद के प्रतिभाशाली युवा शायर व मंच-संचालक मारूफ़ रायबरेलवी आगामी 23 अगस्त को शारजाह (यूएई) में बज़्म-ए-आज़मगढ़, शारजाह के बैनर-तले होने वाले अंतरराष्ट्रीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में मंच-संचालक की भूमिका निभाएंगे, लंदन, यूके से आ रहे प्रसिद्ध शायर/लेखक फ़हीम अख़्तर की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में देश व विदेश के विश्व-विख्यात शायर एवं शायरात(कवयित्रियां) जैसे ताहिर फ़राज़, शकील आज़मी, शबीना अदीब, अज़्म शाकरी, जौहर कानपुरी, हसन काज़मी, अफ़ज़ल मंगलोरी, अमरीका से हुमैरा गुल तश्ना, भुवन मोहनी, हामिद भुसावली, जान्हवी सहगल, मैकश आज़मी आदि काव्य पाठ के लिए उपस्थित होंगी। मुशायरा-आयोजन दानिश ज़िया ने बताता कि 23-अगस्त की शाम यूनियन एसोसोसियेशन हॉल, समनान, शारजाह में हो रहे उक्त ये अंतरराष्ट्रीय मुशायरे/कवि-सम्मेलन में मुख्य-अतिथि, महाराष्ट्र के सपा नेता अबू आसिम आज़मी होंगे ।मारूफ़ रायबरेलवी लगभग एक दशक से मुशायरों में सक्रिय हैं तथा उर्दू- शायर एवं मंच-संचालक के रूप में देश-विदेश में जनपद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जिस के लिए उन्हें पद्मश्री अनवर जलालपुरी मेमोरियल अवार्ड-2019 , शिबली नोमानी मेमोरियल अवार्ड, जैसे विभिन्न पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। इससे पूर्व भी मारूफ़ रायबरेलवी देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित मुशायरों का सफल मंच संचालन करके प्रसिद्धि बटोर चुके हैं जिन में उर्दू एकेडमी, दिल्ली का प्रसिद्ध गणतंत्र दिवस का मुशायरा, पुणे फेस्टिवल, महाराष्ट्र का मुशायरा, नवाब शाह आलम, हैदराबाद मुशायरा, उर्दू एकेडमी मालेरकोटला, पंजाब, उर्दू फ़ाउंडेशन, नेपाल और जश्न-ए-आज़मगढ़-2023, शारजाह मुशायरा आदि उल्लेखनीय हैं ।

मुशायरों के शौक़ीन श्रोताओं के अनुसार अब मारूफ़ की गिनती मुशायरों में देश के शीर्ष के 4-5 नाज़िम-ए-मुशायरा (मंच-संचालकों) में होने लगी है इनके कई शेर भी काफ़ी मशहूर हुए हैं जैसे- हमारे मुँह पे उड़ाता हुवा वो धूल गया हमीं ने चलना सिखाया हमीं को भूल गया इजाज़त हो अगर तो सर मैं अपना ख़ुद क़लम कर लूँ तुम्हारी आस्तीनों पर लहू अच्छा नहीं लगता उनके एक बार पुनः शारजाह मुशायरे में मंच-संचालक के रूप में आमंत्रित किए जाने से जनपद-वासी गर्व और ख़ुशी व्यक्त कर रहे हैं ।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन




**सीतापुर**

किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किसान दिवस में उप कृषि निदेशक, सीतापुर के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया गया। गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण स्थिति से जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सीतापुर के द्वारा नन्द बाबा दुग्ध विकास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। किसान अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विभाग में निःशुल्क तिलहन बीज मिनी किट वितरण योजना में तोरिया बीज की 2 किग्रा मात्रा प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर पंजीकृत कृषक भाई दिनांक 01.08.2025 से दिनांक 31.08.2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। किसानों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि जनपद में यूरिया कम मात्रा में उपलब्ध है, इसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर के द्वारा अवगत कराया गया कि 35 प्रतिशत यूरिया साधन सहकारी समितियों पर तथा 65 प्रतिशत यूरिया प्राइवेट प्रतिष्ठानों को दी जायेगी।

जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाईयों से अनुरोध किया कि खेत में संस्तुत मात्रा में ही उर्वरक का उपयोग करें। जनपद में डीएपी एवं एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों तथा किसान भाईयों को सम्बोधित करते हुये बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 10 प्रतिशत अधिक यूरिया का जनपद में वितरण किया जा चुका है। किसान दिवस में अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग से प्राप्त हुयी। जिलाधिकारी को कमलापुर फेड फार्मर प्रोडक्शन कम्पनी के प्रदीप कुमार शुक्ला ने पारम्परिक तरीके से दली हुयी अरहर की दाल दी। अध्यक्ष महोदय द्वारा शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

किसान दिवस में किसानों के स्तर से कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई। किसान भाईयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को अध्यक्ष द्वारा सुना गया। सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, किसान बन्धु सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीपी एक्ट में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर डीपी एक्ट थाना गौरीगंज में वांछित अभियुक्त शीतला प्रसाद पुत्र कृष्णा प्रसाद निवासी माधौपुर वार्ड नं 18 कस्बा व थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपाइयों ने पुण्यतिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को समर्पित की श्रद्धांजलि

**सीतापुर**




भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान के पूर्व राज्यपाल साथ ही श्री राम मंदिर आंदोलन के नायक रहे कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया सर्वप्रथम अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तत्पश्चात जिला पदाधिकारियों ने कल्याण सिंह के सम्मान में अपनी बात रखी। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने बताया कि कल्याण सिंह केवल एक नेता नहीं वह प्रदेश और देश के करोड़ों करोड़ों कार्यकर्ताओं के अभिभावक थे आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं भाजपा कल्याण सिंह के आदर्शों पर चल के आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। अपने उद्बोधन में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की कल्याण सिंह कोई साधारण व्यक्तित्व नहीं थे बल्कि वह अवतार पुरुष थे प्रभु श्रीराम के मंदिर आंदोलन में उनकी जो भूमिका है सनातन समाज सदियों तक उसे याद रखेगा आज कल्याण सिंह की खींची हुई भाजपा रूपी बगिया पूरे देश में हरी-भरी दिख रही है भाजपा कल्याण सिंह के आदर्शों को आत्मसात करके आज सनातन के गौरव को पूरी दुनिया में चमकाने का कार्य कर रही है। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भाजपा हिंदू हृदय सम्राट के रूप में कल्याण सिंह को अपना आदर्श मानती है और सनातन की रक्षा के लिए उनके द्वारा दिया गया मूल मंत्र आज भाजपा का स्थाई एजेंडा है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक सभागार में अपराध गोष्ठी का किया गया आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र व जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

# डबल मर्डर से हड़कंप, भाभी और भतीजे को उतारा मौत के घाट

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



बृहस्पतिवार को सुबह लगभग 11 बजे कोतवाली क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के रूदौली गांव में हुए दोहरे हत्या कांड से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर थानाध्यक्ष, सीओ, पुलिस अधीक्षक समेत कई थानों की फोर्स पहुंची। पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस के मुताबिक कल धान के खेत में ज़हरीले दवा छोड़ने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। रूदौली गांव निवासी आकाश उम्र लगभग 20 वर्ष अपनी मां रामावती उम्र लगभग 45 वर्ष के साथ गांव में रहता था, आकाश का बड़ा भाई काम काज के सिलसिले बाहर शहर में रहता था आकाश घर पर रहकर खेती किसानी का काम करता था। आकाश और उसके चाचा रामराज में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रामराज के खेत में किसी ने जहरीली दवा डाल दी थी, रामराज का कहना था कि दवा उसके खेत में आकाश ने डाली है। इसी बात को लेकर बृहस्पतिवार को खेत काम करने गये मां बेटे पर उसके सगे चाचा ने अपने परिजनों के साथ मिलकर धारदार हथियार और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिसमें आकाश तथा उसकी मां रामावती की मौके पर ही मौत हो गई। आनन फानन में परिजन इलाज के लिए लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचे, जहां पर डाक्टरों की टीम ने मां बेटे को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। हत्या करने के उपरान्त रामराज परिजनों सहित मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मृतका के भाई की तहरीर पर स्थानीय पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही आरोपी गिरफ्तार हो जाएंगे।

## लक्ष्य की स्पष्टता से पाएं मंजिल

जीवन में सफलता पाने को कई लोग दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन मंजिल दूर ही रहती है। उनकी मेहनत की कोई स्पष्ट दिशा नहीं होती। जबकि कैरियर में सफलता पाने के लिए लक्ष्य की स्पष्टता बहुत जरूरी होती है। यदि मेहनत किये जाने की दिशा ही स्पष्ट न हो, तो कामयाबी नहीं मिलती। लक्ष्य हमें हर पल याद कराये रखता है कि हमें किस ओर बढ़ना है, भटकना नहीं है। यानी लक्ष्य हमें स्पष्ट दिशा प्रदान करता है। अगर आप एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हैं तो चाहे आप जितनी मेहनत करते हों, हमेशा आगे रहेंगे।

लक्ष्य उत्साहित रखता है, कठिनाइयों के समय प्रेरित करता रहता है। अगर हमारे सामने एक लक्ष्य है तो हम एक निश्चित समय के बाद आकलन कर सकते हैं कि कितना आगे बढ़े हैं? अब सुरेश को ही लें वह 12वीं पास करने के बाद से ही सिविल सर्विसेज में जाने का सपना देखता था। लेकिन उसका यह लक्ष्य स्पष्ट नहीं था। उसने कुछ दिन तक सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी की और फिर एमबीए में लग गया। एमबीए क्लीयर नहीं हुआ, तो एसएससी की तैयारी में लग गया। लेकिन पांच साल किसी क्षेत्र में सफलता नहीं मिली तो कारण समझ आया व टाइम टेबल बनाकर यूपीएससी की तैयारी की। लक्ष्य था कि दो साल के भीतर मैन्स एग्जाम पास करके इंटरव्यू तक पहुंचना है और वह तीसरे प्रयास में सचमुच सफल हो गया। इस उदाहरण का संदेश है कि अगर सफलता चाहते हैं, तो लक्ष्य से जरा भी इधर या उधर न भटकें। सुरेश से ही मिलती जुलती कहानी वनिता की है। वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करती थी और चाहती थी कि वह अगले कुछ सालों में कंपनी की मैनेजर बन जाए। लेकिन कितने समय के भीतर कंपनी का मैनेजर बनना है या मैनेजर बनने के लिए क्या क्या करना है, ऐसा कोई भी खाका उसके पास नहीं था। इसलिए चार साल गुजर गये लेकिन वह मैनेजर बनने के आसार नहीं लगे। एक दिन उसने अपने सीनियर से सलाह ली तो उन्होंने समझाया कि प्रमोशन पाने के लिए पहले अपने आपमें कई तरह के स्किल्स डेवलप करने होंगे। तो वनिता ने डिजिटल मार्केटिंग का सर्टिफिकेट कोर्स किया, टीम लीड प्रोजेक्ट्स लिए और खुद को एक दिशा देकर तैयार किया। आज वनिता अपनी कंपनी में मैनेजर है। हालांकि वह पांच साल के बाद मैनेजर बन सकी, लेकिन उसने प्रयास भी तो चार साल के बाद ही लक्ष्य बनाकर शुरु किए थे। ऐसी ही तीसरी कहानी कांता की है।

कांता 200 मीटर की रिकॉर्ड विनर धाविका बनना चाहती थी, ताकि न सिर्फ नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडल जीत सके बल्कि रिकॉर्ड बुक में अपना नाम भी लिखवा सके। लेकिन इस सपने को पूरा करने के लिए कभी कोई स्पष्ट लक्ष्य नहीं बनाया था। साल पर साल गुजरते जा रहे थे, लेकिन गोल्ड मेडल तो दूर, वह सिल्वर मेडल के आसपास भी नहीं फटक रही थी। जल्द ही उसे असफलता का कारण समझ में आ गया। उसने इस लक्ष्य के बारे में अपने कोच को बताया और अपनी ट्रेनिंग को दोगुना ज्यादा बढ़ा दिया। अंततः मेहनत रंग लायी। दो साल की बात दूर, उसने एक साल बाद ही गोल्ड मेडल पर निशाना साध लिया। हां, रिकॉर्ड तोड़ने के लिए कम से कम 10 महीने और उसी स्तर की मेहनत करनी पड़ी। एक अंतिम कहानी सुमित की देख लें। वह हमेशा कहता था कि मुझे इंजीनियर बनकर नौकरी नहीं करनी, अपना अंपायर खड़ा करना है। लेकिन किस क्षेत्र में, इस पर तो उसने कुछ सोचा ही नहीं। नतीजा वही हुआ साल दर साल गुजरते जा रहे थे और सुमित जिस इंजीनियर की नौकरी न करने की बात कहता था, उसी से चिपका था। अंततः एक दिन खुद को धिक्कारते हुए स्पष्ट लक्ष्य तय किया कि अगले डेढ़ साल के भीतर सोलर एनर्जी कंपनी शुरू करेगा।

उसने नौकरी छोड़कर मार्केट की रिसर्च की, बिजनेस मॉडल बनाया और निवेशकों के साथ बात करके अपने लक्ष्य पर काम शुरु कर दिया। 18 महीने के बाद कंपनी तो नहीं बन सकी, पर स्टार्टअप जरूर तैयार हो गया और ढाई सालों बाद सुमित आज अपनी कंपनी का मालिक है। लब्बोलुआब यह कि जिसने भी अपनी जिंदगी में स्पष्ट लक्ष्य बनाये, वह हर हाल में सफल हुआ। इसलिए अगर आप भी अपने कैरियर में स्पष्ट कामयाबी चाहते हैं, तो अपना लक्ष्य भी स्पष्ट बनाएं व एक व्यावहारिक रूपरेखा बनाकर उस पर लग जाएं।

# ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया, ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रयोग की भी जरूरत

*डॉ. निवेदिता शर्मा*



**भारत में एक तरह से देखा जाए तो ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पिछले एक दशक में अप्रत्याशित रफ्तार से बढ़ी है। आज इसका आकार 32,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है और अनुमान था कि 2029 तक यह उद्योग 80,000 करोड़ रुपये के स्तर को छू लेगा। लेकिन इस वृद्धि की असल नींव रियल मनी गेमिंग यानी पैसों के लालच और जुए जैसे खेलों पर आधारित रही। आँकड़े बताते हैं कि इंडस्ट्री का 86 प्रतिशत राजस्व इन्हीं खेलों से आता रहा है। यह वही खेल हैं, जिनमें किशोर और युवा अपनी मेहनत की कमाई, यहाँ तक कि उधार लिए पैसे भी गँवाते रहे। परिवार टूटे, सामाजिक रिश्ते बिगड़े, अवसाद और आत्महत्या के मामले बढ़े। अब तक हजार से कई अधिक की संख्या में लोग गेम के चक्कर में मौत को गले लगा चुके हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि देश भर में सरकार का यह कदम ऐसे हालात में न केवल उचित है बल्कि यह समय की माँग भी है। लेकिन इसके साथ ही जिम्मेदारीपूर्ण यह मांग भी उठना स्वाभाविक है कि यदि सरकार डिजिटल व्यसन की इस समस्या को ऑनलाइन गेमिंग के संदर्भ में गंभीरता से देख सकती है तो क्या वही तर्क सोशल मीडिया पर लागू नहीं होना चाहिए? इससे जुड़े तथ्य दुनिया के सामने आज मौजूद है, फिर अनुभव भी यही बताता है कि सोशल मीडिया का असर कहीं अधिक व्यापक और कहीं अधिक गहरा है। यह न केवल आर्थिक नुकसान का कारण बनता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक ताने-बाने और लोकतांत्रिक विमर्श के लिए भी गंभीर खतरा है। ऑस्ट्रेलिया का हालिया निर्णय इस संदर्भ में बेहद प्रासंगिक है। वहाँ संघीय सरकार ने ऐलान किया है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब, स्नैपचैट, रेडिट और एक्स जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स पर किसी भी रूप में सक्रिय रहने की अनुमति नहीं होगी। यह कानून आने वाले चार महीनों में लागू होगा और सोशल मीडिया कंपनियों को 10 दिसंबर तक सभी नाबालिग खातों को हटाना होगा।**

लोकसभा में 20 अगस्त 2025 को जब इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया तब इस दिशा में यह भी स्पष्ट हो गया कि यह केवल एक विधायी औपचारिकता नहीं थी, डिजिटल युग की नई चुनौतियों के प्रति सरकार के दृष्टिकोण में आए बदलाव का इसे आप पुख्ता प्रमाण मान सकते हैं। इस विधेयक में रियल मनी गेमिंग और उसके विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, उल्लंघन करने वालों के लिए जेल और जुर्माने जैसी कठोर सजा का प्रावधान करने और साथ ही ई-स्पोर्ट्स, शैक्षणिक तथा सामाजिक खेलों को बढ़ावा देने का प्रावधान करता है। विधेयक में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि इस कदम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं और कमजोर वर्गों को डिजिटल व्यसन के दुष्प्रभावों से बचाना है।

भारत में एक तरह से देखा जाए तो ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पिछले एक दशक में अप्रत्याशित रफ्तार से बढ़ी है। आज इसका आकार 32,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है और अनुमान था कि 2029 तक यह उद्योग 80,000 करोड़ रुपये के स्तर को छू लेगा। लेकिन इस वृद्धि की असल नींव रियल मनी गेमिंग यानी पैसों के लालच और जुए जैसे खेलों पर आधारित रही। आँकड़े बताते हैं कि इंडस्ट्री का 86 प्रतिशत राजस्व इन्हीं खेलों से आता रहा है। यह वही खेल हैं, जिनमें किशोर और युवा अपनी मेहनत की कमाई, यहाँ तक कि उधार लिए पैसे भी गँवाते रहे। परिवार टूटे, सामाजिक रिश्ते बिगड़े, अवसाद और आत्महत्या के मामले बढ़े। अब तक हजार से कई अधिक की संख्या में लोग गेम के चक्कर में मौत को गले लगा चुके हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि देश भर में सरकार का यह कदम ऐसे हालात में न केवल उचित है बल्कि यह समय की माँग भी है। लेकिन इसके साथ ही जिम्मेदारीपूर्ण यह मांग भी उठना स्वाभाविक है कि यदि सरकार डिजिटल व्यसन की इस समस्या को ऑनलाइन गेमिंग के संदर्भ में गंभीरता से देख सकती है तो क्या वही तर्क सोशल मीडिया पर लागू नहीं होना चाहिए?

इससे जुड़े तथ्य दुनिया के सामने आज मौजूद है, फिर अनुभव भी यही बताता है कि सोशल मीडिया का असर कहीं अधिक व्यापक और कहीं अधिक गहरा है। यह न केवल आर्थिक नुकसान का कारण बनता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक ताने-बाने और लोकतांत्रिक विमर्श के लिए भी गंभीर खतरा है। ऑस्ट्रेलिया का हालिया निर्णय इस संदर्भ में बेहद प्रासंगिक है। वहाँ संघीय सरकार ने ऐलान किया है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब, स्नैपचैट, रेडिट और एक्स जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स पर किसी भी रूप में सक्रिय रहने की अनुमति नहीं होगी। यह कानून आने वाले चार महीनों में लागू होगा और सोशल मीडिया कंपनियों को 10 दिसंबर तक सभी नाबालिग खातों को हटाना होगा। केवल इतना ही नहीं, इन कंपनियों को आयु सत्यापन की ऐसी प्रणाली लागू करनी होगी जिससे भविष्य में नाबालिग नए खाते न बना सकें। यह प्रतिबंध इतना कठोर है कि माता-पिता की अनुमति से भी बच्चों को इन प्लेटफ़ॉर्म्स तक पहुँचने की छूट नहीं दी जाएगी।

ऑस्ट्रेलिया में यह निर्णय एकाएक नहीं लिया गया है, सोशल मीडिया ने बच्चों और किशोरों को जिस तरह की लत में जकड़ा है, उसने मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को कहीं अधिक बढ़ा दिया है। आत्महत्या के मामलों में वृद्धि, अवसाद और चिंता जैसी बीमारियों का फैलाव और नींद के गंभीर संकट अब विश्व स्तर पर दर्ज किए जा रहे हैं। स्वभाविक है ऑस्ट्रेलिया में यही सब कुछ बड़े स्तर पर देखा गया, जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंची कि बच्चों को वास्तविक जीवन और डिजिटल जीवन के बीच संतुलन बनाना सिखाना होगा और इसके लिए कठोर कानून ही कारगर उपाय है।

भारत के संदर्भ में स्थिति और भी गंभीर है। यहाँ युवाओं की संख्या सबसे अधिक है और इंटरनेट तक पहुँच अब गाँव-गाँव तक हो चुकी है। रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय किशोर प्रतिदिन औसतन चार से पाँच घंटे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। यह समय उनके अध्ययन, परिवार के साथ बिताए जाने वाले पलों और वास्तविक सामाजिक संबंधों से छीन लिया जाता है। जिस दौर में शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक ध्यान देना चाहिए, उसी समय उनका मन टिकटॉक, इंस्टाग्राम रील्स और यूट्यूब शॉर्ट्स जैसी सतही चीज़ों में उलझा रहता है। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव केवल समय की बर्बादी तक सीमित नहीं हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक मानसिक स्वास्थ्य अध्ययनों ने स्पष्ट किया है कि इन प्लेटफ़ॉर्म्स का अत्यधिक प्रयोग अवसाद, चिंता और नींद की कमी का कारण बन रहा है। किशोरावस्था में यह मानसिक असंतुलन और भी खतरनाक रूप ले लेता है। भारत जैसे देश में, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है, वहाँ यह समस्या एक राष्ट्रीय संकट से किसी भी स्तर पर कम नहीं मानना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया बच्चों के लिए आर्थिक शोषण का कारण भी बन रहा है। इन-ऐप परचेज़ और वर्चुअल गिफ्टिंग जैसी व्यवस्थाओं ने नाबालिगों को पैसे खर्च करने की आदत डाल दी है। कई बार यह खर्च उनकी आर्थिक क्षमता से कहीं अधिक होता है, जिससे परिवारों पर बोझ पड़ता है। सांस्कृतिक दृष्टि से भी यह प्रवृत्ति चिंताजनक है। हिंसा, अश्लीलता और असंस्कारी कंटेंट ने किशोरों के मन-मस्तिष्क को गहराई से प्रभावित किया है और पारंपरिक भारतीय मूल्यों से उन्हें दूर कर दिया है।

यदि भारत ने ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती दिखाते हुए रियल मनी गेमिंग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है तो अब समय है कि वही दृष्टिकोण सोशल मीडिया पर भी अपनाया जाए। इसके लिए सरकार को सबसे पहले आयु-आधारित प्रतिबंध लागू करना चाहिए।

16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक लगाई जाए और 16 से 18 वर्ष तक के किशोरों के लिए प्रतिदिन अधिकतम एक घंटे की सीमा तय की जाए। कंपनियों पर यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वे आयु सत्यापन और स्क्रीन टाइम नियंत्रण सुनिश्चित करें। साथ ही, हानिकारक सामग्री के प्रसार पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। एल्गोरिद्म आधारित डोपामीन ट्रैप यानी बार-बार दिखाए जाने वाले शॉर्ट वीडियो, रील्स और ट्रेंड्स को सीमित किया जाना चाहिए क्योंकि ये युवाओं को लगातार स्क्रीन से चिपकाए रखते हैं। इस दिशा में यूरोप और अमेरिका में भी बहस चल रही है, लेकिन भारत को ऑस्ट्रेलिया की तरह ठोस कदम उठाने होंगे।

शिक्षा और जागरूकता का पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया व्यसन पर अध्याय जोड़े जाने चाहिए ताकि बच्चों को छोटी उम्र से ही इन खतरों की समझ हो। साथ ही युवाओं को विकल्प उपलब्ध कराना भी जरूरी है। कला, खेल, संगीत, हस्तशिल्प और सामुदायिक गतिविधियाँ इसका अच्छा विकल्प हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा सुरक्षित भारतीय सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स को प्रोत्साहित करना चाहिए जो ज्ञान, संवाद और रचनात्मकता पर आधारित हों। यदि भारत समय रहते इस दिशा में कदम उठाता है तो इसके दूरगामी लाभ होंगे। युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, वे पढ़ाई और करियर पर अधिक ध्यान देंगे, परिवार और समाज में वास्तविक संबंध मजबूत होंगे और राष्ट्र की सांस्कृतिक दिशा सुरक्षित रहेगी। फेक न्यूज़ और नफ़रत की राजनीति का असर भी कम होगा और लोकतंत्र अधिक स्वस्थ बनेगा।

यहां कहना यही है कि जैसे भारत ने ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती दिखाकर यह संकेत दिया है कि वह युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। अब आवश्यकता है कि यही दृष्टिकोण सोशल मीडिया पर भी अपनाया जाए। युवा पीढ़ी राष्ट्र की रीढ़ है। यदि उसे डिजिटल गुलामी, व्यसन और मानसिक असंतुलन की ओर धकेल दिया गया तो यह केवल परिवारों का नहीं, पूरे राष्ट्र का संकट होगा। इसलिए भारत सरकार को ऑस्ट्रेलिया के उदाहरण से प्रेरणा लेकर, अपने संदर्भ के अनुसार, कठोर और स्पष्ट नीति तुरंत लागू करनी चाहिए। यही समय की मांग है और यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

**(लेखिका, मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य हैं।)**

विचार

# दिल्ली को बचाना व बनाना ही दिल्ली की नई सरकार की जिम्मेदारी

*मनोज कुमार मिश्र*

इसी 17 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना) को करोड़ों की लागत से बनी दो बड़ी सड़कों का सौगात देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली को विकास मॉडल बनाएंगे। इससे पहले भी दिल्ली पर यातायात का दबाव घटाने के लिए मोदी सरकार ने ईस्टर्न पेरिफेरियल एक्सप्रेसवे, वेस्टर्न पेरिफेरियल एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे बनाया। दिल्ली मेट्रो रेल दिल्ली और एनसीआर में 295 किलोमीटर तक बन चुका है। चौथे चरण में इसमें 65 किलोमीटर और जुड़ जाएगा। दिल्ली मेट्रों से हर रोज यात्रा करने वालों की औसत संख्या पचास लाख से ऊपर है। यह संख्या 70 लाख भी पार कर जाती है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत रेल कोरिडोर के बाद दिल्ली- करनाल और दिल्ली-अरवल कोरिडोर बनने वाला है। इनसे यातायात सुगम होने के साथ-साथ इस इलाके का प्रदूषण भी कम होगा।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में यमुना की सफाई के प्रयास और गरीबों को पक्के मकान मिलने आदि का उल्लेख किया। जाहिर है कि केन्द्र से लेकर दिल्ली नगर निगम में भाजपा का ही शासन होने से दिल्ली को संवारने का दिल्ली की सरकार के पास भरपूर अवसर है। इन सभी के साथ-साथ 1985 में बनते ही दम तोड़ चुकी एनसीआर परियोजना पर नए सिरे से काम करने की जरूरत है। जिस रफ्तार से दिल्ली और एनसीआर की राजधानी की आबादी बढ़ रही है, उसमें इसे बचाने और बनाने के लिए कुछ कठोर फैसले लेने होंगे।

दिल्ली की समस्या यह है कि दिल्ली का अपना ज्यादा कुछ नहीं है। मौसम भी पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। इतना ही नहीं दिल्ली अपनी जरूरत के संसाधनों के लिए भी दूसरे राज्यों पर निर्भर है। 1911 में दिल्ली देश की राजधानी बनी, आज इसकी आबादी करीब ढाई करोड़ है और एनसीआर की कुल आबादी की करीब साढ़े चार करोड़ हो गई है। एनसीआर की आबादी भी मूल रूप से दिल्ली की आबादी ही है। दिल्ली से बाहर बसने वाले ज्यादातर लोग आज भी दिल्ली से ही जुड़े हुए हैं। उनमें ज्यादातर के कारोबार या नौकरी दिल्ली में ही है। राजधानी बनने के बाद 1915 में यमुना पार के 65 गांव दिल्ली में जुड़े। तब से दिल्ली का इलाका 1483 किलोमीटर ही बना हुआ है। निकट भविष्य में इसमें बढ़ोतरी होने की संभावना नहीं दिख रही है। दिल्ली की शासन व्यवस्था कम अधिकारों वाली विधानसभा, नगर निगम, महानगर परिषद से 1993 में विधानसभा बनने तक बदलती रही। अभी भी दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश है और जमीन और पुलिस केन्द्र सरकार के अधीन है। दिल्ली को विकसित करने की जिम्मेदारी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को दी गई। 1959 से डीडीए लगातार दिल्ली का मास्टर प्लान बनाती रही है और दिल्ली में लगातार अनधिकृत कालोनी बनती गई। आज हालात ऐसे बन गए कि इन अनधिकृत निर्माण से दिल्ली नियोजित कम और अनियोजित ज्यादा बस गई। वोट और नोट की राजनीति में राजनीतिक दल के नेता भू माफिया, पुलिस और सरकारी भ्रष्ट कर्मचारियों के सहयोगी बन गए हैं। दिल्ली पर से आबादी का दबाव घटाने और अब बेकार मानी जाने वाली डीडीए को सहयोग देने के लिए डीडीए की तरह केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय के अधीन एनसीआर बनाने की योजना तो 1962 में ही बनी लेकिन उसका गठन 1985 में हो पाया। केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री इसके अध्यक्ष और दिल्ली के उप राज्यपाल के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्यमंत्री इसके सदस्य बनाए गए। एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी इसके सदस्य सचिव होते हैं। दिल्ली में एसडीएम से लेकर मुख्य सचिव के पद पर रहने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ओमेश सहगल बोर्ड के सदस्य सचिव भी थे। सदस्य सचिव रहते हुए 1996 में उन्होंने एक मुलाकात में कहा था कि एनसीआर योजना तो फेल हो गई। योजना पर कार्यान्वयन देरी से शुरू हुआ। 1985 में बोर्ड बनने पर 2001 की आबादी को लक्ष्य मानकर 1988 में काम शुरू हुआ तब तक योजना से ज्यादा आबादी हो गई थी। एनसीआर के शहरों और दिल्ली के बीच में एक किलोमीटर का गलियारा हरियाली के लिए छोड़ना था। यानी एनसीआर बसना था दिल्ली से हट कर, वे बस गए दिल्ली से सटकर। इतना ही नहीं दिल्ली में एक तरह से हर किसी को हर जगह अवैध निर्माण की छूट दे दी गई। जो योजनाएं पहले से बनी उसमें खामियां ही खामियां हैं। दुनिया के सबसे महंगे इलाके कनाट प्लेस में हर वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के लिए फ्लैट बना दिए गए। यह तो मान भी लिया जाए कि गरीब लोगों को खाली जगह पर मुफ्त में सरकार आवास उपलब्ध करवाए लेकिन अमीरों की कई-कई करोड़ की एक-एक अवैध सैनिक फार्म हाऊस को भी न तोड़ा जाए, यह समझ से परे है। इतना ही नहीं, इसके लिए अदालत से संरक्षण लिया जाए तो भला दिल्ली अवैध निर्माणों से कैसे बच सकती है।

यह तो तय सा मान लिया गया है कि डीडीए अपना काम करने में विफल रही। न तो उसने ठीक से योजना बनाई और न ही दिल्ली की हजारों एकड़ जमीन की रक्षा कर पाई। कई प्रयास के बावजूद डीडीए के अधिकारी यह तक नहीं बता पाते कि उनकी कितना जमीन पर कब्जा है और कितने वे कब्जे से छुड़ा पाए हैं। डीडीए से भी बुरा हाल तो एनसीआर योजना बोर्ड का है। अब तो उसे केवल कागजों में ही मान लिया गया। 1985 में इसके गठन के समय इसे दिल्ली के 1483 के अलावा हरियाणा के छह जिलों के 13,413, उत्तर प्रदेश के चार जिलों के 10,885 और राजस्थान के 4,493 यानी 30, 240 वर्ग किलोमीटर इलाके को एनसीआर में शामिल किया गया। तब योजना थी कि 2001 में 20 लाख आबादी को इन इलाकों में भेजा जाए। इसके लिए इन सभी जगहों में दिल्ली जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इन्हें चार क्षेत्रों में बांटा गया था। हर क्षेत्र के लिए विस्तार से योजनाएं बनाई गई थी। इन इलाकों में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के अवसर बढाने के साथ-साथ आवागमन सुलभ कराना प्रमुख था। केन्द्र सरकार के अनेक दफ्तर भी दिल्ली से हटाने थे। इसमें कुछ तो सफलता मिली लेकिन अनियोजित तरीके से काम होने के चलते बहुत लाभ नहीं हुआ। इसके अलावा इन राज्यों के अनेक शहरों को भी मेगनेट (चुंबक) सेंटर की तरह विकसित किया जाना था। तब 2001 में जो आबादी होने का अनुमान लगाया गया था, योजना के शुरू होने के समय ही दिल्ली की आबादी उतनी हो गई थी। ऐसा नहीं है कि बोर्ड की पूरी कवायत बेकार हो गई। अगर दिल्ली सरकार इस पर केन्द्र सरकार से ठीक से पहल करवाए तो लक्ष्य हासिल हो पाएगा।

एनसीआर के हर राज्य की जरूरत इस योजना पर ठोस काम कराने की है लेकिन सबसे ज्यादा जरूरत दिल्ली को है। इसलिए अगुवाई दिल्ली को करनी होगी। जब प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में दिल्ली है तो यह काम आसानी से शुरू हो सकता है। इससे ही दिल्ली सुंदर बनेगी और उसका भविष्य सुरक्षित रहेगा। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ने गांवों से पलायन रोकने के लिए गांवों को हर सुविधा से युक्त करना तय किया है। देश के ज्यादातर शहरों को बेहतर बनाने का काम तेज गति से हो रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री दिल्ली को विकास का मॉडल बनाना चाहते हैं तो इसका लाभ दिल्ली सरकार को उठाना चाहिए।

*(लेखक, जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

साहित्य



## दर्द देख जहाँ के मुस्कुराने लगें

**उत्साही "उज्जवल"**

दर्द देख जहाँ के मुस्कुराने लगें
खुश हैं हम सबको दिखा ने लगें

वक्त ने है यहाँ बख्शा किसे
दिल को हम अपने समझाने लगें

दर्द सब ने जब अपना बयां किया
हम सबसे सुखी नज़र आने लगें

क्या सुनाने से जग को हैं फ़ायदा
ये समझ गम अपना छुपाने लगें

ग़र करें कोशिशें तो होंगे सफल
जो ये जाना तो खुद आजमाने लगें





## राशिफल

**मेष:-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्तवपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभ:-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुन:-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क:-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंह:-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्या:-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुला:-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक:-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यो में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें।

**धनु:-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर:-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभ:-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन:-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# अमेरिका, भारत-रूस व तेल व्यापार : इसे इस नजरिए से भी देखिए!

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

आज की दुनिया में ऊर्जा सिर्फ एक वस्तु नहीं है, बल्कि हर देश की आर्थिक रीढ़ और सामरिक शक्ति का आधार है। तेल और गैस वैश्विक राजनीति के सबसे अहम औज़ार बन चुके हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए, लेकिन इसने रूस को रोकने के बजाय उसे नए बाज़ारों की ओर मोड़ दिया। भारत और चीन जैसे बड़े उपभोक्ता देशों के लिए यह एक अवसर बनकर आया। भारत, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, उसने रूस से रिकॉर्ड स्तर पर सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया। आज यही बात अमेरिका को खटक रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25% से बढ़ाकर 50% तक अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, सिर्फ इसलिए कि भारत अपनी जनता और उद्योग को रूस से सस्ता तेल खरीदकर राहत दे रहा था। जबकि चीन, जो रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है, उस पर अमेरिका ने अपेक्षाकृत नरमी बरती। यही नहीं, चीन के रिफाइनर रूस से पश्चिमी हिस्से का यूराल तेल खरीदकर और भी फायदा उठा रहे हैं। अगस्त 2025 के आँकड़ों के अनुसार, चीन ने लगभग 75,000 बैरल प्रतिदिन यूराल तेल खरीदा, जबकि उसका औसत पहले 40,000 बैरल था। दूसरी तरफ, भारत का आयात घटकर 4 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि पहले यह 11.8 लाख बैरल प्रतिदिन था।

आज भारत के लिए रूस से तेल खरीदने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला, कीमत। जब पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, तो रूस ने तेल पर भारी छूट देनी शुरू की। 2022-23 में रूस भारत को 20 लाख बैरल प्रतिदिन तक तेल बेच रहा था, और यह तेल मध्य पूर्व की तुलना में 20-30 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। दूसरा कारण है ऊर्जा सुरक्षा। भारत की कुल ऊर्जा खपत का 85त्न हिस्सा आयात से आता है। ऐसे में सस्ती सप्लाई पाना भारत के लिए सिर्फ विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता थी। अगर अमेरिका यह कहता है कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है, तो इसमें गलत क्या है? क्या अमेरिका की तेल कंपनियाँ केवल मानव सेवा के लिए काम करती हैं? क्या अमेरिकी शेल ऑयल इंडस्ट्री सिर्फ घाटे में चलाने के लिए बनाई गई है? बिल्कुल नहीं। दुनिया का हर देश और हर कंपनी मुनाफे के लिए ही काम करती है, फिर भारत के मुनाफे पर अमेरिका की आपत्ति क्यों?

व्हाइट हाउस के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत की तेल खरीद को "opportunistic and very bad" कहा। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने तो यहाँ तक कह दिया कि भारत रूसी तेल खरीदकर सिर्फ अमीर भारतीय परिवारों को फायदा पहुँचा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत ने 16 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त मुनाफा कमाया है। लेकिन अगर यही तर्क मान लिया जाए, तो अमेरिका की शेल गैस कंपनियाँ, तेल निर्यातक, हथियार निर्माता और फार्मा कंपनियाँ भी तो मुनाफा ही कमा रही हैं। तो फिर भारत के मुनाफे पर इतनी तकलीफ क्यों?

असलियत यह है कि अमेरिका दुनिया की ऊर्जा राजनीति पर अकेले अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है। यहाँ यह भी समझना जरूरी है कि भारत की रूस पर निर्भरता कोई स्थायी नहीं है, बल्कि व्यावहारिक है। भारत 2021 तक रूस से अपनी ज़रूरत का केवल 1% से भी कम तेल खरीदता था। लेकिन पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने डिस्काउंट देना शुरू किया और भारत ने इसका फायदा उठाया। इससे भारतीय जनता को महंगे पेट्रोल-डीज़ल से कुछ राहत मिली और रिफाइनरी कंपनियों को भी प्रतिस्पर्धी बढ़त मिली। लेकिन जैसे ही अमेरिका ने दबाव बनाया और टैरिफ बढ़ाया, भारत की खरीद कम हो गई। परिणाम यह हुआ कि चीन ने यह अवसर तुरंत लपक लिया और रूस से ज्यादा तेल खरीदना शुरू कर दिया। क्या अमेरिका को इस पर आपत्ति है? नहीं। क्यों? क्योंकि चीन से टकराने की अमेरिका की हिम्मत नहीं है। अमेरिका की नीति का एक और पहलू यह है कि वह भारत पर दबाव डालकर अपने तेल को बेचने का रास्ता साफ करना चाहता है। आंकड़े बताते हैं कि 2025 की पहली छमाही में भारत का अमेरिका से तेल आयात 51% बढ़कर 2.71 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुँच गया था, सबसे बड़ी बात यह है कि यह वृद्धि 2024 की पहली छमाही में 1.8 लाख बैरल प्रति दिन की तुलना में काफी अधिक है, फिर भी उसका मन नहीं भर रहा है। यानी, अमेरिका चाहता है कि भारत किसी भी सूरत में रूस से तेल न खरीदे और मजबूरी में उससे खरीदे। यह एक प्रकार का आर्थिक ब्लैकमेल है। भारत को सस्ते विकल्प छोड़कर महंगे विकल्प अपनाने के लिए मजबूर करना किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।

भारत सरकार ने अमेरिका की इस नीति का विरोध भी किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत की तेल खरीद जरूरत के हिसाब से है, और पश्चिमी देश खुद भी रूस से कुछ व्यापार जारी रखे हुए हैं। यानी, जो काम अमेरिका और यूरोप खुद करें तो सही, लेकिन भारत करे तो गुनाह। भारत ने साफ कर दिया है कि वह अपनी जनता को सस्ता ऊर्जा स्रोत देने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। यही भारत का अधिकार है और यही किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वतंत्रता का हिस्सा है।

आज जिस तरह के आंकड़े सामने आ रहे हैं, उससे पता चलता है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और अन्य निजी कंपनियाँ भी रूस से तेल खरीदकर अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में पेट्रोलियम उत्पाद बेच रही हैं। इससे भारत को विदेशी मुद्रा आय हुई है। अगर चीन यही काम करे तो उसे व्यापारिक चतुराई कहा जाता है, लेकिन भारत करे तो उसे खतरनाक कहा जाता है। यह भेदभाव अब दुनिया की नज़र से छिपा नहीं है।

वस्तुतः अमेरिका यह चाहता है कि ऊर्जा संसाधनों का उपयोग उसकी विदेश नीति के औज़ार के रूप में हो। रूस को कमजोर करना, चीन को नियंत्रित करना और भारत को अपने खेमे में बनाए रखना, यह उसकी रणनीति है। लेकिन नया विश्व, जिसे हम Global South कहते हैं, अब इस दबाव को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। इन देशों की आवाज़ अब संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे मंचों पर गूंज रही है। तेल पर प्रतिबंध लगाना या टैरिफ के माध्यम से दबाव बनाना वास्तव में विकासशील देशों को पीछे धकेलना है। ऊर्जा के बिना विकास असंभव है। यदि भारत को सस्ता तेल रूस से मिलता है, तो इससे उद्योग को राहत मिलेगी, महंगाई नियंत्रित होगी और विकास तेज़ होगा। अमेरिका का यह कहना कि भारत मुनाफा कमा रहा है, दरअसल उसकी अपनी खीझ का परिणाम कहा जा सकता है। अमेरिका को आज यह स्वीकार करना होगा कि हर देश अपने हित में काम करता है। भारत का रूस से तेल खरीदना न तो अनुचित है और न ही गैरकानूनी। यह पूरी तरह व्यावहारिक और आवश्यक कदम है। इसलिए अमेरिका को भारत की तेल खरीद पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### लेखपाल संघ का चौथे दिन आश्वासन के बाद स्थगित हुआ धरना-प्रदर्शन

**हमीरपुर।** दो लेखपालों के विरुद्ध हुई कार्यवाही के विरोध लेखपाल संघ के चल रहें धरना प्रदर्शन के चौथे दिन एसडीएम के मौखिक आश्वासन के बाद संघ ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। धरना-प्रदर्शन खत्म होने के बाद आय, जाति तथा निवास प्रमाणपत्र निर्गत कराने के लिए भटक रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष विजेंद्र वर्मा धरना स्थगित होने के दौरान बताया कि एसडीएम सदर द्वारा लेखपाल आदित्य द्विवेदी को झूठा आरोप लगाकर निलंबित कर दिया गया है जबकि महिला लेखपाल शिवांगी ओमर पर विभागीय कार्यवाही कर दी है। जिसके विरोध में लेखपाल संघ बीते सोमवार से शुरू हुए धरना प्रदर्शन को गुरुवार को चौथे दिन एसडीएम से एक महीने में बिना किसी कार्यवाही के नीलम्बन को बहाल करने और महिला लेखपाल को भी एक महीने में विभागीय कार्यवाही से रोकने का आश्वासन मिलने के बाद स्थगित कर दिया है।

### कच्चा मकान गिरने से लाखों के सामान का नुकसान



**मौदहा, हमीरपुर।** कच्चा मकान गिरने से दो किसानों का लाखों रुपये का सामान दबकर खराब हो गया लेकिन राहत की बात यह रही कि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई वहीं राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है। बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात मदारपुर निवासी शहीद पुत्र नजीर और मेराज पुत्र स्व. मुमताज़ का अटारी दार कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया जिससे मकान में रखा अनाज, भूसा सहित लाखो रुपये का सामान दबकर खराब हो गया हालांकि इस बडी घटना से किसी के चुटहिल होने या जनहानि होने जैसा नुकसान नहीं हुआ लेकिन दोनों किसानों को भविष्य की चिंता सताने लगी है। इस सम्बन्ध में नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है और लेखपाल को जाँच के लिए भेजा है जो भी सरकारी सहायता होंगी दिलाई जाएगी।

### हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** हाईवे पर फैक्टरी एरिया के समीप बुधवार को पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर कुचल दिया। युवक की मौके पर मौत हो गई। मुस्करा थानाक्षेत्र के हुसैना गांव निवासी अजय यादव (25) कस्बे के फैक्टरी एरिया में रहकर किसी का वाहन चलाता था। बुधवार की रात करीब 11:30 बजे वह हाईवे किनारे पैदल जा रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसको जोरदार टक्कर मार दी और भाग निकला। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी के सिपाहियों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने इस मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक दो भाई एवं दो बहनों में दूसरे नंबर का था। मृतक अपने पीछे पिता तुलसीदास उर्फ राजू यादव, मां छुन्ना देवी एवं भाई बहनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### अधेड़ के करंट की चपेट में आने के बाद नींद से जागा विद्युत विभाग

**कुरारा, हमीरपुर।** क्षेत्र के भैंसापाली गांव में बीते मंगलवार को एक अधेड़ के करंट की चपेट में आने के बाद नींद से विद्युत विभाग जागा और तारों को दुरुस्त करने में जुटा है। थानाक्षेत्र के भैंसापाली गांव में बीते मंगलवार को कुशवाहा मोहल्ले में नहर के पास विद्युत पोल लगा हुआ था, ग्रामीणों ने बताया की लाइन में करंट प्रवाह हो रहा था जो झुका हुआ था जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग से लाइन सही कराने की मांग की थी। वही गांव निवासी मैयादीन कुशवाहा खेतों से चारा लेकर घर आ रहा था तभी झुका हुआ विद्युत पोल से लटक रहे तारों से चारा टच होने पर करंट की चपेट में आ गया और जमीन में अचेत होकर गिर गया था। वही विद्युत विभाग कुम्भकरणी नींद से जागा और गुरुवार को विद्युत टीम ने जाकर दुरुस्त करने में लगे हुए है। जिससे गांव के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### रामपुर मार्ग पर बबूल के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**जसपुरा (बांदा)।** जसपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव जाने वाले रास्ते पर शुक्रवार को एक युवक का शव बबूल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। मृतक की पहचान सुनील (30 वर्ष) पुत्र जयकरण निवासी ग्राम कैथी, थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। शव सड़क किनारे पुलिया के पास बबूल के पेड़ से लटका मिला था।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन घटना संदिग्ध लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असल कारणों का पता चलेगा। परिजनों ने बताया कि सुनील गुरुवार को अपने गांव कैथी से रामपुर में मंजू कुशवाहा के यहाँ रिश्तेदारी में गया था। इसके बाद शुक्रवार दोपहर को उसका शव पेड़ से लटका मिला। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है, वहीं पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी है।

### सांप के काटने से महिला की मौत

**जसपुरा (बांदा)।** थाना क्षेत्र जसपुरा के ग्राम पंचायत गौरीकला मजरा कुम्हरिया डेरा में शुक्रवार दोपहर को एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतका की पहचान रामकली (60) पत्नी स्व. लक्ष्मी प्रसाद प्रजापति के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब रामकली अपने घर के बाहर दरवाजे पर बैठी थीं। इसी बीच वह घर के अंदर कुल्हाड़ी लेने गईं, तभी अंदर ही एक जहरीले सांप ने उनके पैर में काट लिया। रामकली की चीख सुनकर परिजन दौड़े और सांप को मारकर एक डिब्बे में बंद कर दिया। परिजन तुरंत उन्हें लेकर सीएचसी जसपुरा पहुंचे, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बाँदा रेफर कर दिया गया। रामकली का इलाज वहाँ चला, लेकिन बीती रात उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह परिजन शव को वापस कुम्हरिया डेरा ले आए। सूचना पर थाना प्रभारी अनिल कुमार मौके पर पहुँचे और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बाँदा भेजा। रामकली के दो पुत्र राजू और महेंद्र, तथा दो विवाहित बेटियाँ हैं। परिवार खेती और मजदूरी कर जीवन यापन करता है। इस घटना से गाँव में शोक की लहर है।

### व्यक्ति को लाठी-डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा व्यक्ति को लाठी डण्डे से मारकर गंभीर रुप से घायल करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 12 अगस्त 25 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम जारी के रहने वाले राजाभइया सिंह पुत्र सुरेन्द्र पाल सिंह द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी कि मेरे भाई को गांव के ही व्यक्ति द्वारा लाठी डण्डे से मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम मे आज कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिगं के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त महंतु यादव उर्फ कोशण को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम महन्तु यादव उर्फ कोशण कुमार यादव पुत्र मंगी यादव निवासी ग्राम जारी थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा है।

### विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया स्थापना दिवस



**बांदा।** गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड बबेरू के खंड मर्का में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विहिप के जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप चित्रकूट धाम विभाग के विभाग बल उपासना प्रमुख अंकित पांडेय उपस्थित रहे। आरएसएस खंड बौद्धिक प्रमुख डा. शिवाकांत, जिला संयोजक केपी प्रजापति, खंड अध्यक्ष बबलू सिंह, आरपी प्रजापति कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से खंड अध्यक्ष बबलू सिंह, महेश, उपाध्यक्ष अभय सिंह, खंड मंत्री अनुज, खंड गौरक्षा प्रमुख सूरज, सूरज सिंह, नीरज शुक्ला, राहुल निषाद, अरुण निषाद, जयप्रकाश गुप्ता, संदीप सिंह, पुष्पेंद्र यादव, विकाश सिंह, बच्चा तिवारी, रूपम शर्मा, अखिल सिंह, मौसम साहू, अभयजी, मधुसूदन तिवारी, बनारस तिवारी, गुलशन शर्मा, शिवम शर्मा, दीपांशु वर्मा, विनय धुरिया, मनोज बाल्मिक रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री दीपू दीक्षित के द्वारा किया गया।

# बैंकर्स ऋण योजनाओं में सिर्फ औपचारिकता न बरतें: डीएम

**व्यापार एवं उद्योग बंधुओं की बैठक में सुनीं समस्याएं**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में व्यापारी एवं उद्योग बन्धुओं के साथ आयोजित बैठक में कहा बैंकर्स ऋण योजनाओं का लाभ देने में ज्यादा औपचारिक न बने। उन्होंने तीज महोत्सव पर शोभा यात्रा से संबंधित सड़कों की मरम्मत, साफ सफाई व कूड़ा उठान के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही व्यापारियों एवं उद्यमियों समस्याएं सुनीं गई।

जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा की। कहा योजनाओं के लिए आने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग न रखा जाए। कहा कि बैंकर्स ऋण योजनाओं का लाभ देने में ज्यादा औपचारिक न बने। उन्होंने सीएम युवा योजना के बारे में कहा कि यह सरकारी की महत्वपूर्ण रोजगारपरक योजना है, इसे लागू करने में अधिकारी किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। बैंकर्स यदि योजना के तहत ऋण देने में बाधा उत्पन्न करेगें तो उन पर कार्यवाही की जाएगी। इस योजना में 5 लाख रुपये तक के उद्योगों/सेवा परियोजनाओं पर 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त एवं बिना गारंटी के ऋण की सुविधा है। परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान भी है। बैठक में जनपद के व्यापारी बंधुओं की बिजली, पानी, अतिक्रमण, जामिंग, साफ सफाई, नगर क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, जीएसटी भुगतान आदि से संबंधित समस्याएं सुनीं। साथ ही समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करने को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आगामी तीजा महोत्सव के दृष्टिगत जुलूस/शोभा यात्राओं से संबंधित सड़कों की मरम्मत, नियमित साफ सफाई एवं कूड़ा उठान करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीसीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एएसपी मनोज गुप्ता, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार, उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

## उद्योग बंधु की बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन




**सुमेरपुर।** उद्योग बंधु की बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कस्बे की समस्याओं से जुड़ा सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर निराकरण की मांग की है। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने जिलाधिकारी को सौंपें सात सूत्रीय ज्ञापन में अवगत कराया है कि 6 माह पूर्व स्टेशन मार्ग जगह जगह गड्ढे में तब्दील हो गया है। जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज होने से सड़कें गड्ढों में तब्दील हो रही है। साफ सफाई का अभाव होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। गैस पाइपलाइन के नाम पर सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है। रेलवे स्टेशन के बाहर टेंपो चालकों की मनमानी से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। तीजा की शोभायात्रा के मार्ग को दुरुस्त कराकर साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाए। वीरांगना लक्ष्मीबाई की मूर्ति का रंग रोगन कराके तिरंगा फहराया जाए। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष के साथ व्यापारी नेता अनुज गुप्ता, धीरु यादव, गुड्डू गुप्ता भी मौजूद रहे।

## सपाइयों ने एसआईआर और वोट चोरी के विरोध में किया हल्लाबोल प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सपाइयों ने गुरुवार को एसआईआर और वोट चोरी के विरोध में कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची से पिछड़ी जातियों के 18 हजार मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त से सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौपा है।

समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव और समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की विधान सभाओं में मतदाता सूची से पिछड़ी जातियों, यादव मुस्लिम, मौर्या प्रजापति, बघेल आदि के नाम बड़ी संख्या में काटे जाने की लिखित शिकायत पार्टी के मुखिया ने की थी।इसके साथ ही पार्टी ने शपथ पत्र सहित मतदाताओं के 18 हजार वोट काटे जाने की भी लिखित शिकायत शपथ पत्र देकर की थी, परन्तु उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।पार्टी की नेता चंद्रवती वर्मा ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की सरकार जब से बनी है किसी ना किसी मामले को लेकर लोकतंत्र का मजाक बनाने का काम किया है। कहा कि भाजपा सरकार अब वोट चोरी करके लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कहा कि समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काटा जा रहा हैं जिससे मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल खड़े हो रहे है।उन्होंने पार्टी द्वारा 18000 मतदाताओं के काटे गए नामों की शिकायत को संज्ञान में लेकर दोषी अधिकारियों को तत्काल दंडित करने मांग की है।इस दौरान मानसिंह यादव, गायत्री, रीना कुशवाहा, कीर्ति यादव, राम जानकी कुशवाहा, नीतू राजपूत, कविता वर्मा, प्रीति राजपूत सोनम राजपूत रानी कुशवाहा युगांक मिश्रा राघवेंद्र यादव, सैय्यद उमर सहित अन्य सपाई मौजूद रहें।

## बिना मान्यता प्राप्त चल रहे चार स्कूल हुए बंद, दो दिन में आख्या मांगी




**राठ, हमीरपुर।** गुरुवार को कस्बे में चल रहे बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों में खंड शिक्षा अधिकारी ने छापा मारा। इस दौरान बिना मान्यता प्राप्त के चल रहे चार स्कूलों को बंद कराया है।विद्यालय के संचालकों को दो दिन के अंदर आख्या उपलब्ध कराने के आदेश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गैर मान्यता के स्कूल चलने की शिकायत पर छापामारी की है। बताया कि दीवानपुरा मोहल्ला निवासी इंस्पायर एजुकेशन एकेडमी, कुर्रा रोड नहर बाईपास स्थित अवनी पब्लिक स्कूल, गल्हिया रोड स्थित साइन ग्लोबल पब्लिक स्कूल और चरखारी रोड बंबी पर जेपी ज्ञान सागर स्कूल बिना मान्यता के चलते हुए पाए गए हैं। स्कूलों को तत्काल बंद करते हुए स्कूल में नामित छात्र-छात्राओं को दो दिन में पास के परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूल में नामांकित करते हुए आख्या उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित तीन सदस्य टीम द्वारा समयावधि निकल जाने पर गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन पाया गया तो स्कूल सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## रंगे हाथ पकड़े जाने पर शर्मिंदगी के चलते युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के कैथी गांव में बुधवार को एक युवक युवती को पड़ोसी के निर्माणाधीन मकान रंगेहाथों पकड़ लिया गया। जिस पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें शाम को चौकी में बुलाया। लेकिन वह चौकी जाने के बजाय युवक गांव से गायब हो गया। जिसका गुरुवार को सुबह जसपुरा थानाक्षेत्र में पेड़ से लटकता शव मिला है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। कैथी गांव निवासी सुनील कुशवाहा (20) बुधवार को गांव में ही पड़ोसी के निर्माणाधीन मकान में युवती के साथ घुसा था। जिसे मकान मालिक ने उसे देख लिया और पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस ने इन दोनों को चौकी पर बुलाया। लेकिन तभी बारिश शुरू हो गई यह दोनों चौकी नहीं पहुंचे। इसके बाद शाम को युवक सुनील कुशवाहा गांव से गायब हो गया। उसके गायब होने पर परिजन तलाश करते रहे। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। गुरुवार को सुबह उसका शव जसपुरा थानाक्षेत्र के रामपुर मौजे में एक पेड़ में लटकता मिला था।जसपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कैथी चौकी इंचार्ज राजेश कुशवाहा ने बताया कि किसी ने डायल 112 को सूचना दी थी कि एक मकान में युवक युवती घुसे हुए है। पीआरवी ने उन्हें मौखिक घटना को बताया। इस पर वह दोनों पक्षों को शाम को चौकी में बुलाया था। लेकिन बारिश होने के कारण कोई नहीं आया। बताया कि सुबह जानकारी हुई कि युवक ने आत्महत्या कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

## महिला शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों की ड्यूटी न लगाने की शिक्षक संघ ने की मांग



**हमीरपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण में बूथ लेबल अधिकारियों (बीएलओ) में महिला शिक्षकों व विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की ड्यूटी न लगाए जाने को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण में सभी विभागों के कर्मचारियों को न लगाकर अधिकांशता बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है। बहुत से विद्यालयों में एकल शिक्षक व प्रधानाध्यापकों व महिला शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही एक ही विद्यालय से कई अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे विद्यालय में शिक्षण कार्य बुरी तरह से प्रभावित होगा। उन्होंने में महिला शिक्षकों व विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की ड्यूटी न लगाए जाने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल, राघवेंद्र सिंह, महेंद्र पाल, राकेश त्रिपाठी, पंकज यादव, रघुराज कुटार, लक्ष्मीशंकर, अनुराग सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारों के साथ सपा का प्रदर्शन

**मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को भेजा ज्ञापन**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सपा के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर बांदा में समाजवादी पार्टी के लोगों ने भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचकर जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को ज्ञापन भेजने का काम किया है। समाजवादी पार्टी के लोगों के द्वारा मतदाता सूची पर बड़ी तादाद में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है, जैसा कि समाजवादी पार्टी के लोगों के माध्यम से मतदाता सूची से 18000 मतदाताओं के नाम काटने का मामला दर्शाते हुए समाजवादी पार्टी के लोगों ने बीजेपी सरकार को घेरने का काम किया है। समाजवादी पार्टी के लोगों ने बताया कि प्रदेश की विधानसभाओं में मतदाता सूची में, पिछड़ी जातियों यादव, मुस्लिम, मौर्य, प्रजापति, बघेल, आदि के नाम बड़े संख्या में काटे गए हैं जिसका सबूत और साक्ष्य समाजवादी पार्टी के लोगों के पास मौजूद है। सपा के लोगों ने यह आरोप लगाया कि नाम काटने का स्पष्ट कारण अभी तक इलेक्शन कमीशन के द्वारा सामने नहीं आया। आखिरकार इस कदर से पिछड़ी जातियों के मतदाताओं का नाम काटने का तात्पर्य है, कि भाजपा को सीधे लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद समाजवादी पार्टी विशंभर निषाद ने कहा संविधान के द्वारा लोकतंत्र में सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अधिकार प्राप्त है लेकिन बीजेपी के लोग मतदाताओं के वोट देने के अधिकार को छीनने का काम कर रहे हैं। अगर इस पर सुधार नहीं होगा तो इंडिया गठबंधन के लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह पटेल, बबेरू विधायक विशम्भर यादव, पूर्व मंत्री विशम्भर निषाद, किरन वर्मा, अबरार फारूकी, नासिर खान आदि मौजूद रहे।

## अनुराग त्रिपाठी को एमपी के सांस्कृतिक मंत्री ने किया सम्मानित

**जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान**




**बांदा।** श्रीसदगुरु संकल्प संस्कृत वेद विद्यापीठ के छात्रों ने संस्कृत गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। विदित हो कि दिनांक 18 अगस्त 2025 को विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई थीं जिसमें बांदा जनपद के अनुराग त्रिपाठी (उम्र 11 वर्ष) को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। आज आयोजित मुख्य समारोह में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

आपको बता दें कि अनुराग त्रिपाठी कक्षा 6 तक सरस्वती ज्ञान गंगा मंदिर गणेश कालोनी बांदा में विद्या अध्ययन किया इसके उपरांत वर्तमान समय में श्रीसदुरु संकल्प संस्कृत वेद विद्यापीठ आनंदपुर में विद्या अध्ययन कर रहे हैं। अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि आज जो मुझे सम्मान प्राप्त हुआ वह मेरे गुरुओं का आशीर्वाद है जो कि मुझे पढ़ा लिखाकर इस काबिल बनाया की आज जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ मै अपने गुरुजी का सदैव आभारी रहूंगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं विधायक मुकेश टंडन रहे। उनके करकमलों से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। गीत गायन प्रतियोगिता में अनुराग त्रिपाठी एवं रामबदन गौतम विजेता रहे। संवाद प्रतियोगिता में आशीष मिश्र एवं सुधाकर ने श्रेष्ठता अर्जित की।

## सपा अम्बेडकर वाहिनी की जिला कार्यकारिणी घोषित

**छह जिला उपाध्यक्ष सहित कई अन्य पदों पर मनोनयन**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा जनपद बांदा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संतुति पर और समाजवादी पार्टी बाबा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार जाटव की संतुति पर समाजवादी पार्टी बाबा साहब अमबेडकर वाहिनी की जिला अध्यक्ष सुमन दिवाकर ने अपनी 35 सदस्यीय जिले की कमेटी घोषणा की। जिसमें 6 जिला उपाध्यक्ष,1 जिला महासचिव,1 जिला कोषाध्यक्ष 17 जिला सचिव,5 जिला कार्यकारिणी सदस्य, 4 विधान सभा अध्यक्ष की घोषणा की है जिसमें जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र राव, राम करण आदर्शी, अशीष आंबेडकर, मोरध्वज खुराना, राम विलास राजपूत, चुन्नू प्रजापति, जिला महासचिव पद पर राजेश कुमार भारतीय, कोषाध्यक्ष पद पर यशवंत खेंगर, विधानसभा अध्यक्ष बांदा विकास वर्मा, विधानसभा नरैनी मनोज निषाद, विधानसभा बबेरू शत्रुघन पाल, विधानसभा तिंदवारी सुफल वर्मा, जिला सचिव पद पर मनोज नामदेव, अमन वर्मा, रामकिशन राजपूत, अखिलेश पासवान, छेदीलाल प्रजापति, जगरूप विश्वकर्मा, सुमन भारती, संतोष वर्मा प्रधान, मनोज कुमार खन्ना, कृष्ण वर्मा, देवी दयाल दिवाकर, कल वर्मा, केवल वर्मा, शालिनी वर्मा, मंगल अनुरागी, गंगा कुशवाहा, विनोद कुमार, जिला कार्यकारी सदस्यगण धनराज वर्मा, रज्जू वर्मा, दादूलाल निषाद, अनिल कुमार, संतोष वर्मा के कि मानो नयन पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विशंभर प्रसाद निषाद, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष डाक्टर मधुसूदन कुशवाहा, जिला महासचिव एजाज खान जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा सुनील कुशवाहा, नेतराम वर्मा, आर के समुद्र आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी लोगों को 2027 में माननीय अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रेरित किया। सुमन दिवाकर ने 2027 में अपनी टीम को बूथ बूथ, घर घर, जा कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के जी जान से मेहनत करने के प्रेरित किया। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी /प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा ने दी।

# प्रदेश का निवेश मित्र पोर्टल उद्योग एवं व्यवसाय में सुगमता ला रहा

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार समग्र सुधारों, डिजिटलीकरण एवं निवेशकों के अनुकूल नीतियों के माध्यम से व्यवसायों एवं निवेशों को सुगम बनाने में उल्लेखनीय प्रगति कर रही है। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2022 में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर तथा वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में लॉजिस्टिक्स रैंकिंग में अचीवर्स के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। साथ ही राज्य को वर्ष 2021 के गुड गवर्नेंस इंडेक्स में प्रथम स्थान एवं एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है, जिससे यह भारत के सबसे सुरक्षित एवं निवेशक अनुकूल गतव्यों में से एक के रूप में स्थापित हुआ है।

उत्तर प्रदेश का समर्पित ऑनलाइन पोर्टल निवेश मित्र सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम, 45 विभागों की सेवाओं को एकीकृत करता है, जो अनुमोदन, लाइसेंस एवं अनापत्ति प्रमाणपत्र हेतु 525 से अधिक सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह पोर्टल आवेदन प्रस्तुत करने एवं ट्रैकिंग की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, जिससे विलम्ब एवं प्रशासनिक समस्याओं का न्यूनीकरण सुनिश्चित होता है। गत वर्ष में चिकित्सीय प्रतिष्ठान, कृषि, उद्यान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम फिल्म एवं मनोरंजन, आबकारी, फार्मास्यूटिकल तथा भू-विज्ञान एवं खनन जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अनुमोदन सेवाए भी निवेश मित्र पोर्टल में एकीकृत की गई है।

निवेश मित्र पार्टल देश के उन अग्रणी पोर्टल्स में से एक है। जिन्हें नेशनल सिंगल विण्डो सिस्टम में एकीकृत किया गया है। निवेश मित्र में निरंतर अन्य सेवाएं भी जोड़ी जा रही है तथा सभी प्रकार की




स्वीकृतियों/अनापत्तियों को एक ही स्थान पर (वन-स्टाप साल्यूशन) उपलब्ध कराने हेतु कार्य किया जा रहा है। उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत लाइसेंसिंग आवेदनों के 97 प्रतिशत से अधिक का निस्तारण किए जाने के साथ, निवेश मित्र पोर्टल वर्तमान में देश के सबसे कुशल सिंगल विंडो पोर्टलों में से एक बन गया है। व्यवसाय में सुगमता (ईज ऑफ डूईगं बिजनेस) प्रदेश में मिनिमम गवर्नेस, मैक्सिमम गवर्नेस के सिद्धांत को चरितार्थ करते हुए निवेश मित्र पार्टल में व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू किए गए है, जिनका उद्देश्य एक पारदर्शी, कुशल एव प्रभावी ऑनलाइन अनुमोदन प्रणाली की स्थापना है। समस्त आवेदन अनिवार्य रूप से केवल निवेश मित्र के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं। भौतिक रूप से या विभाग के स्तर पर आवेदन स्वीकार नहीं किए जाते हैं। संबधित विभागों द्वारा प्राप्त किए गए आवेदनों एवं समस्त स्वीकृतियों से संबधित पृच्छाएं आवेदन प्राप्त होने के बाद केवल 07 दिनों के भीतर एक बार की जा सकती है। अब तक निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 19 लाख से अधिक अनुमोदन डिजिटल रूप से निर्गत किए जा चुके हैं। पोर्टल पर उपलब्ध उपयोगकर्ता फीडबैंक प्रणाली के अनुसार, 96 प्रतिशत उपयोगकर्ता निवेश मित्र से 'संतुष्ट' है। नियामक अनुपालन भार (रेग्यूनेटरी कम्प्लायंस बर्डन) को कम करने की दिशा में किए गए कार्य सरकार इस पोर्टल को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु सक्रिय रूप से इसका पुनर्विकास कर रही है, जिसमें सिंगल विंडो अधिनियम 2024 को लागू करना भी सम्मिलित है। नियामक अनुपालन जटिलताओं को कम करने के प्रयासों के दृष्टिगत, उत्तर प्रदेश में लगभग 65 विभागों में कुल 4,675 अनुपालन कम किए गए है। कुल 4,098 अनुपालनों को सुगम बनाया गया एवं डिजिटल रूप प्रदान किया गया है, जिनमें से 2,512 अनुपालनों को जी2बी श्रेणी के अंतर्गत कम किया गया है एवं 1,586 अनुपालनों को जी2सी श्रेणी के अतर्गत कम किया गया है। इसके अतिरिक्त अब तक कुल 577 अनुपालनों को निरपराधीकरण (डिक्रिमिनलाइजेशन) श्रेणी के अतर्गत लाया गया है। इसके साथ ही कुल 948 अधिनियम/नियम/विनियम आदि को समाप्त किया जा चुका है।

# समाजसेवा की मिसाल रहे सत्यवीर शास्त्री: शिवपाल



**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक के गांव झिगूपुर के मूल निवासी एवं केंद्रीय समाज सेवा समिति के महामंत्री सत्यवीर शास्त्री का पांच दिन पूर्व बीमारी से निधन क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति माना जा रहा है। लंबे समय तक समिति से जुड़े रहकर उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण में उल्लेखनीय कार्य किए। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव झिगूपुर पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शास्त्री के रनवीर सिंह आढ़तिया पुत्र शिवकुमार यादव व अन्य स्वजनों से भेंट कर दुख साझा किया। इस दौरान शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सत्यवीर शास्त्री ने स्व. बाबू दर्शन सिंह यादव के साथ रहकर समाज सेवा को नई दिशा दी। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इसके बाद शिवपाल सिंह यादव इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव के भाई की पत्नी के निधन पर भी पहुंचे और स्वजनों को ढांढस बंधाया। गांववासियों से बातचीत में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि झिगूपुर उनका अपना घर है। नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव भी इस गांव को परिवार की तरह मानते थे। यही कारण है कि यहां से समाजवादी पार्टी को हर चुनाव में भारी समर्थन मिला और मतदान प्रतिशत 98 से 99 तक दर्ज हुआ। इस अवसर पर सपा जिलासचिव एवं पूर्व प्रधान आनंद उर्फ बबलू यादव, वोट सिंह, शिव कुमार करहल, बलवीर सिंह, फेरू सिंह पप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण का जन्म लोगों की परेशानियों को कम करने के लिए हुआ : शिवपाल सिंह



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भगवान कृष्ण का जन्म दुनिया को बुराई से बचाने के लिए और लोगों की सभी परेशानियों को कम करने के लिए हुआ था। उपरोक्त उदगार पक्के तालाब बाबा जागेश्वर मंदिर पर बम्मन पहलवान के बुलावे पर कृष्णा छठी महोत्सव पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव को जन्माष्टमी के रूप में देश भर में मनाया जाता है। कृष्ण जन्मोत्सव एक त्यौहार ही नहीं जीवन जीने का एक तरीका है। भगवान कृष्ण की शिक्षाएं हमारे दैनिक जीवन में हमारा मार्गदर्शन कर इंसान बनने में मदद करती हैं। भगवान कृष्ण भारत में ही नहीं वैश्विक स्तर पर आराध्य देव के तौर पर जाने जाते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा महाभारत युद्ध के दौरान गीता में दिया गया उपदेश आज मानव जीवन का सार बन गया है। कृष्ण भगवान ने कृष्ण सुदामा मित्रता से एक संदेश देने का भी कार्य किया था। उन्होंने महाभारत में न्याय का साथ देते हुए अपनी नारायणी सेना तो कौरवों को दी परन्तु नर्सैगिक न्याय का अनुसरण करते हुए खुद पांडवों की ओर रहकर पांडवों की अधर्म पर विजय सुनिश्चित करवाई। इससे पूर्व शिवपाल सिंह यादव का मंदिर परिसर पहुंचने पर बम्मन पहलवान के नेतृत्व में सुरेश यादव,राहुल गुप्ता, श्रीहरि पटेल, प्रो अनिल यादव आदि ने बजनी माला एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया। शिवपाल सिंह यादव ने भगवान कृष्ण की प्रतिमा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं पर पूजन अर्चन किया।इस मौके पर सभी अतिथियों एवं श्रदालुओं को प्रसाद भी ग्रहण कराया गया। इस मौके पर प्रो शिवराज सिंह यादव, बृजेंद्र यादव, वीरू भदौरिया, विक्की गुप्ता, फरहान शकील, उपदेश मिश्रा, प्रो. प्रमोद यादव, चंदगीराम यादव, अमित कठेरिया आदि नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाइक सवार भिड़े, एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल

**जैदपुर, बाराबंकी।** मोटरसाइकिल से भानमऊ जाते समय तेज रफ्तार से आ रहे मोटर साइकिल चालक ने मारी जोरदार टक्कर जिससे एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।जिसकी शिकायत पीड़ित की पत्नी ने थाना जैदपुर में की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। अम्बिका प्रसाद पुत्र बराली लाल की पत्नी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मेरे अपनी मोटर साईकिल आई स्मार्ट यूपी 41 जेड 1361 से घर से भानमऊ जा रहे थे। समय करीब 1:30 बजे दिन में भानमऊ रोड सरदार वल्लभ भाई पटेल इन्टर कालेज इसरौली सेठ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटर साईकिल सुपर स्पेलण्डर के चालक द्वारा लापरवाही से चलाते हुए उनके पति के मोटर साईकिल में टक्कर मार दिया।

## जिला जज ने जागरुकता कार रैली को किया रवाना



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 13 सितंबर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव के द्वारा जनपद न्यायालय परिसर से कार रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सत्यदेव गुप्ता प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अल्पना सक्सेना पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण राकेश कुमार सिंह विशेष न्यायाधीश ईसीएक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त सभी न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे। यह कार रैली जनपद के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के द्वारा निकाली गई जो जनपद बाराबंकी के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में लोक अदालत की जागरूकता को बढ़ाने के लिए निकाली गई। रैली को सुचारू ढंग से आयोजन में यातायात पुलिस के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। रैली से सफल आयोजन पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बैंक के प्रतिनिधियों व पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया गया। राकेश कुमार सिंह विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा एडीआर भवन में सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट की विचार विमर्श बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक चिन्हित मुकदमों के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए अधिक से अधिक मुकदमों के निस्तारण हेतु न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चिन्हित मुकदमों लिए निर्गत किये गये के सम्मन एवं तामीला उपरांत प्राप्त सम्मनों के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए न्यायालयों द्वारा निर्गत सम्मनों का शत प्रतिशत तामीला पुलिस विभाग के द्वारा कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया।

## दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर सड़क पर उतरे एसडीएम, एआरटीओ



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन एंव सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर के नेतृत्व मे परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान मे उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने नियमो का उल्लंघन करते मिलने पर 3 अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली को सीज एंव दर्जनो के चालान किये। इस दौरान चेकिंग से बचने के लिए कई वाहनों के चालक अन्य मार्ग का सहारा लेकर गंतव्य स्थान तक जाते दिखाई पड़े। तो वही अभियान के दौरान एसडीएम ने सुरक्षित यात्रा को लेकर बाइक चालकों को हेलमेट व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर चलने के लिए प्रेरित भी किया।

## मुहम्मद सुफियान बने अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष

▸ पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने किया भव्य स्वागत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी में संगठन को मज़बूती देने के क्रम में आज अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इंतखाब आलम नोमानी ने मुहम्मद सुफ़ियान को अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सपा के वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह गोप ने अपने आवास पर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए भव्य स्वागत किया। गोप ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 2027 के चुनाव में हमें अभी से तन-मन-धन से जुटकर कार्य करना है और अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव कय्यूम प्रधान ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से गरीबों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करती रही है और भविष्य में भी उसी दिशा में संघर्षरत रहेगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, अमित सिंह, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद शाहिद, राहुल सिंह, मनोज कुमार, रामप्रताप, रमेश जायसवाल,



मोहम्मद अकरम उर्फ अन्ना, राकेश, सुनील कुमार, मनोज सिंह, अजय यादव, रामप्रताप यादव, मोहम्मद शमी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर मोहम्मद सुफियान का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को मज़बूत करने का संकल्प भी दोहराया।

## खबरें एक नजर में

### चार लोगों को किया शांतिभंग में पाबन्द

**बकेवर, इटावा।** दो दिन पूर्व हुई गाली-गलौज और मारपीट की घटना मे पुलिस ने चार लोगो को शान्तिभंग में पाबंद कर न्यायालय मे पेश किया। अहेरीपुर चौकी इंचार्ज मान सिंह ने बताया ग्राम पुर्वा लछीराम के रहने वाले रघुराज सिंह दो दिन पूर्व अपने साथियो के साथ बहेड़ा पार्क से घूम कर गांव जाते समय सचिन उर्फसूरज सिंह धीरेन्द्र सिंह उर्फबऊवा,शशिवेन्द्र निवासीगण ग्राम पुर्वा लछीराम के अलावा अतुल सेंगर निवासी ग्राम पथर्रा थाना भरेह हाल निवास पुर्वा लछीराम थाना बकेवर इटावा के विरुद्ध थाने ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का मुकदमा पंजीकृत था पुलिस ने गुरुवार की सुबह चार लोगो को पकड़कर कर शान्तिभंग में पाबंद कर उपजिलाधिकारी भरथना के समक्ष पेश किया।

### उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जताया हर्ष

**इटावा।** केन्द्रीय मंत्री मंडल द्वारा उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा लंबे समय से 28 प्रतिशत जीएसटी टैक्स स्लैब खत्म करने की मांग को पूरी होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए हुए व्यापारी एकता की जीत बताया है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी, इसके खत्म होने से मंहगाई में कमी आयेगी और मंदी छाये हुए बाजार को उठने में मदद मिलेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मकनपुर मोड़ के निकट एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोनी कटरा थाना क्षेत्र के परिवा गांव निवासी वकील पुत्र खालिक बाइक से जा रहा था की तभी मकनपुर मोड़ के निकट पीछे से आए एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे गंभीर हालत के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

### व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचला,दर्दनाक मौत

**मसौली, बाराबंकी।** बीती रात्रि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चौपुला पुल के निकट हाइवे के किनारे फोन पर बात कर रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने बुरी तरह से कुचल दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी इसके बाद कई अन्य वाहन गुजरने से शव पुरी तरह क्षतविच्छत हो गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि देवा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहंजर निवासी 40 वर्षीय वली मोहम्मद पुत्र साबित अली बीती रात्रि चौपुला के निकट मैसूर अस्पताल मे भर्ती अपने एक रिस्तेदार को देखने गया था तथा रात्रि मे वही रुक गया मध्य रात्रि करीब साढ़े 12 बजे के आसपास वली मोहम्मद हाइवे के किनारे मोबाइल से बात कर रहा था कि किसी अज्ञात वाहन ने बुरी तरह से कुचल दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी इस दौरान कई अन्य वाहन शव से गुजर गये जिससे शव पुरी तरह क्षतविक्षत हो गया सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एससी/एसटी एक्ट के आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में बाराबंकी पुलिस द्वारा बुधवार को 4 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 45 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को मु0अ0सं0 407/2025 धारा 69/115(2) बीएनएस व 3(1) द, ध व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राजकुमार पुत्र भागीरथ उर्फ बदलू निवासी कस्बा व थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को रानीगंज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया व मु0अ0सं0 384/2025 धारा 109/ 115 (2)/ 352/ 351 (2)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. जुबेर पुत्र मो0 जान , 2. इरफान उर्फ उर्फान पुत्र मो0 अंसार निवासीगण ग्राम रसौली थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद लकड़ी का बेंत व एक अदद फंटी बरामद किया गया। थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 21.08.2025 को मु0अ0सं0 329/2025 धारा 305(ए)/ 331(4)/317(2)/334(1) बीएनएस से सम्बन्धित चोर/अभियुक्त दुर्गेश पुत्र रमेश निवासी ग्राम सेहगो पश्चिमगांव थाना बछरावां जनपद रायबरेली को ग्राम भित्ती का पुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

### डालसा के लिपिक विपिन कुमार सिंह बने प्रदेश अध्यक्ष

**बाराबंकी।** जिला विधिक सेव्रिआ प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक विपिन कुमार सिंह को अखिल भारतीय अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी संघ (ए आई एस सी एस ए), उत्तर प्रदेश का राज्य प्रमुख (प्रदेश अध्यक्ष) नियुक्त किया गया।



विपिन कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष महासचिव के साथ ही सभी जनपदों के जिला अध्यक्षों को नियुक्त करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव संजय सूरोटिया के प्रस्ताव व गवर्निंग काउंसिल के अनुमोदन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा की गई है।

## मौलाना मेराज अहमद को सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सामान्य कार्यकर्ता से शीर्ष नेतृत्व तक सबको एक साथ लेकर चलने की अद्भुत कला के माहिर ईमानदार संघर्षशील पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय मौलाना मेराज अहमद का अध्यक्षीय कार्यकाल सफल और स्वर्णिम कार्यकाल रहा हैं। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने 20 वर्षों तक लगातार पार्टी के जिला अध्यक्ष रहे स्वर्गीय मौलाना मेराज अहमद की पुण्यतिथि पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में जिला पार्टी कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे मौलाना मेराज अहमद को श्रद्धा सुमन अर्पित कर पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

राष्ट्रीय सचिव ने पूर्व अध्यक्ष की स्मृतियों को याद करते हुए कहा आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव मे वैसे ही सफलता पाने के लिए हर बूथ पर वैसा ही प्रबंधन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हम सबको मौलाना साहब के सिद्धांतों को अपनाकर विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी होगी तभी हम मौलाना साहब द्वारा खींची गई लकीर से बड़ी लकीर खींच पाएंगे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि मौलाना साहब जहां कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए अपना सर्वश्रेश्वर करने को तैयार रहते थे वही अपने कठोर निर्णय से पूरी पार्टी को अचंभित भी कर देते थे वह दिल के जितने मुलायम थे पार्टी संगठन के हित में निर्णय लेने में उतने ही कठोर थे संगठन हेतु ही उनके लिए सर्वोपरि था। सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने मौलाना मेराज अहमद को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने अपने मरहूम वालिद मौलाना मेराज अहमद को खिराजे अकीदत पेश करते हुए श्रद्धांजलि सभा में पधारे सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## छात्र छात्राओं को एसएसपी ने किया सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद प्रतापगढ़ के न्यू एंजल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जॉन बॉक्सिंग चौंपियनशिप में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के 175 स्कूलों के 625 बालक और बालिकाओं ने विभिन्न भार वर्ग में भाग लिया।




प्रतियोगिता में पुलिस मॉडर्न स्कूल के छात्र लकी राजपूत अंडर-19 में 46 किलोग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी क्रम में अंडर-14 बालिका वर्ग में तनिष्का यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया और अंडर-14 वर्ग में गुलशन ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। छात्र, छात्राओं द्वारा शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जनपद का नाम गौरवान्वित करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस मॉडर्न स्कूल में प्रतिभाशाली छात्रों को सीबीएसई ईस्ट ज़ोन बॉक्सिंग चौंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित कर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इनकी सफलता पुलिस मॉडर्न स्कूल, इटावा ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है।भविष्य में भी ये छात्र, छात्राये राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। अब ये विजेता खिलाड़ी 11 सितंबर से 15 सितंबर तक महेंद्रगढ़, हरियाणा में आयोजित होने वाली नेशनल बॉक्सिंग चौंपियनशिप में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले लकी राजपूत अंडर-19 46 किलोग्राम वर्ग गोल्ड मेडल, तनिष्का यादव अंडर 14 बालिका वर्ग गोल्ड मेडल गुलशन अंडर 14 वर्ग सिल्वर मेडल छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## मीट की दुकानों पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सुमेरगंज बाजार की घनी आबादी और बीच बाजार में चल रही मीट की दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। क्षेत्रीय जनता की परेशानियों को लेकर पूर्व बीडीसी मोहम्मद इश्तियाक उर्फ सोनू के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम रामसनेहीघाट को ज्ञापन सौंपते हुए इन दुकानों को बाजार से हटाकर एकांत में स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मीट दुकानदार खुले में गंदगी फेंकते हैं, जिससे न केवल वातावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि आवारा कुत्तों की भरमार के चलते सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है, जिन्हें रास्ते में खून और गंदगी देखकर उल्टी तक हो जाती है। गौरतलब है कि इन दुकानों के 100 मीटर के दायरे में शिव मंदिर, 200 मीटर की दूरी पर हनुमान मंदिर, और मात्र 50 मीटर की दूरी पर ग्रामीण बालिका विद्यालय स्थित है, इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रजत सोनी, रामकुमार सोनी, शिवकुमार सोनी, मनीष जायसवाल, रामायण यादव, ऋषि कुमार जैन, ध्रुव गुप्ता, आकाश यादव, इलियास अहमद, इसरार अहमद, सोनू, मोनू, मनु सोनी, डॉक्टर बंगाली और कन्हैया निषाद समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गैंगेस्टर के पांच अभियुक्तों को चार साल की सजा

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कंविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित पांच अभियुक्तों को चार-चार वर्ष का कारावास व दस दस हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। एसपी के निर्देश पर ऑपरेशन कंविक्शन कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि./कर्म.गण/पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर थाना दरियाबाद पर गैंगस्टर एक्ट के सम्बन्ध में पंजीकृत मु.अ.सं. 126/2016 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.रमेश रावत 2.दिनेश रावत 3.राकेश रावत 4.मुकेश रावत 5.राजू उर्फ रामकुमार पुत्रगण रामपाल रावत निवासी सैदखानपुर थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-08 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए प्रत्येक को 04-04 वर्ष का कारावास व 10,000-10,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## पानी की निकासी नहीं होने से रास्ते में हो रहा जलभराव

**ऊसराहार इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के मजरा नगला बले में बारिश के पानी की निकासी न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के चलते गांव की गलियां और मुख्य रास्ता पानी से भर गए हैं। जिससे लोगों का आना-जाना बेहद मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण पानी घरों तक पहुंच गया है। ग्रामीण कुलदीप, गंभीर सिंह ने बताया कि जलभराव से गलियों पर फैल गया है। पैदल चलने वाले लोगों और बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग और महिलाएं भी इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। कीचड़ और गंदे पानी से बदबू फैल रही है, जिससे माहौल दूषित हो रहा है। वहीं, रास्ता डूबने से लोगों को पानी से होकर निकलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जेसीबी लगवाकर पानी निकासी की व्यवस्था कराई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि हर बरसात में गांव की यही स्थिति हो जाती है।

## वाहन की टक्कर से अधिवक्ता की दर्दनाक मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र में गुरु तेग बहादुर रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार रात कार्यक्रम से लौट रहे कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता अभिषेक त्रिपाठी की बाइक में वाहन की टक्कर मारने से वह साथी सहित पुल के डिवाइडर से जा टकराए। हादसे में पुल की रैलिंग में निकली सरिया अधिवक्ता के सिर में घुसने से उनकी मौके पर मौत हो गई जबकि साथी जुबैर गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे की खबर सुनकर स्वजन, अधिवक्ताओं एवं कांग्रेस पार्टी के नेताओं में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी सड़क हादसे में पार्टी के जिला सचिव की मौत की शोक व्यक्त किया। शहर के विजयनगर निवासी 52 वर्षीय अभिषेक त्रिपाठी पुत्र राजीव चन्द्र त्रिपाठी पेश से अधिवक्ता थे। साथ ही वह कांग्रेस पार्टी के वर्तमान में जिला संगठन में सचिव भी थे। डिवाइडर की रैलिंग में निकली सरिया उनके सिर में घुस गई। जबकि साथी जुबेर तैमूरी भी गंभीर रुप से घायल हो गए। जानकारी पर मौके पर पहुंचे कोतवाली निरीक्षक यशवंत सिंह, रेलवे रोड चौकी इंचार्ज दयानंद पटेल ने तुरंत पुल पर पड़े घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में डाक्टर ने अधिवक्ता अभिषेक त्रिपाठी को मृत घोषित कर दिया। जबकि साथी जुबैर की हालत गंभीर होने पर उपचार के बाद आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज जारी है। हादसे की जानकारी पुलिस द्वारा स्वजन को दी गई जिस पर उनके भाई आशीष त्रिपाठी, पत्नी सीमा त्रिपाठी समेत अन्य स्वजन रोते-बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे। बुधवार सुबह उनके शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद अंतिम संस्कार यमुना घाट पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता, कांग्रेस नेताओं समेत तमाम लोग शामिल हुए। अधिवक्ता की दो बेटियों ईवा त्रिपाठी, विदुषी, पत्नी सीमा त्रिपाठी एवं वृद्ध मां आशा त्रिपाठी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सर्पदंश से युवक की हालत गंभीर

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार खेत पर काम कर रहे युवक को सांप ने काट लिया जिसे गभींर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मल्हीमऊ गांव निवासी अंकित गुरुवार की सुबह पिता जगदीश को खेत पर खाना देने गया था पिता खाना खाने लगा तो बेटा खेत पर काम करने लगा। इसी बीच किसी का फोन आ गया जिसपर वह खेत से निकलकर बाहर आने लगा खेत की मोड पर पहुंचा ही था कि सांप ने काट लिया। थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी जिसपर मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक का चारपाई पर मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**उन्नाव।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव उसके घर में चारपाई पर पड़ा मिला। उसके चेहरे और आंख से खून निकलता देख पहुंचे परिजनों ने हत्या का शक जताया लेकिन पत्नी ने पुलिस को पति के शराब का लती होने की बात बताई। सीओ सहित फारेंसिक टीम ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूत्र बताते है कि चोटों से उसकी मौत होने की बात सामने आई। ममेरे भाई ने इसकी तहरीर भी दी है। पुलिस पत्नी सहित सभी बच्चों से पूंछताछ कर रही है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंघनापुर निवासी राजेश कुमार (45) पुत्र स्व.भवानी मुंबई में मजदूरी करता था। करीब एक माह पहले वह लौटा था। गुरुवार भोरपहर उसका शव में चारपाई में पड़ा मिला। उसकी आंख के पास से खून निकल रहा था। घटना की जानकारी होते गांव में सनसनी फैल गई और वहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच की। सीओ अरविंद चौरसिया ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पत्नी कामनी ने बताया कि देररात उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। इसपर बेटी काजल के संग वह मोहान स्थित एक नर्सिंग होम इलाज के लिए गई। आराम मिलने पर जब वह वापस लौटी तो पति मृत अवस्था में पड़े मिले। राजेश के चार बच्चों में आशीष, काजल, सेजल व प्रिंस है। वहीं ग्रामीणों में चर्चा रही पत्नी और बच्चों अक्सर राजेश से झगड़ा करते थे। बीती 30 जुलाई को कामनी और बच्चों ने मिलकर राजेश को मारा पीटा भी था। जिसके बाद वह अपने ममेरे भाई के यहां चला गया था लेकिन बाद में अन्य रिश्तेदारों के साथ पहुंचा बेटा आशीष पिता से गलती मानकर वापस ले आया था। वहीं घटना की सूचना पहुंचे लखनऊ के मलिहाबाद थानाक्षेत्र के घोला दुलारमऊ गांव निवासी ममेरे भाई अरविंद ने बताया कि कामनी और काजल ही उससे मारपीट करती थी।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी एनएसए व गैंगस्टर कार्रवाई

**भ्रामक सूचनाओं के संबंध में डीएम- एसपी ने की बैठक**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोतवाली कन्नौज में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, शहर के संभ्रांत एवं सम्मानित नागरिकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में चोरों के आने और ड्रोन उड़ने जैसी भ्रामक सूचनाओं के फैलाव को रोकना था। एसपी विनोद कुमार ने बैठक में बताया कि बीते कुछ दिनों से जनपद कन्नौज के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरों के आने और संदिग्ध ड्रोन उड़ने की झूठी सूचनाएं लगातार मिल रही थीं। जांच में ये सभी सूचनाएं असत्य पाई गईं। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी थानों के प्रभारियों द्वारा अपने- अपने क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों व मोहल्लों में जाकर चौपाल लगाई जा रही है, जहां लोगों को इन अफवाहों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं और न ही ऐसी सूचनाओं पर बिना पुष्टि के विश्वास करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाह फैलाते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम व गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा आमजन से संयम बरतने, अफवाहों से बचने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।


बैठक करते डीएम- एसपी

# नवीन मंडी में अवैध वसूली का खुलासा

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नवीन मंडी में सुरक्षा गार्डों द्वारा छोटे व्यापारियों और किसानों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। एक वायरल वीडियो में दो गार्ड गेट पर पैसे लेते दिख रहे हैं।

फर्रूखाबाद के पंकज पुत्र रामचंद्र ने 12 बोरी लहसुन खरीदने के बाद गार्ड द्वारा 20 रुपये प्रति बोरी की सरकारी फीस बताकर 240 रुपये लिए जाने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पंकज ने रसीद मांगने पर गार्डों द्वारा बदसलूकी का भी आरोप लगाया। जब यह मामला प्रभारी मंडी सचिव श्रवण कुमार परमार तक पहुंचा, तो उन्होंने गार्ड की ओर से माफी मांगी। वायरल ऑडियो में सचिव ने कहा कि वसूले गए पैसे चाय-पानी और नाश्ते के लिए खर्च होते हैं। इस बयान ने विवाद को और हवा दी। पंकज ने कोतवाली प्रभारी, जिलाधिकारी और सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**वायरल वीडियो से मचा हड़कंप**

पहले भी विवादों में रह चुके हैं सचिव

मंडी सचिव श्रवण कुमार परमार पर पहले भी गंभीर आरोप लग चुके हैं। अप्रैल 2024 में उन्होंने विद्युत विभाग के एक लाइनमैन के साथ मारपीट की थी, जब वह मंडी में फर्जी केबल काट रहा था। यह घटना सीसीटीवी में कैद होकर वायरल हुई थी।



### जांच के आदेश

जिलाधिकारी ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, प्रकरण मेरे संज्ञान में है। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। मंडी सचिव और गार्ड जांच के दायरे में हैं।।

## अल्ट्रासाउंड सेंटर पर हमला संचालक के साथ मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के अस्पताल रोड स्थित न्यू सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर पर व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते एक अन्य अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक डॉ. राजीव पाठक और उनके 5-6 अज्ञात कर्मचारियों ने हमला बोल दिया। सुबह करीब 10 बजे हुई इस घटना में आरोपियों ने सेंटर के संचालक मनोज कुमार दीक्षित के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने कहा कि मनोज के सेंटर खोलने से उनके मरीज कम हो गए हैं। उन्होंने मनोज को जान से मारने और सेंटर बंद करने की धमकी दी, साथ ही उपकरण और कागजात क्षतिग्रस्त कर दिए। इस घटना से सेंटर का स्टाफ और मरीज भयभीत हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मनोज ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

# खेत में मिला युवक का शव, परिजनों में कोहराम

**प्रभारी निरीक्षक बोले पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का होगा खुलासा**

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के भाऊलपुर गांव में मंगलवार देर रात खेत में धान की फसल में पानी लगाने गए 30 वर्षीय चांद बाबू का शव बुधवार सुबह खेत में पड़ा मिला।

सुबह करीब पांच बजे शौच के लिए गई एक महिला ने शव देखकर परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

परिजनों के अनुसार चांद बाबू शांत स्वभाव का था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना की सूचना शाम चार बजे पुलिस को दी गई।





कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विष्णु कांत तिवारी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।




## हर साल एक पेड़, पर्यावरण के लिए बड़ा कदम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अनूठा आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर साल कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए और यदि किसी के कार्यक्रम में जाना हो तो एक पौधा भेंट करें। इससे पर्यावरण में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। रंजू ने बताया कि वह वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही हैं और अब लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। जहां वे पेड़ लगाने जाती हैं, वहां जागरूक लोग मिलते हैं जो पेड़ों की देखभाल भी करते हैं। इससे उन्हें बहुत प्रसन्नता होती है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हसनपुर सानी गांव में रंजू के नेतृत्व में सागौन, जामुन, सहजन, आमला, अर्जुन, पारस और पीपल के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर अनिल बाबू, अंशू पाल, शिवांकर, ब्रजबाबू, योगेंद्र पाल, अजित पाल और राहुल पाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सर्राफा बाजार में आयोजित एक समारोह में व्यापारी नेताओं ने कान्यकुब्ज पत्रकार समिति (प्रेस क्लब) की तहसील इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गीता भेंटकर व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष रामानंद वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और प्रेस क्लब की नई टीम क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सहकारी भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों का सम्मान समाज के लिए आवश्यक है, क्योंकि वे जनता की आवाज को बुलंद करते हैं। व्यापारी नेता नरेश वर्मा ने प्रेस क्लब की एकता और निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, महामंत्री विजय प्रताप सिंह, जिला महामंत्री राजीव नयन त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानप्रकाश उपाध्याय और सुमित दुबे को रामानंद वर्मा ने गीता भेंटकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, शिवम वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर की बहवलपुर रोड स्थित इंदिरा आवास कालोनी निवासी सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर किसी तरह अपने परिवार का भरणपोषण करता है। 20 अगस्त की शाम लगभग 8 बजे वह ई-रिक्शा लेकर वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में बहवलपुर गांव के रहने वाले पिता-पुत्र ने गालीगलौज कर उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### बंदरों के हमले से किसान नेता घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के उधरनपुर गांव निवासी किसान नेता प्रेम चतुर्वेदी सडक् किनारे अपनी किराने की दुकान रखे हैं। गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे वह अपनी दुकान खोलने आए थे। तभी वहां बैठे बंदरों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीखपुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग आ गए। तब उन्हें बंदरों से बचाया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पिछले लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है।

### घर के बाहर खेलते समय बाढ़ के पानी में डूबकर बालिका की मौत

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर खेलते समय बाढ़ के भरे पानी के गड्ढे में डूबने से बालिका की मौत हो गई। जानकारी होने पर स्वजनों ने मशक्कत के बाद बालिका के शव को बाहर निकाला। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी समीम की 13 वर्षीय पुत्री शिफा गुरुवार शाम गांव के अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर भरे बाढ़ के पानी में खेल रही थी। घर से कुछ दूरी पर एक गहरा गड्ढा था। बालिका खेलते-खेलते गड्ढे में भरे पानी में डूब गई। गहरे पानी में जाने से उसकी मौत हो गई। काफी समय तक वापस न निकलने पर बच्चों ने स्वजनों को घटना की जानकारी दी। आनन-फानन में स्वजनों ने बालिका के शव को कड़ी मशक्कत के बाद ढूंढ पाया, लेकिन तब तक बालिका की मौत हो चुकी थी। शव देखते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतका की मां जुलेखा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### बैंक से पैसे निकलाने गई युवती लापता, पिता ने दी तहरीर

**कोंच,जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोना गांव में एक युवती घर से बैंक पैसा निकाले आई थी युवती का लापता होने का मामला सामने आया है युवती बीते मंगलवार, 19 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे बैंक से पैसे निकालने के लिए घर से निकली थी, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। पिता राजू के अनुसार, युवती कोंच स्थित मंडी इंडियन बैंक के लिए निकली थी। जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी, तो परिवार को चिंता हुई। उन्होंने तुरंत अपने स्तर पर उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और संभावित जगहों पर तलाश करने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देते हुए गुमसुदगी दर्ज कराए जाने की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

# बकरी चरा रही महिलाओं को वाहन ने मारी टक्कर

**घायलों को ग्रामीणों ने एंबुलेंस से पहुंचाया जिला अस्पताल, हालत गंभीर**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क किनारे बकरी चरा रही महिलाओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

जिससे महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। यह देख घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित ही गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जसोदा चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

क्षेत्र के गांव तिलपई के सामने सड़क किनारे बकरी चरा रही कस्वा के कारौदा निवासिनी कुसमा (48) पत्नी राकेश सैनी, रामा (45) पत्नी संजू बाथम, मालती (48) पत्नी बल्लू बाथम, रेशमा (50) पत्नी विजयपाल को अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे की महिलाएं सड़क पर दूर जा गिरीं और मौके पर अफरा- तफरी मच गई। घटना होते ही राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस को बुलाया और घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायल महिलाओं की हालत चिंताजनक बनी हुई है। स्थानीय पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।



# गैर जनपद स्थानांतरण पर पूर्व थानाध्यक्ष को दी विदाई, नए का किया स्वागत


नावांगतुक थानाध्यक्ष विनय शर्मा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

गैर जनपद स्थानांतरण पर जा रहे सकरावा थाने के पूर्व थानाध्यक्ष अजब सिंह को कस्बे के लोगों और पुलिस विभाग की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें फूल- मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। विदाई समारोह में व्यापार मंडल के मोहित गुप्ता, बीनू गुप्ता सहित कस्बे के अन्य गणमान्य नागरिकों ने बताया कि पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है, जो समय- समय पर होती रहती है, लेकिन अजब सिंह का चार माह का कार्यकाल कस्बे के लिए सराहनीय और यादगार रहा। उन्होंने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

### अफवाहों पर ध्यान न दें संदिग्ध दिखे तो पुलिस को दे सूचना

कन्नौज। कुसुमखोर चौकी इंचार्ज रहे विनय शर्मा ने सकरावा थानाध्यक्ष का चार्ज लिया। इस दौरान फूलमाला पहना कर स्वागत किया गया। चार्ज संभालते ही सकरावा थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि ग्रामीण अफवाहों पर ध्यान न दें। जो भी अफवाह फैलाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जनता की समस्या का प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा फरियादियों के लिए 24 घण्टे तत्पर्य रहेगी पुलिस थानाध्यक्ष ने बताया अपराधों पर काबू पाना व जनता के हित में कार्य करना समाज मे शांति व्यवस्था स्थापित करना मूल उद्देश्य रहेगा।

**फूल- माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित**

## एसडीएम ने कस्तूरबा विद्यालय के औचक निरीक्षण में गंदगी देख लगायी फटकार

**कोंच,जालौन।** कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय का एसडीएम ज्योति सिंह ने करीब 1 बजे दोपहर में औचक निरीक्षण किया जहां पर निरीक्षण से हड़कम मच गया आपको बता दे कि एसडीएम ज्योति सिंह ने कस्तूरबा विद्यालय का बारीकी से निरीक्षण किया जहां पर उपस्थिति रजिस्टर देखा जिसमें 161 छात्राएं वहां पंजीकृत है 133 उपस्थित मिली वहीं मिडडे मील में खाना देखा गया सही पाया गया है वही 22 बच्चों का हेल्थ की जांच कराई गई विद्यालय परिषर में गंदगी देखकर एसडीएम ने प्रधानाचार्य को निर्देश दिए है कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए साथ ही स्कूल के गेट पर बना नाला गन्दगी से पटा होने को से कोंच ईओ मोनिका उमराव को साफ सफ़ाई के निर्देश दिए गए है।

# पुलिस ने सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का लिखा मुकदमा

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर के आजाद नगर वार्ड नंबर 20 में बीते दिनों लाखों रुपए की लागत से बनाई गई इंटरलॉकिंग सड़क की ईंटें उखाड़कर चोरी कर ली गई। इस गंभीर मामले पर उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। बुधवार की शाम जांच टीम मौके पर पहुँची और क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्थानीय लोगों से मिली जानकारी ने प्रशासन को चौंका दिया। पता चला कि सड़क से उखाड़ी गई इंटरलॉकिंग ईंटें वार्ड के ही एक मदरसे में छुपाकर रखी गई थीं। टीम ने तत्काल नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर बरामद ईंटों को कब्जे में लिया। इसके बाद अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मोनिका उमराव ने कोतवाली पुलिस को एक शिकायत पत्र सौंपा। पत्र में उल्लेख किया गया कि अज्ञात लोगों ने सड़क उखाड़ दी, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने इस आधार पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लेकिन, हैरानी की बात यह रही कि ईओ ने शिकायत में चोरी की घटना का कोई जिक्र नहीं किया, जबकि ईंटें मदरसे से बरामद हुई थीं। इस लापरवाही से मामले में लीपापोती की आशंका गहराती जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिस सड़क पर लाखों रुपए खर्च किए गए, उसकी ईंटों का चोरी होना और फिर उनका मदरसे में बरामद होना बेहद गंभीर मामला है। अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव की तहरीर पर कोंच कोतवाली पुलिस ने धारा 2/3 सार्वनिक संपत्ति का नुकसान के तहत अज्ञात नाम पता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



# जनपद में 10 हजार से अधिक स्थलों पर लगाए गए हरिशंकरी के पौध

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद में आज एक पेड़ मां के नाम अभियान बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम रंगोली में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने हरिशंकरी पौधा रोपित किए।

जिलाधिकारी ने कहा कि हरिशंकरी पौधा जीवन के तीन मूल स्तंभों पीपल, बरगद और पाकड़ का प्रतीक है। यह न केवल पर्यावरण को संजीवनी देता है बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण भी प्रदान करता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि यह अभियान मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण दोनों का अद्भुत संगम है। पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष का रूप देना हम सबकी जिम्मेदारी है। बताते चलें कि संपूर्ण जनपद में आज लगभग 10 हजार स्थलों पर हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया। जिले की सभी 574 ग्राम पंचायतों, नगर निकायों के वार्डों और गौशालाओं सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी वनाधिकारी प्रदीप कुमार यादव, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


हरिशंकरी पौधों का रोपण करते डीएम व एसपी।

# डीएम ने किया बघौरा कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण

**शिक्षा की गुणवत्ता का लिया जायजा, भोजन व्यवस्था देख उपस्थिति बढ़ाने के दिए निर्देश**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज प्रातःकाल उच्च प्राथमिक बघौरा कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। कक्षा 1 में पहुंचकर उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए कहा बोलो मेरे साथ, नन्हा मुन्ना राही हूँ, देश का सिपाही हूँ, जय हिंद, जय हिंद। बच्चों ने भी पूरे उत्साह से जिलाधिकारी के साथ नारे लगाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक की सभी कक्षाओं का भ्रमण किया और शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाया और बच्चों को भी लिखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान गणित के पहाड़े, इतिहास एवं विज्ञान विषय से संबंधित जानकारी की स्थिति का आकलन किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बन रहे मध्याह्न भोजन की व्यवस्था भी देखी और रसोइयों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में उपस्थिति अपेक्षाकृत कम होने पर उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि अभिभावकों को प्रेरित कर बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।



# अपराधियों को जेल भेजना हमारी पहली प्राथमिकता: अंजन कुमार सिंह

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार ने जनपद में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस फेरबदल में कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं तथा कुछ को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिन अधिकारियों का प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसी क्रम में उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रहे अरुण कुमार राय का स्थानांतरण कर दिया गया है उनको कुठौंद थाना प्रभारी बनाया गया है और उनकी जगह अब इंस्पेक्टर अंजन कुमार सिंह को उरई कोतवाली की कमान सौंपी गई है।

नए कोतवाल अंजन कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह कानपुर नगर, कानपुर देहात और इटावा जैसे महत्वपूर्ण जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वहां के अनुभव का उपयोग अब उरई कोतवाली क्षेत्र में करेंगे। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखना और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी कार्ययोजना में सबसे ऊपर रहेगा।

### चोरी की नियत से घुसे चोर ने वृद्ध से की मारपीट

**जालौन,उरई।** चोरी के इरादे से घर में घुसे युवक ने वृद्ध के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित वृद्ध के नाती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी जवान सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके बाबा बाबूराम गांव के घर में अकेले रहते हैं। बुधवार की रात उनके घर में गांव का ही युवक रोहित चोरी के इरादे से पीछे की दीवाल फांदकर अंदर घुस आया। अंदर आवाज आने पर बाबा की आंख खुल गई और उन्होंने युवक को ललकारा। जिससे नाराज रोहित ने बाबा के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित के नाती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत हकीकतपुर विकास खण्ड कायमगंज, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 21/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हकीकतपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/08/2025 से 28/08/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28/08/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्रदीप के घर से रामनरेश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.83 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | राममोहन के घर से मेवाराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.31 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | पंचायत घर में शौचालय मरम्मत कार्य | 2.20 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 4- | नेमसिंह के घर से पंचायत घर तालाब तक नाली/पुलिया कार्य | 1.83 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 5- | सोतेपुर में सूरजपाल के घर से तालाब तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.68 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 6- | सोतेपुर में उदयवीर के घर से सूरज पाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.36 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (मालती देवी)   ग्रा0पं0 हकीकतपुर, कायमगंज   ग्राम विकास अधिकारी (शशीदेव सिंह)**

# शमशाबाद के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में ट्रैक्टर से खाद्य सामग्री लेकर पहुंचे डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

▸ पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन पर बाढ़ राहत के नाम पर खानापूर्ति करने का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



पीड़ित परिवार को लंच पैकेट देते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव



बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की ओर से बाढ़ पीड़ितों की मदद का सिलसिला जारी है। गुरुवार को डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने अपने समर्थकों के साथ ब्लाक शमशाबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का ट्रैक्टर से भ्रमण कर पीड़ितों को भोजन वितरित किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण, बच्चे भोजन पाकर काफी खुश दिखे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव तथा अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव गुरुवार को अपनी टीम के साथ ट्रैक्टर से राहत सामग्री लेकर ब्लाक शमशाबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित ग्रामीणों को भोजन के पैकेट वितरित किये। इसके अलावा मच्छरों से निजात के लिए मच्छर लोशन आदि सामग्री वितरित की। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि उन्हें भूखे पेट सोने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की सहायता के लिए उन्होंने हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं। जिन नंबरों पर वह फोन कर सकते हैं। उन्हें समय रहते मदद पहुंचायी जायेगी। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन उनकी नहीं सुन रहा है। सिर्फ बाढ़ राहत के नाम पर खानापूरी की जा रही है। इस दौरान अजीत यादव, अरविंद कश्यप जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, आशीष यादव, अभय यादव, आदेश यादव, जगदीप सिंह यादव, अखिलेश यादव, संदेश यादव आदि लोग साथ रहे।

# सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।**



चिकित्सकों से जानकारी करते सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार

बाहर से जांच लिखने की शिकायत मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने सीएचसी का निरीक्षण किया और सीएचसी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें नगला खेमरेंगाई निवासी किसी युवक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फोन के द्वारा अवगत कराया था यहां पर कुछ डॉक्टर खून की जांच के लिए बाहर से लिखते हैं। वह बाजार की रिपोर्ट ही मानते हैं, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन मौजूद रहते हैं और काफी जांचें भी की जाती हैं। इसके बावजूद भी कुछ डॉक्टर कमीशन के खेल को लेकर बाहर से जांच करवाते हैं और मोटा कमीशन पाते हैं। शिकायत मिलने पर पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीद्र कुमार उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। जिसमें डॉक्टर प्रतिभा तथा सतीश राजपूत दो लोग अनुपस्थित पाए गए तथा बाहर मुख्य गेट पर लगे फाइलेरिया कैंप को देखा और जरूरी दवाइयां रखने के निर्देश दिए। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अजय यादव को निर्देशित करते हुए बताया कि बाढ़ पीड़ितों को टाइम से दवाइयां मुहैया करवाई जाए तथा ज्यादा से ज्यादा जांच अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही करवाई जाएं। जो जांच अपने यहां नहीं हो सकती है इस जांच के लिए बाहर भेजा जाए या फिर जो नहीं करवा सकता है उसको लोहिया अस्पताल के लिए भेजा जाए। वहीं साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अजय यादव, डॉक्टर विकास पटेल, डॉ. मानसिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्रामीण बोले, बाढ़ राहत सामग्री नहीं दे रहे लेखपाल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**



बाढ़ के पानी से घिरे मकान

तहसील क्षेत्र के ग्राम पचरोली महादेवपुर पंछी नगला के ग्रामीणों ने लेखपाल आशीष वर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि लेखपाल बाढ़ राहत सामग्री देने से इनकार कर रहे है। वहीं तराई शमशाबाद और कंपिल के दर्जनों गांव के ग्रामीण बाढ़ का दंश झेल रहे हैं। तराई क्षेत्र को जाने वाले संपर्क मार्गो के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित चल रहा है। लोगों को नावों और ट्रैक्टरों का सहारा लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदने, दवा लेने और कोर्ट कचहरी आते जाते देखा जा सकता है। महिलाएं और बच्चे तो घरों में कैद हो कर रह गए हैं। बाढ़ का पानी घरों और गलियों में आज भी घुटनों तक भरा होने के कारण लोगों को शौचक्रिया तक के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित अताईपुर कोहना गांव के पास स्थित कोला सिकंदरपुर बूढ़ी गंगा के पुल के पास सड़क क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। बाढ़ के पानी में घिरी मक्का, धान, सब्जियां, बाजरा, गन्ना, जानवरों का चारा सब तबाह हो चुके हैं। लोगों की बीघों नर्सरी की खेती जिनमें आम, अमरूद, नीम, बरगद, जामुन और घरों में सजाने वाले पौधों की खेती खराब हो गई है। जिससे नर्सरी उद्योग पर संकट गहरा गया है। ग्रामीणों का कहना है आसमानी पानी तो बंद हो चुका है पर बाढ़ का प्रकोप बरकरार है।

## सीएचसी में प्रसूता की हालत बिगड़ी, पौन घंटा इंतजार के बाद आयी एंबुलेंस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव बबना निवासी रोशन बेगम पत्नी रुखसार खां को गुरुवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे घर पर मासिक पीड़ा व अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। परिजनों ने एम्बुलेंस को फोन कर घटना की जानकारी दी। एम्बुलेंस ने रोशन बेगम को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। वहां मौजूद चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर देख तुरंत लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन मौके पर कोई एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण रोशन बेगम को स्ट्रेचर पर लिटाया गया। पति रुखसार खां ने 102 पर कई बार फोन कर घटना की जानकारी दी और बताया कि उसकी पत्नी की तबियत काफी नाजुक है। रुखसार खां अपनी बेहोश पत्नी रोशन बेगम को स्ट्रेचर पर लिटाये एम्बुलेंस के इंतजार में बैठा बैठा रहा, लेकिन 45 मिनट तक मौके पर एम्बुलेंस की कोई सुविधा नहीं मिल सकी। पौन घंटे के बाद एम्बुलेंस मिलने पर रुखसार खां अपनी पत्नी को लेकर लोहिया अस्पताल के लिए रवाना हुआ। ऐसे में सोचने वाली बात है कि एम्बुलेंस विभाग की लापरवाही के चलते इस बीच अगर कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता।



स्ट्रेचर पर लेटी प्रसूता तथा मौजूद परिजन

## दबंग ने मां-बेटे को पीटा पुलिस ने थाने से किया चलता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव नगला चंदन निवासी देवकी पत्नी रौदास का पति दिल्ली में एक प्राइवेट नौकरी करता है। देवकी का लगभग 8 वर्षीय पुत्र बुधवार किसी समय अपनी गाय को चराने खेतों की तरफ ले गया। गाय घास चरते समय पड़ोसी युवक के खेत में चली गई। जिस पर युवक ने महिला के पुत्र के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। इसी बात का देवकी युवक को उलाहना दे रही थी, तभी युवक ने महिला को भी पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। किसी तरह देवकी ने अपने आप को युवक से बचाया और नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने कारवाही करने का भरोसा देकर देवकी को घर भेज दिया। गुरुवार दोपहर तक युवक के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई कारवाही न करने पर भयमुक्त युवक ने देवकी को फिर से पकड़ कर मारपीट की। दोपहर बाद देवकी अपने पुत्र को साथ लेकर वारिश में भीगती हुई थाने पहुंची और पुलिस द्वारा युवक के खिलाफ कार्रवाही न करने व पुलिस पर युवक द्वारा देवकी को गाली-गलौज कर मारपीट करवाने का आरोप लगाकर उच्चाधिकारियों से थाना पुलिस की शिकायत करने की बात कही।

# हत्या के मामले में सात लोगों को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कटहल के फल को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष ने जानलेवा हमला कर फायरिंग कर दी थी। जिसमें घायल राजबहादुर की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उपरोक्त मामले में अपर जिला जज एवं सत्र पॉक्सो प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने सुरेन्द्र सिंह, रामरतन पुत्रगण मुंशीलाल, मुंशीलाल, रामपाल पुत्रगण रामचंद्र, पवन कुमार, माखनलाल पुत्रगण रामपाल निवासी कुंदननगला कमालगंज, नवरत्न सिंह, लाल बाबू निवासी बिरिया नगला जहानगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास से दंडित किया है।

बीते 15 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज के ग्राम नगला कुंदन निवासी फूल सिंह पुत्र लालमन ने पुलिस को सूचना दी कि मेरा शामिलाती का एक कटहल का पेड़ जिसके फल के बंटबारे को लेकर विवाद हो गया था। उसी रंजिश को लेकर 13 जुलाई 2010 को समय शाम छः बजे पड़ोस के सुरेन्द्र अपने पिता की लाइसेंस बंदूक लेकर पवन, रामरतन, माखन लाल, रामपाल, मुंशीलाल, नवरत्न अपने-अपने हाथों में नाजायज तमंचा व देशी बंदूक लेकर एक राय होकर मेरे चचेरे भाई राजबहादुर पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली लगने से वह जमीन पर गिर गए। उनको बचाने के लिए मां सहित परिवार के अन्य लोग आ गए। सभी लोगों ने भद्दी गालियां देते हुए कहा आज इन सभी सालों को जान से मार दो कहकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिससे मेरे परिवार के सभी लोग घायल हो गए। शोरगुल सुनकर गांव के लोग आ गए। उक्त लोग फायर करते हुए भाग गए। घायलों को उपचार के लिए डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। घटना से लगभग दो माह पूर्व थाना कमालगंज में मारपीट के मामले एनसीआर दर्ज कराई थी। उचित कार्यवाही न होने पर आरोपियों के हौसले बुलंद थे। उपचार के दौरान राजबहादुर की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने हत्या व जानलेवा हमले में सुरेन्द्र, मुंशीलाल, नवरत्न को आजीवन कारावास व तीनों आरोपियों को 33-33 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया और रामरतन, पवन, माखनलाल, रामपाल को आजीवन कारावास व प्रत्येक आरोपी को 31-31 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



किशोरी को पानी से निकालते नाविक

## किशोरी पुलिया में गिरी, युवक ने निकाला

**कम्पिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ का पानी देखने गई किशोरी पुलिया से नीचे गिर गई। देखते ही देखते वह गहरे पानी में डूबने लगी। उसी समय पुलिया पर मौजूद एक युवक ने गहरे पानी में छलांग लगाकर काफी मशक्कत के बाद किशोरी को बाहर निकाल लिया। मौके पर पहुंचे स्वजन किशोरी को सीएचसी कायमगंज ले गए। नगर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी पप्पू की तेरह वर्षीय पुत्री जुगनी गुरुवार दोपहर लगभग बारह बजे मंदिर के निकट पुलिया पर बाढ़ का पानी देखने गई थी। उसी समय किशोरी का पैर फिसल गया। जिससे किशोरी पुलिया में चल रहे पानी में जा गिरी। देखते ही देखते वह गहरे पानी में डूबने लगी। पुलिया पर मौजूद लोग चीख पुकार करने लगे। पुलिया पर मौजूद गांव दूंदेमई निवासी अजीत कुमार ने तुरंत गहरे पानी में छलांग लगाकर किशोरी को बाहर निकाल लिया। स्वजन आनन-फानन में किशोरी को सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां किशोरी का इलाज जारी है।

# बाढ़ का पानी कम होने पर क्षतिग्रस्त सड़क ने बढ़ायीं दुश्वारियां



बाढ़ का पानी कम होने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर में तिवारी मार्केट के सामने सड़क पर बाढ़ के पानी से भले ही आसपास के दुकानदारों व राहगीरों को राहत मिल गयी हो, लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त व गड्ढायुक्त हो गयी है। जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि तीन दिन पहले तक यहां करीब 3 फिट तक बाढ़ का पानी भरा हुआ था। पानी उतरने के बाद सड़क की स्थिति खराब हो गई है। छोटे और बड़े वाहनों को निकालने में चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों को गड्ढों से बचते हुए अपना रास्ता बनाना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदार राम प्यारे, सेवाराम, ललित कुमार, ज्ञानू कुमार, महेश चंद्र और विनीत कुमार ने बताया कि पानी कम होने के बाद सड़क की स्थिति और खराब हो गई है। गड्ढों में जमा पानी से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। लोगों को अपनी दैनिक गतिविधियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जरा सा चूक जाने पर वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। राहत के समय यहां से गुजरा खतरे से खाली नहीं है। आसपास के लोगों ने जिलाधिकारी से उपरोक्त सड़क की मरम्मत कराये जाने की मांग की है। जिससे लोगों को परेशानी न हो।

## मारपीट के मामले में जवाबी मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बेवजह गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला समेत दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार साकिर पुत्र जामुन अली गांव आजाद नगर भटपुरा थाना कमालगंज का निवासी हूँ। बीते दिन समय करीब सुबह 7:30 बजे पीड़ित अपनी बेटी रजिया व दमाद आशिव पुत्र लाल खाँ के साथ अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी गांव के जमालुद्दीन पुत्र कमरूददीन, अजरूद्दीन पुत्र कमरूद्दीन, सोनू पुत्र कमरुद्दीन, मोनू पुत्र कमरूद्दीन ने मेरे दरवाजे पर आकर बेवजह गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के मना करने पर हाथापाई कर लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। जिससे आशिव व रजिया के चोटें आयीं। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी ओर जमालुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन ने दी गयी तहरीर में कहा है कि वह ग्राम आजाद नगर भटपुरा थाना कमालगंज का निवासी है। दिनांक 20 अगस्त को समय सुबह 7 बजे मेरी जमीन पर गांव के सद्दाम हुसैन (फौजी), इसराइल हुसैन उर्फ इसमाइल पुत्रगण जावेद अली, शाकिर पुत्र जामिन अली, सलमान पुत्र शाकिर उक्त लोग मेड़ काटकर कब्जा कर रहे थे। मेरी मां जैतुन निशा पत्नी कमरुद्दीन व भाभी तराना पत्नी मजरुद्दीन ने विरोध किया, तो उक्त लोगो ने मेरी मां जैतुन निशा व भाभी तराना के साथ गाली-गलौज कर लाठी-डण्डों से मारापीटा। मारपीट मे मेरी मां जैतुन निशा व भाभी तराना के शरीर में चोटें आई हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बच्चों में निस्वार्थ सेवाभाव पैदा करना मेरा उद्देश्यः पुष्पेन्द्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विश्लेषण समाचार के अंक में शिक्षा के प्रहरी बने भारतीय

## शिक्षा के प्रहरी

पाठशाला इंटर कालेज के अर्थशास्त्र प्रवक्ता पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि बचपन से ही बड़े भाई ओंकार नाथ शर्मा की प्रेरणा से आगे बढ़ा और हर कार्य में उनका सहयोग मिला। संयुक्त परिवार होने के चलते परिवार में मां व बड़े भाई व अन्य सदस्यों का

## हॉवी- पढ़ना व पढ़ाना आदि

भी सहयोग मिलता रहा। बच्चों को शिक्षित करने का बीणा उठाया और प्राइवेट कोचिंग के माध्यम से पढ़ाना शुरु किया। सन् 2000 से 2004 तक सीपी विद्या निकेतन इंटर कालेज कायमगंज में पढ़ाया। सन् 2004 में शिक्षक बने और पहली तैनाती एल.पी.जे.पी. इंटर कालेज तिलहर शाहजहांपुर में मिली। बच्चों को सुचारू रुप से पठन-पाठन कराना मेरा उद्देश्य रहा। सन् 2006 में दूसरी तैनाती भारतीय पाठशाला इंटर कालेज फर्रुखाबाद में हुई। जहां बच्चों को विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र पढ़ाया। 8 अगस्त 2025 को अर्थशास्त्र का प्रवक्ता का पद मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा का पूर्ण सहयोग मिलता रहता है। अन्य शिक्षकों का भी स्नेह मिलता है। स्काउट गाइड में एच.डब्लू.बी. (हिमालय बुड बैज) की डिग्री की है। स्काउट गाइड के 300 बच्चों को तृतीय सोपान व 16 बच्चों को राज्यपाल पुरुस्कार प्राप्त करा चुका हूं। समाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता हूं। बड़े भाई के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी संभाली और मेरे बड़े भाई के बच्चे सभी एक साथ संयुक्त रुप से रहते है।

आज भी ग्राम मंझना में मेरा परिवार संयुक्त रुप से रहता है। पूर्व राष्ट्रपति व वैज्ञानिक डा0 एपीजे अब्दुल कलाम से प्रेरित हूं। विद्यालय स्तर पर स्वच्छता अभियान, संचारी रोग, जागरुकता अभियान, स्काउट गाइड रैली, पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम और विद्यालय में विभिन्न पर्वों पर आयोजित होने वाली प्रतियोगितायें एवं कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता हूं। विद्यालय के सभी छात्रों को स्काउट गतिविधियों से परिपूर्ण बनाने के लिए प्रयासरत रहता हूं। मेरे द्वारा अभी तक लगभग 1 हजार से अधिक पौधे लगाये गये है और 500 से ज्यादा पौधों का संरक्षण किया है।

पर्यावरण शुद्ध हो इसके लिए सभी से अपील है कि पौधों को ज्यादा से ज्यादा लगाये। विद्यालय में शासनादेश के निर्देशानुसार जो भी गतिविधियां लागू होती है, उन्हें क्रियांवन कराने में अहम भूमिका निभाता हूं। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा के सहयोग से विद्यालय दिनों-दिन निरंतर प्रगति कर रहा है।

नाम- पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा
पद- प्रवक्ता, अर्थशास्त्रे
भारतीय पाठशाला इंटर कालेज, फर्रुखाबाद
पिता- स्व0 श्री सियाराम शर्मा
योग्यता-बीएससी, एमए, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, गणित, बीएड,
प्रेरणा स्रोत- बड़े भाई ओंकार नाथ शर्मा
आदर्श- माता जी
हॉवी- पढ़ना व पढ़ाना
पहली तैनाती- एल.पी.जे.पी. इंटर कालेज तिलहर, शाहजहांपुर, दूसरी तैनाती 01 सितम्बर 2006 भारतीय पाठशाला इंटर कालेज, फर्रु0।
सम्मान- स्काउट गाइड
कार्य- बच्चों को शिक्षित करना



**पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा**
**अर्थशास्त्र प्रवक्ता**
**भारतीय पाठशाला इंटर कालेज, फर्रुखाबाद**



स्वतंत्रता दिवस पर रैली में भाग लेते पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा, प्रवक्ता

**शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का निःशुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है।**

# दिनदहाड़े दरोगा के मकान से लाखों के जेवर व 45 हजार की नकदी चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



दरोगा का मकान जिसमें चोरों ने दिया घटना को अंजाम

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दरोगा के घर से लाखों की चोरी हो गयी। जिससे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुइयांबूट स्थित महावीर इंटर कॉलेज के उत्तरी ओर पश्चिमी गली में उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह चौहान का मकान है। जितेन्द्र सिंह जनपद आगरा के फतेहपुर थाने में तैनात हैं। घर में उनका बेटा अभय सिंह पत्नी ज्योति सिंह के साथ रहता है। अभय सुबह करीब 9 बजे बाबू सिंह मेडिकल कॉलेज में पढ़ाने चला गया। उसके बाद ज्योति सिंह ग्राम नगला खैरबंद बाईपास स्थित मेडिकल स्टोर चली गईं। घर में रहने वाला अभय का साला मोहन 10.30 बजे मुख्य गेट में ताला लगाकर मेडिकल स्टोर पर चला गया। उसी के बाद चोर अभय के मकान के पीछ महावीर इंटर कॉलेज की उत से अभय के आवास के पश्चिमी और नीरज दीक्षित की मकान की छत पर पहुंचे। चोर नीरज दीक्षित की छत की बाउंड्री के सहारे अभय के मकान की 8 फीट ऊंची बाउंड्री फांदकर छत पर कूदे। जहां से मकान के पश्चिमी ओर नीचे पहुंच गये और मकान का चैनल खुला देखकर अंदर घुस गए। चोर चाबी से अलमारी से नकदी व जेवरात निकालने के बाद बेड में कपड़े निकालकर कीमती सामान तलाशते रहे। बाद में चोर मकान के पूर्वी ओर बने शौचालय के सहारे छत से होकर उसी रास्ते से बाहर चले गये। जब ज्योति करीब 12:30 बजे घर पहुंचीं और मेनगेट खोलकर अंदर पहुंची, तो सामान बिखरा देखकर हैरान रह गयीं। अनहोनी घटना की आशंका से ज्योति ने अड़ोस पड़ोस के लोगों को घटना की जानकारी दी और उनके साथ मकान के अंदर जाकर जांच पड़ताल की। अभय ने बताया कि चोर अलमारी से मां की डेढ तोला वजनी सोने की चेन, एक तोला वजनी मंगलसूत्र, पांच सोने की अंगूठी एवं पायलें के अलावा 45 हजार रुपए नकद ले गए। चोर जाते समय घरेलू सिलेंडर भी ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और बाईपास पर लगे दो सी.सी.टी.वी. कैमरे खंगाले, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। वहीं चर्चा है की मोहल्ले के ही किसी व्यक्ति ने मुखबरी करके चोरी की वारदात को अंजाम दिलवाया है।

# दीवार तोड़ते समय गिरा बीम, मजदूर की दबकर मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मृतक का फाइल फोटो

थाना क्षेत्र मोहम्मदाबाद के इटावा-बरेली हाईवे पर अलावलपुर में बने दुबे कोल्ड स्टोरेज में संचालित डेरी पर पुरानी दीवार को तोड़कर नई दीवार की चिनाई हो रही थी। जिसके चलते पुराना बीम मजदूर के ऊपर गिर गया। जिससे बीम में दबकर मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है। नगर पंचायत खिमसेपुर के वार्ड नंबर 6 विद्यावती नगर निवासी प्रेमचंद का 45 वर्षीय पुत्र सरोज बहेलिया की दीवार तोड़ते समय बीम गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। दुबे कोल्ड स्टोरेज में कार्य कर रहे राजमिस्त्री अजीत कुमार ने बताया कि पिछले 6 महीने से दुबे कोल्ड स्टोरेज में कार्य कर रहा है। दो दिन पूर्व ही कोल्ड स्टोरेज में संचालित डेरी की पुरानी दीवार को तोड़कर नई दीवार की चिनाई कर रहा था। दीवार को तोड़ते समय पुराना बीम सरोज के ऊपर गिर पड़ा। जिसमें दबकर सरोज की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। राजमिस्त्री अजीत कुमार ने बताया की कोल्ड स्टोरेज में मौजूद लोग उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रशांत सेंगर ने सरोज बहेलिया को मृत घोषित कर दिया। कोल्ड स्टोरेज में साथ कार्य कर रहे मजदूर गोविंद, विशाल तथा सोनू ने परिजनों को सूचना दी। जिस पर सीएचसी में ग्रामीणों के साथ भाई मनोज, पत्नी ललिता देवी, मां मुन्नी देवी तथा पुत्र 9 वर्षीय गगन, 6 वर्षीय निशांत तथा 11 वर्षीय पुत्री नम्रता मौके पर पहुंची। जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है। घटनास्थल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पहले तो परिजनों ने शव नहीं उठने दिया, लेकिन जब पुलिस ने समझाया, तो परिजन मान गये। तब जाकर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होते ही खिमसेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पराज सिंह तथा कोल्ड स्टोरेज मलिक हरीश कुमार दुबे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचे तथा परिजनों से बातचीत की।

## कान्हा की छठी से पूर्व समाजसेवियों ने निकाली कलश यात्रा



कलश यात्रा के संबंध में जानकारी देंती मिथलेश अग्रवाल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कूंचा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भगवान कृष्ण का छठी महोत्सव आयोजित होना है। उससे पूर्व नगर के रेलवे रोड स्थित बांके बिहारी मंदिर से विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा बांके बिहारी मंदिर से शुरू होकर मुख्य चौराहा, गुड़ मंडी, लोकमन होती हुई मोहल्ला कूंचा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में संपन्न हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर और पीले परिधान में शामिल हुईं। इस दौरान बैंड बाजे की धुनों पर महिलाएं व पुरुष भगवान कृष्ण के गीतों पर नृत्य करते चल रहे थे। कलश यात्रा का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से समाज सेविका पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. मिथलेश अग्रवाल, उमेश गुप्ता, संजय गुप्ता, दिनेश गंगवार, राजवीर शाक्य आदि मौजूद थे। कलश यात्रा में स्वामी विवेकानंद महाराज रथ पर सवार होकर शामिल हुए।

# मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की टीम ने बाढ़ प्रभावित गांव में लगाया कैम्प

- चिकित्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी दवाइयां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड राजेपुर में बाढ़ प्रभावित ग्राम कुसमापुर में बाढ़ के कारण से बच्चों में बीमारी फैली हुई है। जिसकी रोकथाम हेतु समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की टीम भेजकर वहां के बच्चों का उपचार कराया। कुसमापुर के निवासी धनपाल कुशवाहा पुत्र मनोहर लाल कुशवाहा ने हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर जानकारी दी कि कुसमापुर में बच्चों में बीमारी फैली हुई है। जिसको डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने गंभीरता से लिया और स्वास्थ्य टीम भेजकर उपचार शुरु कराया और दवाइयां वितरित की। इस मौके पर चिकित्सक डॉ. शांतनु राय, डॉ. राहुल देव, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप यादव, डॉ.अजय सिंह राजपूत, डॉ. आरती कुशवाह, डॉ. प्रदीप दीक्षित, चंद्रभान राजपूत फार्मासिस्ट व स्टाफ नर्स शिवानी यादव ने पहुंचकर ग्रामीणों का उपचार किया और दवाइयां वितरित की।



कैम्प लगाकर ग्रामीणों का उपचार करते चिकित्सक




उपचार के लिए मरीजों को ले जाती एंबुलेंस

# 18 हजार वोटर के नाम काटे जाने को लेकर सपा ने चुनाव आयोग को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश की विधान सभाओं में मतदाता सूची से पिछड़ी जातियों, यादव, मुस्लिम, मौर्या, प्रजापति, बघेल आदि के नाम बड़ी संख्या में काटे जाने की लिखित शिकायत समाजवादी पार्टी ने की थी। साथ ही मतदाताओं के 18000 वोट काटे जाने की लिखित शिकायत शपथ पत्र के साथ की गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

गुरुवार को सपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर चुनाव आयोग संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि 18 हजार वोट विभिन्न विधानसभाओं में काटे गये है। नाम काटे जाने से मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल खड़ा हो रहा है। ऐसे में समाजवादी पार्टी मांग करती है कि शिकायतों को संज्ञान में लेकर दोषी अधिकारियों को तत्काल दंडित किया जाए। जिससे कि भविष्य में किसी भी वैध मतदाता का नाम अवैध ढंग से हटाया न जा सके। इस मौके पर रीता देवी, शारदा देवी, लक्ष्मी देवी, नीलम सिंह, राजकुमारी, किरन गुप्ता, राखी, लक्ष्मी बाथम, सत्यवती, श्रीदेवी, रुबी, गीता, पुष्पा, राधा गुप्ता व सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपती सपा नेत्री

# राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग का व्यापारियों ने किया स्वागत

**व्यापारी लिखित शिकयत से अवगत कराएं, समस्या का होगा समाधान: रविकांत गर्ग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग कायमगंज कार्यक्रम में जाते समय पहले फतेहगढ़ पहुंचे। जहां युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल के नेतृत्व में फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने संदेश अग्रवाल के निवास पर जाकर कार्यकर्ताओं से संगठन के बारे में चर्चा की।

साथ ही उन्हें राधा कृष्ण का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि संगठन की जो भी समस्यायें है उसका निराकरण होगा। किसी भी कीमत पर व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद के व्यापारियों की जो भी समस्या है लिखित में मुझे भेजे, अधिकारियों से वार्ता कर निराकरण कराऊंगा। फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के बाद वह कायमगंज पहुंचे। जहां उन्होंने मिथलेश अग्रवाल द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण छठी महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रबल माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष सुभाष बंसल, युवा जिला उपाध्यक्ष डॉ0 कुलदीप सिंह, अर्पण अग्रवाल, रामदास गुप्ता, रविकांत गुप्ता, संदीप सक्सेना, संजय रस्तोगी, विशाल सिंह, रवि श्रीवास्तव, ऋषि बंसल आदि मौजूद रहे।



रविकांत गर्ग का स्वागत करते व्यापारी

# वरिष्ठ नागरिक दिवस पर बुजुर्गों को किया गया सम्मानित

- सेवानिवृत्ति के बाद वरिष्ठ नागरिकों का समाज के प्रति दायित्व और बढ़ जाता है: राजेश निराला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय पाठशाला इण्टर कालेज में सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठन द्वारा विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रंगनाथ मिश्रा ने 80 वर्ष से ऊपर के सेवानिवृत्ति शिक्षकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान करते हुये कहा कि यह हम सभी के लिये गौरव का पल है कि हम आज सार्वजनिक रूप से विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों पर अपना योगदान देने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी अम्बरीष बाजपेयी ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारियों और शिक्षकों की जो भी समस्यायें होगी। उनका प्रमुखतः के साथ निस्तारण किया जायेगा। कोषागार में अगर कोई समस्या आती है तो सेवानिवृत शिक्षक एवं कर्मचारी मुझसे सीधे सम्पर्क अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत संयुक्त निदेशक होम्योपैथिक डॉ. मधुरंजन सक्सेना ने कहा कि बुढ़ापे का शेष जीवन शान्तिपूर्ण आत्मचिन्तन तथा भगवान का भजन करने के लिये होता है, समय बदल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को समाज में सम्मान की जगह उपेक्षा मिल रही है। सभी को एक दिन वरिष्ठ नागरिकों की श्रेणी में आना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सम्बन्धी अगर कोई समस्या है तो वह मुझसे परामर्श ले सकते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि हमारे कालेज में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेशनर्स एसोसियेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि माता पिता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। परिवार में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन अति आवश्यक है। अध्यक्षता करते हुये सेवानिवृत प्रधानाचार्य रामकिशोर शर्मा ने कहा कि बच्चों को पढ़ाइये-लिखाइये, खिलाइये-पिलाइये, लेकिन बुढ़ापे में उनसे सहयोग की आशा बिल्कुल न करें। जिलाध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार ने सेवानिवृत कर्मचारियों से जुड़े कई मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाते हुये कहा कि सेवानिवृत कर्मियों की उपेक्षा सरकार को मंहगी पड़ेगी। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का समाज के प्रति दायित्व और बढ़ जाता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 प्रभूदयाल ने कहा कि बच्चों की शिक्षा पर माता पिता को अधिक से अधिक खर्च करना चाहिये। सेवानिवृत कर्मचारियों के प्रति विभागों का रवैया ज्यादा अच्छा नहीं होता है। इस अवसर पर राजीव बाजपेयी, नन्दकिशोर शर्मा, सुभाषचन्द्र गुप्ता, विनोद उपाध्याय, मुनीश दीक्षित, राजेश बंसल, अखिलेश मुरारी पाण्डेय आदि ने विचार व्यक्त किये। संचालन राजेश निराला एवं राजीव बाजपेयी ने किया।




कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नागरिक व अन्य

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोज व वत्सला अग्रवाल से की मुलाकात



मनोज अग्रवाल को सम्मानित करते विपिन गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय मतदाता संगठन वैश्य मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने जनपद में आकर विभिन्न समाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध प्रतिनिधियों से मुलाकात कर स्वागत सम्मान किया। एक देश एक चुनाव की बहस सबसे पहले उन्होंने ही प्रारंभ की थी। आगे का मामला कोर्ट में होने के बाद मना कर दिया गया। वोट का अधिकार संविधान में सबसे पहले मिलने वाला अधिकार है। उन्होंने पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल से मुलाकात कर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अनुराग अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### गलत प्रोजेक्ट योजना के कारण 200 करोड़ धन का हो रहा दुरुपयोग, डीएम ने मांगी रिपोर्ट



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। केंद्रीय कारागार में किया गया निर्माण कार्य दो दिन में हस्तगत हो जायेगा, क्योंकि निर्माण कार्य पूर्ण है। उ0प्र0 पावर प्रोजेक्ट कारपोरेशन का निर्माण कार्य अपूर्ण होने के कारण पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। अधीक्षण अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि ग्राम ढिलावल व सिरोली में ७५ प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण है, उपभोक्ताओं के कनेक्शन होने शेष है। कनेक्शन होते ही कार्य १०० प्रतिशत पूर्ण हो जायेगा। सिरोली में बोर पुराना है, खराब हो चुका है। प्रोजेक्ट की गहराई से निरीक्षण करने की आवश्यकता है। स्थानीय निकाय व पीडब्लूडी नोट कर लें कि सड़क काटे जाने पर तुरन्त एफआईआर दर्ज कराये। जल निगम शहर को अपना कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान बीएसए अनुपस्थित रहे। यूपीआरएनएसएस का कार्य अपूर्ण होने पर डीएम ने नाराजगी जतायी। केंद्रीय कारागार में पाकशाला अपूर्ण है। हरदोई कमालगंज पर मड़ैया घाट पर गंगा पर सेतु, पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य 200 करोड़ का प्रोजेक्ट गलत योजना के कारण धन का दुरुपयोग हो रहा है। डीएम ने निर्देशित किया कि शुक्रवार तक रिपोर्ट न मिलने पर अपने स्तर पर रिपोर्ट भेजी जायेगी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कायमगंज मार्ग पर निर्माण करा रहा है जो अपूर्ण है। जिस पर डीएम ने नाराजगी जतायी। वेग रायपुर रोड से चांदपुर तक का निर्माण अपूर्ण है। जिस पर डीएम ने मण्डी परिषद प्रतिनिधि से नाराजगी जतायी। वहीं पॉलीटेक्निक कुरार से संबंधित मार्ग शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। जसमई से पुठरी तक का मार्ग पूर्ण न होने पर डीएम ने नाराजगी जतायी। अटैनाघाट कम्पिल, कायमगंज, संकिसा, मोहम्मदाबाद मार्ग 15 दिनों में पूर्ण न होने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मां-बेटी सहित पांच के विरुद्ध मुकदमें के आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जान से मारने की नियत से अपहरण करने के प्रयास के मामले में पीड़ित की ओर दायर 173(4) प्रार्थना पत्र को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए थानाध्यक्ष कादरीगेट को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

जानकारी के अनुसार नेकपुर चौरासी निवासी प्रिन्स कटियार पुत्र बालकिशन ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में भाई-बहन व मां सहित पांच लोगों के विरुद्ध 173(4) प्रार्थना पत्र दायर किया। जिसमें कहा कि 18 जुलाई को अपनी दुकान से कादरीगेट जा रहा था, तभी मसेनी आवास विकास मोड के पास नीले रंग की कार के चालक ने मेरी बाइक रोक दी। कार से पूजा वर्मा व उसका भाई दीपक वर्मा तथा मां सुशीला वर्मा पत्नी गयाप्रसाद वर्मा व दो अज्ञात उतरे। पूजा वर्मा ने कहा कि पकड़ कर ले चलो तथा काट-काटकर मार डालेंगे एवं हत्या करने की नियत से अपहरण कर जबरिया गाड़ी में बैठाने लगे। विरोध करने पर दीपक वर्मा ने सिर व हाथ में तमंचो की बट से मारा पीटा और सभी ने गाड़ी में डालने की काफी कोशिश की, परन्तु किसी तरह से बचकर इनके चंगुल से छूट गया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गये। जिन्हे देखकर आरोपीगण मौके से जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए थानाध्यक्ष कादरीगेट को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।



कढ़ी चावल का प्रसाद लेते भक्तगण

### श्रीकृष्ण छठी पर कढ़ी चावल का वितरित किया गया प्रसाद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को श्री कोतवालेश्वर हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट के द्वारा श्री कृष्णा छठी महोत्सव मनाया गया। छठी महोत्सव में भक्तों को कढ़ी चावल का प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं महिलाओं ने भजन कीर्तन संध्या का कार्यक्रम किया। सभी भक्तों ने कढ़ी चावल प्रसाद का आनंद लिया व भगवान की जय जयकार की। इस मौके पर समित अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, कन्हैया लाल, कमलेश भारद्वाज, अशोक गंगवार, संगम शाक्य, अमरदीप दीक्षित, गुरुदेव, नन्हे श्रीवास्तव, अभिषेक, आशुतोष सक्सेना, अखिल शाक्य, महिला कमेटी की रश्मि दुबे, बबीता वर्मा, सुषमा शाक्य, आरती कश्यप, यीशु भारद्वाज आदि भक्त उपस्थित रहे।

# मृतक के परिजनों से पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ने की मुलाकात

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दो दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में जाफर नगर निवासी छात्र की मौत हो जाने पर दुखी परिजनों को सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने पहुंचकर सांत्वना दी।

थाना क्षेत्र के गांव जाफर नगर में बीते दिन पूर्व ट्रैक्टर बाइक की टक्कर से 18 वर्षीय कक्षा 11 के छात्र कामिल खान पुत्र महबूब खान की मौत हो गयी थी।

बाजार जाते समय मंझना रोड पर घटना हुई थी। जहां छात्र की मौत हो गयी थी। उसके साथ 15 वर्षीय इजहार आलम भी घायल हो गया था। एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने लोहिया रेफर कर दिया। उसकी भी हालत चिंताजनक है। वहीं मुस्ताक खान की पत्नी गुड्डी बेगम का हृदय गति रुकने से उसे एक दिन पूर्व इंतकाल हो गया था। जिसकी सूचना पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान के साथ पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी तथा हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अमन सूर्यवंशी, डॉ0 नवरंग सिंह, अख्तर खान, मुस्ताक खान, इसाक मोहम्मद, चांद मोहम्मद, वार्ड नंबर 16 के सभासद आकाश सिंह ठाकुर, साबिर खान, नफीस खान, मुवीन खान, गुलजार खान, शाहिद परवेज, इदरीश खान, सलमान खान आदि मौजूद रहे।



मृतक के परिजनों से मिलते नदीम फारुखी व अन्य

# शिकायत मिलने पर सिद्दीकी ट्रेडर्स गदनपुर का लाइसेंस निलंबित

- निर्धारित से अधिक दाम पर उर्वरक देने पर 7 विक्रेताओं का लाइसेन्स समाप्त
- यूरिया 14675, सुपर 16000, एनपीके 28120 एवं डीएपी 33080 की बोरी मिली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा प्रतिदिन सुबह जिला कृषि अधिकारी एव उर्वरक से जुडे समस्त अधिकारियों के साथ जनपद में उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण तथा उपलब्धता की नियमित समीक्षा की जा रही है। गुरुवार को डीएम ने अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं सहकारिता व कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की समीक्षा करने के साथ ही जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. को सभी समितियों पर त्वरित गति से उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु कडे निर्देश दिये। जनपद में इस सप्ताह मिल रहे उर्वरकों के अतिरिक्त सहकारिता क्षेत्र में यूरिया 5058 मै0टन, डी0ए0पी0 2585 मै0टन एवं एन0पी0के0 2863 मै0टन उपलब्ध है, इसे समितियों के माध्यम से वितरण कराया जायेगा। जनपद में निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में वर्तमान तिथि तक यूरिया 9867 मै0टन डी0ए0पी0 7613 मै0टन, एन0पी0के0 9289 मै0टन, पोटास 2969 मै0टन एवं सुपर 4233 मै0टन उपलब्ध है। वरिष्ठ अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा उर्वरक वितरण की स्थिति पर सजग निगरानी की जा रही है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में गत वर्ष की तुलना में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है एवं जनपद में रेलवे रैक एवं सड़क मार्ग से लगातार उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है। निजी क्षेत्र में आने वाले उर्वरक का 50 प्रतिशत मात्रा भी सहकारिता के केन्द्रों पर दिया जा रहा है, जिससे कृषकों को आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध हो सके। आगामी समय में आलू की बुवाई को ध्यान में रखते हुए कृषि निदेशालय स्तर से जनपद को डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 की भरपूर आपूर्ति हेतु जानकारी दी गयी है। किसान बिक्री केन्द्र पर खतौनी एवं आधार अवश्य लेकर जायें, जिससे उनकी भूमि के अनुपात में उर्वरक मिल सके। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक निबन्धक सहकारिता की संयुक्त टीम ने कमालगंज क्षेत्र में समितियों पर उर्वरकों की उपलब्धता एवं सिद्दीकी ट्रेडर्स गदनपुर कमालगंज की जांच कर स्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया। सम्बन्धित अधिकारियों ने समितियों एवं पी0सी0एफ0 भण्डारागार का निरीक्षण कर उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी की। जांच टीम ने कृषक राजीव चतुर्वेदी एवं धीरज कुमार शुक्ला से सम्पर्क कर स्थिति की जानकारी की। धीरज कुमार शुक्ला ने सिद्दीकी ट्रेडर्स गदनपुर के यहां से किसी भी प्रकार का उर्वरक न लेने की लिखित जानकारी दी। बताया कि आलू के बुवाई के समय उर्वरकों की अधिक खपत के कारण उपलब्धता की समस्या हो सकती है।

राजीव चतुर्वेदी ने लिखित रूप से अवगत कराया कि मैने सिद्दीकी ट्रेडर्स से उर्वरक न लेकर अपने पारिवारिक अरूण कुमार को भेजा था, जिनके द्वारा 02 बोरी यूरिया 270 रू0 प्रति बोरी एवं डी0ए0पी0 1350 रू0 प्रति बोरी की दर से 01 बोरी लिया। इनके साथ में अन्य किसी प्रकार का सामान/उर्वरक नहीं दिया गया था। अरूण कुमार ने भी इसकी लिखित पुष्टि जांच टीम के समक्ष की। जिला कृषि अधिकारी ने डीएम के निर्देश पर सिद्दीकी ट्रेडर्स गदनपुर कमालगंज के लाइसेन्स को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया, एवं कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। समुचित उत्तर प्राप्त न होने की दशा में इनका लाइसेन्स समाप्त/विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। विक्रेताओं के द्वारा यूरिया/डी0ए0पी0 बिक्री करते समय कृषकों को अन्य उत्पादों की टैगिंग कदापि न की जाये। उर्वरक बिक्री करते समय कृषकों से इन्तखाब/खसरा खतौनी/जोतवही एवं वोई गयी/वोई जाने वाली फसल की जानकारी के उपरान्त संस्तुत मात्रा में उर्वरक का विक्रय करें। यदि थोक विक्रेता द्वारा खुदरा विक्रेताओं को टैगिंग की जाती है, सम्बन्धित खुदरा विक्रेता तत्काल जिला कृषि अधिकारी के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करें। कृषकों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक की बिक्री करते हुए उनको पी0ओ0एस0 मशीन से रसीद निकालकर अनिवार्य रूप से दी जाये।

छापे/जांच के समय जिस विक्रेता के पास प्रमाणित रजिस्टरों पर प्राप्त/विक्रय की गयी उर्वरकों का अंकन नहीं पाया जायेगा, उर्वरक विक्रय की रसीद कृषकों को नहीं दी जाती है, तथा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिया जाता है एवं जबरिया टैगिंग की जाती है, तो सम्बन्धित कम्पनी/थोक/खुदरा विक्रेता के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। कृषक अपनी आवश्कतानुसार संस्तुत मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें, उर्वरक क्रय करते समय रसीद अवश्य प्राप्त करें।



जांच करते अधिकारीगण

# रोजगार मेले में 98 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। मेले में चार कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 150 रिक्तियों के सापेक्ष 138 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। रोजगार मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 138 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर 98 जॉब हेतु अभ्यार्थियों का चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिस के लिए 8 और जॉब ट्रेनी के लिए 90 चयनित हुए। मेले की व्यवस्था नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। उन्होंने कहा कि विभिन्न कम्पनियों द्वारा अभ्यार्थियों को रोजगार परक बनाया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरुप लोगों को जॉब के लिए चयनित किया जा रहा है। अभ्यार्थी मन लगाकर कार्य करें, जिससे वह अपने जनपद का नाम रोशन करें। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो व विद्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



रोजगार मेले में भाग लेते अभ्यार्थी

### लापरवाही में लोहिया पुरुष अस्पताल के सीएमएस हटे, बैठी जांच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डॉ0 राम मनोहर लोहिया पुरुष अस्पताल के सीएमएस डॉ0 अशोक प्रियदर्शी को लापरवाही के आरोप में पद से हटा दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। डॉ0 अशोक प्रियदर्शी पर अस्पताल में अव्यवस्थाओं को दुरुस्त न करने, गंदगी का निस्तारण न होने, अधीनस्थों पर शिथिल नियंत्रण, प्रशासनिक दक्षता शून्य, मरीजों के इलाज में लापरवाही, बाहर से दवा खरीदने और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने में भी प्रथम दृष्टया जांच में दोषी पाए गए हैं। इस कारण डॉ0 अशोक प्रियदर्शी को कन्नौज स्थानांतरित कर दिया गया है और डॉ0 जगमोहन शर्मा को डॉ0 राम मनोहर लोहिया पुरुष अस्पताल का नया सीएमएस बनाया गया है। आरोपों की जांच चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के निदेशक प्रशासन करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थी सारथीसेन शर्मा ने एक माह के अंदर जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के निर्देश जारी किया है।

# सपा व महिला सभा ने मतदाता सूची से नाम काटे जाने का किया विरोध

- सपा जिलाध्यक्ष बोले- मतदाता सूची की शुद्धता पर खड़े हो रहे सवाल
- महिला सभा जिलाध्यक्ष परवीन बानो ने कहा- नाम काटकर भाजपा लोकतंत्र का गला घोट रही



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी महिला सभा के प्रदेशव्यापी आह्वाहन पर समाजवादी महिला सभा की कार्यकत्रियों एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को कलेक्टेट्र में प्रदर्शन किया।

कहा कि मतदाता सूची से पिछड़ी जातियों यादव, मुस्लिम, मौर्या, प्रजापति आदि का नाम लोकसभा एवं विधानसभा में काटे जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 18000 लोगो का हलफ़नामा बनाकर चुनाव आयुक्त को सौपा था जिस पर कार्यवाही नही होने पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी एवं महिला सभा की जिलाध्यक्ष परवीन बानो के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को सौंपा। इस अवसर पर कहा गया कि समाजवादी पार्टी द्वारा शपथ पत्र सहित मतदाताओं के 18000 वोट काटे जाने की लिखित शिकायत शपथ पत्र देकर किया गया था परन्तु उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

कहा कि समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काटा जा रहा है जिससे मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल खड़े हो रहे है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरीन ने कहा चुनाव आयोग पूरी तरह से भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा की हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब देगी।

महिला सभा की जिलाध्यक्ष परवीन बानो ने कहा मतदाता सूची से पिछड़ी जातियों का नाम काटकर भाजपा लोकतंत्र का गला घोट रही है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, कीर्ति कोल, मुन्नी यादव, मनीषा सोनी, आदर्श यादव, वन्दना गुप्ता, सावित्री भारती, आराधना भारती, रीता गुप्ता, स्वाती मिश्रा, मेवालाल प्रजापति, संतोष गोयल, बलराम यादव, रमाकान्त यादव, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## एडीओ कृषि ने वितरित कराया खाद



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरीया ने गुरुवार को हलिया बाजार स्थित प्राइवेट दुकान एग्री जंक्शन व एग्रो क्रय विक्रय समिति पर किसानों को नियमानुसार यूरिया खाद का वितरण कराया है। खाद के लिए किसानों की भीड़ जुट गई किसान दुकान के सामने कतार में लगकर नियमानुसार यूरिया खाद प्राप्त किया है। एडीओ कृषि ने दोनों दुकानों से यूरिया 266.50 पैसे की दर से वितरण कराया है। दोनों दुकानों में चार सौ बोरी के स्टॉक के सापेक्ष लगभग दो सौ बोरी खाद का वितरण किया जा चुका है। इस संबंध में एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया ने बताया की हलिया बाजार स्थित प्राइवेट दुकान एग्री जंक्शन व एग्रो क्रय विक्रय समिति पर उपस्थित होकर दोनों दुकानों से किसानों को यूरिया खाद का वितरण 266.50 पैसे की दर से कराया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उत्तर प्रदेश विधान परिषद वाराणसी खंड स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के तैयारी के संबंध में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु अर्हता की तिथि 01 नवम्बर, 2025 होगी। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों का निर्धारण किया जाए तथा मतदाताओं को 16 किमी से अधिक दूरी न तय करनी पड़े और मतदेय स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं हों। स्नातक एवं शिक्षक दोनों निर्वाचन हेतु उनका मतदेय स्थल एक ही स्थान पर रहे। वाराणसी खण्ड निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल 07 दिसम्बर 2026 को समाप्त हो रहा है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि स्नातक/शिक्षक मतदेय स्थानों के संबंध में राजनैतिक दल आपत्ति/सुझाव उपलब्ध करा सकते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मड़िहान अविनाश कुमार, लालगंज महेन्द्र सिंह, चुनार राजेश वर्मा, भारतीय जनता पार्टी से हरिशंकर पटेल, रविशंकर पांडे महामंत्री, कॉंग्रेस पार्टी से छोटे खान, समाजवादी पार्टी से आदर्श यादव, आम आदमी पार्टी से सुनील पांडे और प्रोफेसर बी0 सिंह, बासपा से अब्दुल रहमान राईन, सीपीआईएम जिला सचिव अरविन्द कुमार सिंह सहित अन्य राजनैतिक दलो के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## युवक की डूबने से मौत

**ग्रामीणों द्वारा ठेकेदार के आदमियों द्वारा डुबो को मारे जाने का आरोप**

**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के इमलिया चट्टी स्थित जरगो बांध में आज सुबह मछली मारने गया प्रदीप पटेल पुत्र नखर निवासी इमलिया कला 32 वर्ष कटिया लगाकर जरगो बांध में मछली मार रहा था। तभी ग्रामीण को सूचना मिली कि प्रदीप पटेल डूब गया, ग्रामीणों को सूचना मिलते हैं। दौड़े भागे बांध के पास पहुंचे जहां प्रदीप पटेल डूब गया था कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि ठेकेदार के आदमियों ने डुबोकर मार दिया। मौके पहुंचे परिजन रोने बिलखने लगे। वही गुस्साए ग्रामीणों ने ठेकेदार व उनके आदमियों पर ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया। ग्रामीण द्वारा कार मोटरसाइकिल सहित अन्य सामग्री भी नष्ट कर दिया गया। सूचना में पहुंची पुलिस पर भी ग्रामीणों द्वारा पथराव कर दिया गया। वहीं सूचना पर अन्य थाने से भी फ़ोर्स पहुंची मड़िहान सीओ मौके पर पहुंचे स्थिति नाजुक बनी रही खबर लिखे जाने तक ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## फर्जी नियुक्ति पत्र बांटने वाला जालसाज गिरफ्तार



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नौकरी का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले आरोपी अजीत सिंह को पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) की टीम ने बीते बुधवार को आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अजीत सिंह मूल रूप से सेक्टर-18, द्वारका नई दिल्ली का निवासी है। इस पूरे मामले की शुरुआत दिसंबर 2024 में हुई थी। पनियरा थाना क्षेत्र के भवानीपुर कुमी टोला निवासी आनंद सिंह ने अजीत सिंह समेत चार अन्य लोगों के खिलाफ फर्जी नियुक्ति पत्र देने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने शुरुआती जांच की, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया। बाद में पीड़ित की शिकायत पर यह केस क्राइम ब्रांच को सौंपा गया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने पीड़ितों को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का भरोसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र बांटे थे। यही नहीं, उसने पीड़ित के खिलाफ कोलकाता के थाने में उल्टे मुकदमा दर्ज कराने की भी कोशिश की। क्राइम ब्रांच की टीम ने लगातार निगरानी करते हुए आरोपी को दबोच लिया। उसके पास से कई जाली दस्तावेज, सरकारी विभागों की नकली मुहरें और फर्जी नियुक्ति पत्र भी बरामद हुए। पनियरा थानाध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। अदालत के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक व अन्य व्यक्ति घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के देवघटा पाण्डेय गांव के राजकीय हाईस्कूल के पास गुरुवार की दोपहर ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर पर बैठा युवक घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के नीचे दबे दोनों लोगो को बाहर निकालकर दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए। जहां पर चिकित्सक द्वारा ट्रैक्टर चालक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के मवई खुर्द गांव के बंधैता गांव निवासी 60 वर्षीय सुरेंद्र बहादुर सिंह अपने ट्रैक्टर पर बैठकर अपने पुत्र 30 वर्षीय धीरज सिंह ट्रैक्टर चलाते हुए खेत की जुताई करने के लिए जा रहे थे की ट्रैक्टर जैसे ही देवघटा पाण्डेय गांव के राजकीय हाईस्कूल के पास पहुँचा की ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर पर बैठा व्यक्ति दोनों दब गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों को ट्रैक्टर के नीचे से निकालकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने ट्रैक्टर चालक का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ़र कर दिया। ट्रैक्टर चालक के परिजन एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए लेकर चले गए है।


समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी' की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. आनन्द उपाध्याय
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला अस्पताल, उरई

समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी' की हार्दिक शुभकामनाएं
अश्वनी गुबरेले
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खण्ड-जालौन, जनपद-जालौन

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
THAKUR MAHENDRA SINGH PUBLIC SCHOOL
English Medium School
(PG to 8th Std.)
SANJAY SINGH
MANAGER
Churkhi Road, Orai (Jalaun)

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
सेठ वीरेन्द्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गूढ़ा, उरगाँव रोड, जालौन
संचालित कोर्स- M.Sc., M.A., B.A., B.Sc. B.Com., B.Ed., BTC (D.EL.ED.), B.El.Ed.
डॉ0 नितिन मित्तल — अध्यक्ष
पुनीत मित्तल — प्रबंध निदेशक
दीपक कुमार मित्तल — प्रबंधक
कार्यालय : मित्तल कॉम्पलैक्स, बैठगंज, जालौन मो0 : 9415592331

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र सिंह राजावत — अध्यक्ष
संजय सिंह — सचिव
संकल्प : महिला उत्पीड़न रोकना व पिछड़ा एवं बीहड़ क्षेत्र का विकास करना
परमार्थ समाज सेवी संस्थान, उरई, जालौन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कंपोजिट विद्यालय अनावा
ब्लाक सिंधौली जिला शाहजहांपुर
पंकज कुमार पांडेय — इंचार्ज प्रधानाध्यापक
बृजेश कुमार मिश्र उर्फ भोले — डायरेक्टर डी.सी.बी सिंधौली
सज्जन कुमार — सहायक अध्यापक
समस्त स्टाफ

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार पाण्डेय
जिलाधिकारी, जालौन
जी.के. दत्ता
खनिज अधिकारी, जालौन

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविन्द त्रिवेदी
प्राचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज, उरई

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत भटनागर
प्रधानाध्यापक समस्त स्टाफ
कंपोजिट विद्यालय ग्राम कटौल ब्लाक सिंधौली-शाहजहांपुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय कुमार
अपर जिलाधिकारी, जालौन
सूर्य कुमार
सब रजिस्ट्रार, उरई

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वीर सिंह उर्फ दन्नू — ग्राम प्रधान
पंकज वाजपेयी — सचिव
ग्राम पंचायत उदारा नवादा ब्लाक सिंधौली-शाहजहांपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. सलीम खां — ग्राम प्रधान
शाहीन खान — सचिव
ग्राम पंचायत पसियाखेड़ा ब्लाक सिंधौली-शाहजहांपुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
बंशीधर महाविद्यालय
झांसी रोड, उरई
संचालित कोर्स-B.Ed., M.Ed., BP.Ed., B.El.Ed. & D.El.Ed.
सम्पर्क सूत्र- 9670855888

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं कुन्ती किसान सेवा केंद्र
अवधेश सिंह — एडवोकेट
प्रो. सीमा देवी
इंडियनऑयल
ग्राम बिलंदपुर गद्दीपुर ब्लाक सिंधौली-शाहजहांपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद महराजगंज, जनपद- महराजगंज
पत्रांक : 197 / न0पा0प0मह0 / 2025-26 दिनांक 14 अगस्त 2025
नगर पालिका परिषद महराजगंज
के समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
01. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में हरे कूड़ेदान में गीला कचरा व नीले कूड़ेदान में सूखा कचरा डालें।
02. वृक्षारोपण अभियान एक पेड मॉं के नाम में प्रतिभाग कर पर्यावरण को संरक्षण करनें मे सहयोग प्रदान करें।
03. गृहकर/जलकर/जलमूल्य के बकाया करों की अदायगी समय से करें।
04. शादी- विवाह या किसी भी शुभ अवसर पर मोबाइल शौचायल का प्रयोग करें।
05 नगर को कूड़ा मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें तथा प्रतिबन्धित पॉलीथिन का उपयोग न करें।
06 जन्म एवं मृत्यु की सूचना कार्यालय में 21 दिन के अन्दर दें।
07 कान्हा गौशाला मे रखे गये गौवंशो के लिए रोटी व चारा आदि को दान करें।
08 नगर पालिका की भुमि, नाला, नाली, पोखरियों पर तथा सड़क की पटरियों पर अतिकमण न करें।
09 नगर में वृक्षारोपण किये गये समस्त पौधो का संरक्षण करें।
सम्मानित सदस्यगण
01. श्री दीपक 02 श्रीमती सुराती देवी 03 श्री ब्रज किशोर सिंह 04 श्रीमती जनिता 05 श्री जितेन्द्र कुमार 06 श्री गोरखनाथ 07 श्री महेन्द्र गुप्ता 08 श्री राजेन्द्र गौतम 09 श्री ऋषिकेश 10 श्रीमती रोहिणी 11 श्री अजय कुमार गुप्ता 12 श्रीमती रीनू 13 श्रीमती दुर्गावती 14 श्री अमितेश कुमार गुप्त 15 श्री बृजेन्द पटेल 16 श्रीमती संगीता 17 श्री राहुल पाण्डेय 18 श्री सदरे आलम 19 श्री राणा पटेल 20 श्रीमती रहमतुन निशा 21 श्री लालजी गुप्ता 22 श्री सिद्धार्थ नाथ शुक्ल 23 श्री गोरख 24 श्रीमती प्रमिला 25 श्रीमती सावित्री
(डॉ0 पुष्पलता मंगल) अध्यक्ष न0पा0प0 महराजगंज
(प्रशान्त कुमार) अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) जनपद- महराजगंज
(संतोष कुमार शर्मा) जिलाधिकारी महराजगंज